

भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में स्थिरता लाने वाली शक्ति : सीतारमण
-12



भारत का डेयरी क्षेत्र पिछले ग्यारह साल में सत्तर प्रतिशत बढ़ा : अमित शाह
-12



संदिग्ध ड्रोन मंडराने के बाद म्यूनिख हवाई अड्डा अस्थाई रूप से बंद
-13



मीराबाई चानू ने विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता
-14


आज का मौसम
30.0° अधिकतम तापमान
23.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.02
सूर्यास्त 05.53

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

आश्विन शुक्ल पक्ष द्वादशी 05:09 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2082
शनिवार, 4 अक्टूबर 2025, वर्ष 4, अंक 52, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## न्यूज ब्रीफ

### एअर इंडिया 60 घरेलू उड़ानों को टी2 पर स्थानांतरित करेगी

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया 26 अक्टूबर से 60 दैनिक घरेलू उड़ानों को दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल 2 (टी2) पर स्थानांतरित करेगी और एअर इंडिया एक्सप्रेस अपनी सभी घरेलू सेवाओं को टी1 पर स्थानांतरित करेगी। एअर इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि अंतर्राष्ट्रीय यात्री क्षमता बढ़ाने के लिए चल रही गतिविधियों के कारण यह समायोजन आवश्यक हो गया है, जिसके परिणामस्वरूप टी3 पर घरेलू उड़ानों की क्षमता कम हो गई है। राष्ट्रीय राजधानी स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीआईए) देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा है और इसमें तीन टर्मिनल– टी1, टी2 और टी3 हैं। पुनर्निर्मित टी2 26 अक्टूबर को फिर से खुलने वाला है। एअर इंडिया दिल्ली से प्रतिदिन प्रस्थान करने वाली अपनी 180 घरेलू उड़ानों में से 60 को उन्नत टर्मिनल 2 पर स्थानांतरित करेगी।

### दृष्टि आईएएस पर पांच लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई)–2022 के नतीजों के संबंध में भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए दृष्टि आईएएस (वीडीके एडुवेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड) पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। दृष्टि आईएएस ने अपने विज्ञापन में सफल अभ्यर्थियों के नाम और तस्वीरों के साथ यूपीएससी की सीएसई–2022 में 216 से अधिक विद्यार्थियों के चयन का प्रमुखता से दावा किया था।

### वंदे भारत की चपेट में आने से चार की मौत

**पूर्णिया।** बिहार के पूर्णिया जिले में शुक्रवार तड़के पटरी पार करते समय वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। रेलवे के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पूर्णिया जंक्शन के स्टेशन प्रबंधक मुन्ना कुमार ने कहा कि यह हादसा सुबह करीब चार बजे कटिहार–जोगबनी रेलखंड पर हुआ। मुन्ना कुमार ने कहा, लोगों का एक समूह पटरियां पार करने की कोशिश कर रहा था। अंधेरा और आसमान में बादल छाए होने के कारण वे समय रहते तेज गति से आ रही ट्रेन के प्रति सतर्क नहीं हो सके। उन्होंने बताया कि एक मात्र जीवित बचे व्यक्ति को इलाज के लिए पूर्णिया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### डिजिटल रेडियो की शुरुआत को सिफारिश

**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने शुक्रवार को डिजिटल प्रसारण नीति पर सिफारिशें जारी कीं, जिसके तहत एनालॉग एफएम रेडियो चैनल अब उसी फ्रीक्वेंसी पर एक डिजिटल स्तर को जोड़ सकेंगे। 'निजी रेडियो प्रसारणकर्ताओं के लिए डिजिटल रेडियो प्रसारण नीति तैयार करने' संबंधी सिफारिशों में पूरे देश में एक ही प्रौद्योगिकी मानक और 13 शहरों में नयी फ्रीक्वेंसी की नीलामी की बात कही गई है। इस पहल को भारत के एफएम रेडियो के डिजिटल परिवर्तन की दिशा में पहला कदम माना जा रहा है।

# देश हित में सीमा पार कर जाएगा भारत

## रक्षा मंत्री राजनाथ ने पाकिस्तान को चेताया, कहा- भारत की एकता एवं अखंडता सर्वोपरि

**हैदराबाद, एजेंसी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 के बालाकोट हवाई हमले और हाल में किए गए ऑपरेशन सिंदूर के जरिए यह दिखा दिया है कि देश अपने नागरिकों की रक्षा और भारत की एकता एवं अखंडता की रक्षा के लिए आवश्यकता पड़ने पर किसी भी सीमा को पार कर सकता है।

सिंह ने जैन अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संगठन (जीतो) द्वारा यहां आयोजित जीतो कनेक्ट में कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले में निर्दोष लोगों को उनके धर्म के आधार पर मार दिया गया लेकिन भारत ने पाकिस्तान में आतंकवादियों के खिलाफ हमले करते समय किसी को धर्म के आधार पर निशाना नहीं बनाया। उन्होंने कहा, सरकार ने पहलगाम आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा देने के मकसद से आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया। हमने वहां किसी भी सैन्य या असैन्य प्रतिष्ठान पर हमला नहीं किया। अगर हम चाहते तो हम ऐसा पहले भी कर सकते थे लेकिन



- 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 में बालाकोट, अब ऑपरेशन सिंदूर के जरिए दिया मुंहतोड़ जवाब
- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संगठन द्वारा आयोजित जीतो कनेक्ट को रक्षा मंत्री ने किया संबोधित

हमने ऐसा नहीं किया। सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार सैन्य और आर्थिक शक्ति बढ़ाने पर जोर प्रभुत्व हासिल करने के लिए नहीं, बल्कि धर्म, आस्था एवं मानवीय मूल्यों में निहित उन आदर्शों की रक्षा के लिए दे रही है जो भगवान महावीर की शिक्षाओं में प्रतिबिम्बित होते हैं। उन्होंने कहा, जब भारत के गौरव और सम्मान की बात आती है तो हमने कभी समझौता नहीं किया। मंत्री ने रक्षा निर्यात को लेकर कहा कि जब 11 साल पहले राजग सरकार ने सत्ता संभाली थी तब देश का निर्यात लगभग 600 करोड़ रुपये था जो अब बढ़कर 24,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। उन्होंने अनुमान लगाया कि 2029 तक यह आंकड़ा 50,000 करोड़ रुपये को पार कर जाएगा। सिंह ने आत्मनिर्भरता की दिशा में देश के बढ़ते कदमों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विदेशों पर निर्भरता लगातार कम हो रही है।

### ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने 12 विमान खोए



**नई दिल्ली।** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय हमलों में एफ–16 जेट सहित कम से कम एक दर्जन पाकिस्तानी सैन्य विमान नष्ट हो गए या क्षतिग्रस्त हुए। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तान द्वारा भारत को नुकसान पहुंचाने के दावे को मनोहर कहानियां बताया। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि भारतीय कार्रवाई में पाकिस्तान में कई सैन्य ढांचों को भी नुकसान पहुंचा, जिनमें तीन स्थानों पर हैंगर, कम से कम चार स्थानों पर रडार, दो स्थानों पर कमान और नियंत्रण केंद्र और दो स्थानों पर रनवे शामिल हैं। वह वार्षिक वायुसेना दिवस से कुछ दिन पहले एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद विभिन्न आतंकवादी समूहों द्वारा अपने ठिकानों को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्थानांतरित करने की खबरों के बारे में उन्होंने कहा कि यह अपेक्षित था और भारतीय वायु सेना उनके ठिकानों पर सटीक निशाना लगाने के लिए अंदर तक जाकर हमला कर सकती है।

### सेना प्रमुख बोले- अगली बार संयम नहीं दिखाएगा भारत

**अनूपगढ़/जयपुर।** थलसेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए शुक्रवार को कहा कि अगर पड़ोसी देश विश्व के मानचित्र पर अपना स्थान बनाए रखना चाहता है तो उसे अपनी धरती से आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद कर देना चाहिए। साथ ही कहा कि नई दिल्ली ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो संयम दिखाया था, वह भविष्य में कोई सैन्य संघर्ष होने की स्थिति में दोहराया नहीं जाएगा और उन्होंने भारतीय सैनिकों से कार्रवाई के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। उन्होंने राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ में सैनिकों को संबोधित करते हुए कड़े शब्दों में कहा, भारत एक देश के तौर पर इस बार पूरी तरह तैयार है और वह ऑपरेशन सिंदूर 1.0 के दौरान दिखाए गए संयम का परिचय इस बार नहीं देगा। इस बार हम एक कदम आगे बढ़ेंगे और इस तरह से काम करेंगे कि पाकिस्तान यह सोचने पर मजबूर हो जाएगा कि वह दुनिया के नक्शे पर बना रहना चाहता है या नहीं। थलसेना प्रमुख ने सैनिकों से कहा कि अभी से पूरी तरह तैयार रहो, अगर ईश्वर ने चाहा तो जल्द ही मौका आएगा। जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया को पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों की मौजूदगी के सबूत दिए।



- उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को दी चेतावनी

# तनाव के बीच जुमे की नमाज सकुशल संपन्न अलर्ट पर रहे अफसर



बरेली में गश्त करते पुलिस प्रशासन के अधिकारी। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** हाल ही में हुए तनावपूर्ण हालात के बाद शहर में जुमे की नमाज पूरी तरह से शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। प्रशासन की ओर से एहतियातन सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम किए गए थे। मस्जिदों के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती रही, वहीं नमाज अदा होने के दौरान अधिकारियों ने खुद मौके पर मौजूद रहकर स्थिति का जायजा लिया। ड्रोन टीमें भी लगातार नमाजियों पर नजर रखे हुए थीं।

नमाज के बाद मस्जिदों के इमामों ने शहर में अमन-चैन और भाईचारे की दुआ की, जिसे नमाजियों ने बड़े सुकून के साथ सुना। शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदा होने के बाद अफसरों ने राहत की सांस ली। जुमे की नमाज को लेकर पुलिस और प्रशासनिक गुरुवार से ही बेहद सतर्क रहा। इंटरनेट की सेवाएं 48 घंटे के लिए निलंबित कराने के साथ ही संवेदनशील इलाकों कोहाड़ापीर, किला, सुभाषनगर, श्यामगंज, इज्जतनगर समेत अन्य स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। जुमे की नमाज सकुशल संपन्न कराने के लिए 9000 पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। सोशल मीडिया पर निगरानी को साइबर टीम को अलर्ट पर रखा गया था।

- इमामों ने शांति के लिए की खास दुआ, मस्जिदों के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल रहा तैनात

# मोदी बुद्धिमान, अमेरिका के दबाव के आगे नहीं झुकेगा भारत : पुतिन

**मॉस्को, एजेंसी**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत द्वारा भारी मात्रा में रूसी कच्चे तेल का आयात किए जाने के कारण पैदा हुए व्यापार असंतुलन को कम करने के लिए नई दिल्ली से अधिक कृषि उत्पाद और दवाइयां खरीदने सहित विभिन्न उपाय करने के आदेश दिए हैं। पुतिन ने गुरुवार को कहा कि वह दिसंबर की शुरुआत में होने वाली भारत की अपनी यात्रा और मेरे मित्र एवं हमारे विश्वसनीय साथी प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी से मुलाकात को लेकर उत्साहित हैं।

पुतिन दिसंबर की शुरुआत में एक वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए भारत की यात्रा करेंगे। उन्होंने भारत की राष्ट्रवादी सरकार की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री मोदी को एक संतुलित, बुद्धिमान और राष्ट्र हितैषी नेता बताया। पुतिन ने कहा कि वह उनके साथ भरोसेमंद बातचीत में सहज महसूस करते हैं। रूस के प्रमुख साझेदारों पर उच्च शुल्क और प्रतिबंध लगाने की अमेरिकी धमकी के बारे में सवाल किए जाने पर पुतिन ने कहा कि भारतीय लोग यह बर्दाश्त नहीं करेंगे कि उनके देश को उनके राष्ट्रीय हितों एवं प्राथमिकताओं के विपरीत कोई निर्णय लेने के लिए मजबूर किया जाए। उन्होंने कहा, (भारत) कभी किसी को स्वयं को अपमानित नहीं करने देगा। मैं प्रधानमंत्री मोदी को जानता हूं, वह भी ऐसा कोई निर्णय नहीं लेंगे। पुतिन ने दक्षिण रूस के सोची स्थित काला सागर रिसॉर्ट में भारत सहित 140 देशों के सुरक्षा एवं भू-राजनीतिक विशेषज्ञों के अंतर्राष्ट्रीय वल्दाई चर्चा मंच को गुरुवार शाम संबोधित करते हुए कहा, अमेरिका के दंडात्मक शुल्कों के कारण भारत को होने वाले नुकसान की भरपाई रूस से कच्चे तेल के आयात से हो जाएगी, साथ ही उसे एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठा भी मिलेगी।



- रूसी राष्ट्रपति ने व्यापार असंतुलन कम करने का दिया आदेश, कहा- भारतीय अपमान बर्दाश्त नहीं करते

### भारत से अधिक कृषि उत्पाद और दवाइयां खरीदेगा रूस

व्यापार असंतुलन को दूर करने के लिए रूस भारत से अधिक कृषि उत्पाद और दवाइयां खरीद सकता है। पुतिन ने कहा, भारत से अधिक कृषि उत्पाद खरीदे जा सकते हैं। औषधीय उत्पादों और फार्मास्यूटिकल्स के लिए हमारी ओर से कुछ कदम उठाए जा सकते हैं। उन्होंने रूस सरकार को निर्देश दिया है कि वह भारतीय मित्रों और समकक्षों को इस संबंध में प्रस्ताव देने पर विचार करे कि सहयोग के लिए सबसे आशाजनक क्षेत्र कौन से हैं तथा रूस किस प्रकार व्यापार और अन्य क्षेत्रों में असंतुलन को दूर कर सकता है।

# अनिल अंबानी को झटका कोर्ट ने खारिज की याचिका

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को भारतीय स्टेट बैंक के निर्णय को चुनौती देने वाली उद्योगपति अनिल अंबानी की याचिका को खारिज कर दिया। स्टेट बैंक ने उनके और रिलायंस कम्युनिकेशंस के खातों को धोखाधड़ी वाले खातों के रूप में वर्गीकृत किया है। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और नीला गोखले की पीठ ने कहा कि याचिका में कोई दम नहीं है।

एसबीआई ने पिछले साल इन खातों को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत किया था और आरोप लगाया था कि उसके द्वारा दिए गए ऋण की शर्तों का उल्लंघन करते हुए धन की हेराफेरी की गई है। अंबानी ने उच्च न्यायालय का रुख करते हुए तर्क दिया कि बैंक ने प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन नहीं किया है क्योंकि उसने उन्हें सुनवाई का अवसर नहीं दिया।

- बंबई उच्च न्यायालय ने कहा- याचिका में कोई दम नहीं

## मूर्ति विसर्जन



पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में दुर्गा पूजा उत्सव के अंत में देवी दुर्गा की मूर्ति का विसर्जन करते लोग। एजेंसी

# पीओके में निर्दोष प्रदर्शनकारियों पर बर्बरता बंद करे पाकिस्तान : भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में विरोध प्रदर्शन और पुलिस की कार्रवाई की भारत ने कड़ी आलोचना की है। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में हो रहे विरोध और अशांति, इस्लामाबाद द्वारा दशकों से किए जा रहे शोषण और दमन का नतीजा है। भारत ने दोहराया कि यह क्षेत्र उसका अभिन्न हिस्सा है।

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने प्रदर्शनकारियों पर हुई हिंसक कार्रवाई की निंदा की और पाकिस्तान को गंभीर मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए जवाबदेह ठहराने की मांग की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान के कब्ज़े वाले जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों से विरोध प्रदर्शनों की खबरें आई हैं, जहां पाकिस्तानी सेना ने निर्दोष नागरिकों पर बर्बर कार्रवाई की है। मंत्रालय का कहना है कि यह स्थिति पाकिस्तान के दमनकारी रवैये और पीओके से लगातार संसाधनों की लूट का स्वाभाविक नतीजा है।

- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा- पीओके भारत का अभिन्न अंग, पाक को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए

# सीबीआई ने 3.5 लाख की रिश्वत लेते अधिकारी पकड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सीबीआई ने रक्षा लेखा महानियंत्रक के एकीकृत आर्थिक सलाहकार (आईएफए) के एक अधिकारी को वायुसेना केंद्र पर सीसीटीवी लगाने के आपूर्ति आदेश को मंजूरी देने के लिए कथित तौर पर 3.5 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

सीसीटीवी कंपनी के मालिक ने सीबीआई से संपर्क कर दावा किया कि एकीकृत वित्तीय सलाहकार (आईएफए), रक्षा लेखा महानियंत्रक (सीजीडीए), गांधीनगर (गुजरात) के लेखा परीक्षक/कार्मिक अशोक कुमार जादव और वायुसेना के एक हवलदार ने 2.5 करोड़ के कुल अनुबंध आदेश को मंजूरी देने के लिए चार लाख, यानी करीब 2 प्रतिशत की रिश्वत मांगी थी। सीबीआई ने सत्यापन किया, लेकिन हवलदार ने फोन का जवाब नहीं दिया। व्यवसायी द्वारा प्रस्तुत रिकॉर्डिंग में उसकी भूमिका स्पष्ट थी। सीबीआई ने जाल बिछाकर जाधव को रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया।

# प्रदेश में 9 अक्टूबर तक गरज चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।**

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में आने वाले दिनों में जोरदार बारिश कर ही मॉनसून वापसी करेगा। मौसम विभाग की ओर से 9 अक्टूबर तक गरज चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इससे पहले शुक्रवार को पश्चिमी उप्र. में कुछ स्थानों पर और पूर्वी उप्र. में अनेक स्थान पर बारिश व गरज चमक के साथ बौछारें पड़ीं।

राज्य में 6 अक्टूबर तक पूर्वी यूपी में भारी बारिश और 6-7 अक्टूबर को पश्चिमी यूपी में भारी बारिश व ओलावृष्टि का अलर्ट है। 9 अक्टूबर से फिर मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। दरअसल, बंगाल की खाड़ी पर बने सिस्टम के प्रभाव से 5 अक्टूबर तक पूर्वी उत्तर प्रदेश में भारी से बहुत भारी वर्षा की संभावना है। पूर्वी उप्र. के कई जिलों को 5 अक्टूबर को ऑरेंज अलर्ट और 4 अक्टूबर को कुछ जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 6 अक्टूबर को पश्चिमी उप्र. में ओलावृष्टि, 6-7 अक्टूबर को कई जगहों पर भारी वर्षा होने का अनुमान है। अक्टूबर के पहले सप्ताह के बाद प्रदेश में बारिश की तीव्रता और क्षेत्रीय वितरण में कमी आ सकती है।



लखनऊ में बारिश से भीगते लोग।

- पूर्वी और पश्चिमी यूपी में पहला सप्ताह भारी बारिश व ओलावृष्टि के बीच गुजरेगा
- पश्चिमी व पूर्वी उप्र. में बिजली चमकने के साथ 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से झोंकेदार हवा चलने की आशंका

**जनसुनवाई** | मुख्यमंत्री योगी ने जनता दर्शन में 200 लोगों की समस्याएं सुनीं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

# नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाना सरकार का संकल्प

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचर :** शारदीय नवरात्र और विजयदशमी पर्व के धार्मिक कार्यक्रमों में व्यस्त रहने के बावजूद मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं। करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित किया व त्वरित, संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाना सरकार का संकल्प है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार करें और उसकी सहायता सुनिश्चित करें। जमीन-जायदाद से जुड़े विवादों में अवैध कब्जाधारियों पर कड़ी कार्रवाई करने और पारिवारिक विवादों का आपसी संवाद से समाधान कराने के निर्देश दिए। इलाज के लिए आर्थिक मदद मांगने वाले भी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार पूर्ण सहयोग करेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इलाज से जुड़े मामलों की प्रक्रिया तेजी से पूरी कर शासन को उपलब्ध कराई जाए। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को मुख्यमंत्री ने पढ़ाई के लिए प्रेरित किया और उन्हें चॉकलेट देकर आशीर्वाद दिया।



गोरखनाथ में जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी।

### आज भी मौजूद हैं रामायण व महाभारत के खल पात्र

मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाज को बांटने वाली, सुरक्षा पर खतरा पैदा करने वाली ताकतें हर कालखंड और परिस्थिति में विद्यमान रही हैं। सनातन की एकता के बल पर उनका संहार किया जाता रहा है। रामायण और महाभारत के खल पात्र आज भी बदले नामों और रूप में मौजूद होकर समाज को बांटने में लगे हैं। ऐसे लोगों से हर सनातन धर्मावलंबी को सतर्क रहना होगा। योगी विजयदशमी पर्व पर मानसरोवर रामलीला मैदान में श्री श्री रामलीला समिति, आर्यनगर की तरफ से आयोजित प्रभु श्रीराम के राजतिलक समारोह को संबोधित कर रहे थे। कहा कि भले ही नाम बदल गया होगा लेकिन रामायण और महाभारत काल के दुष्ट पात्र दूसरे रूप में आज भी मौजूद हैं। आज भी समाज शूर्पणखा, ताड़का, खर दूषण, मारीच और सुबाहु जैसे लोगों से त्रस्त है।

# पंचायत चुनाव में भी फंसेगा आरक्षण का पेंच

## निकाय चुनाव में फंसा था ओबीसी आरक्षण का मामला, फिर हाईकोर्ट पहुंची थी प्रदेश सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव की तरह पंचायत चुनाव में भी ओबीसी आरक्षण का पेंच फंस सकता है। पिछड़ा वर्ग के आरक्षण संबंधी संस्तुति के लिए समर्पित आयोग का गठन अभी तक न हो पाने के कारण पंचायत चुनाव टलने की स्थिति भी बन सकती है। दरअसल, अगले साल अप्रैल-मई में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराने से पहले ओबीसी आरक्षण फार्मूला जारी करना होगा। याद हो, निकाय चुनाव के समय भी यह आरक्षण वाला पेंच फंसा था, जिसपर सरकार को कोर्ट जाना पड़ा था।

गौरतलब है कि उप्र. विधानसभा चुनाव 2027 से पहले 2026 में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने हैं, लेकिन अभी तक पिछड़ा वर्ग के आरक्षण संबंधी संस्तुति के लिए समर्पित आयोग का गठन नहीं हो सका है। ऐसे में निर्धारित समय पर चुनाव न होने के आसार हैं। इस आयोग ने अगर भविष्य में अपनी सिफारिशें देने में छह महीने का समय लगाया तो उप्र. पंचायत चुनाव तय समय पर नहीं हो सकेंगे।

26 मई, 11 जुलाई और 19 जुलाई को ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों और जिला पंचायतों कार्यकाल खत्म हो रहा है। ऐसे में अगले साल अप्रैल-मई में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने हैं। उससे पहले नगर निकाय चुनाव की तरह ओबीसी आरक्षण के लिए इस चुनाव में भी फार्मूले को सार्वजनिक करना होगा और इसके लिए समर्पित अन्य पिछड़ा आयोग का गठन करना पड़ेगा। आयोग प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग की आर्थिक, शैक्षिक स्थिति के साथ-साथ राजनीतिक स्थिति पर अपनी रिपोर्ट यूपी सरकार को देगी, जिसमें यह बताया जाएगा कि उनको क्या वास्तव में आरक्षण की जरूरत है।

### विकास कार्यों में गड़बड़ी की शिकायतें तेज

हालांकि, ग्राम पंचायतों में प्रधानी के दावेदार अपनी तैयारी में जुट गए हैं। गांव-गांव में वो अपने वोटरों को लुभाने में अभी से जुटे हुए हैं। इसी बीच पंचायत चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे गांवों की शिकायतों ने शहर की ओर रुख करना शुरू कर दिया है। बीडीओ से लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों के पास गांवों के विकास कार्यों में गड़बड़ी की शिकायतें हो रहीं हैं। पंचायत चुनाव के संभावित प्रत्याशी मौजूदा ग्राम प्रधान पर तमाम आरोप लगा रहे हैं। दर्जनों शिकायतें राजधानी में बैठे अफसरों तक पहुंच रही हैं।

### क्या हुआ था निकाय चुनाव में

उत्तर प्रदेश की 760 नगर निकायों में नगर निगम के मेयर, नगर पालिका-नगर पंचायत के अध्यक्ष और पार्षद के लिए पिछले साल दिसंबर में ही चुनाव कराए जाने की तैयारी थी। राज्य सरकार ने निकाय चुनाव के लिए सीटों का आरक्षण भी जारी कर दिया था, लेकिन आरक्षण को लेकर मामला हाईकोर्ट में चला गया था। बाद में सरकार ने रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय ओबीसी आयोग का गठन किया था, जिसने अपनी सर्वे रिपोर्ट सरकार को सौंपी और कोर्ट ने भी स्वीकार कर लिया। इसी के बाद चुनाव आयोग ने निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी थी।

# 1000 एकड़ भूमि पर विकसित किया जा रहा पीएम मित्र पार्क



लोकभवन में समीक्षा बैठक करते मुख्य सचिव एसपी गोयल।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 730 एकड़ लखनऊ और 270 एकड़ हरदोई में एरिया शामिल
- 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश
- एक लाख से अधिक लोगों को रोजगार संभव

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री मित्र मेगा टेक्सटाइल और परिधान पार्क (पीएम मित्र पार्क) उत्तर प्रदेश में 1000 एकड़ भूमि पर विकसित किया जा रहा है। इसमें 730 एकड़ लखनऊ और 270 एकड़ हरदोई शामिल हैं। पार्क के पूरा होने पर 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित होने की संभावना है, जिससे 1 लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। पार्क के संचालन एवं प्रबंधन के लिए 'पीएम मित्र पार्क उत्तर प्रदेश लि. नाम से एसपीवी का गठन किया गया है, जिसमें 51 प्रतिशत हिस्सेदारी उत्तर प्रदेश सरकार की तथा 49 प्रतिशत भारत सरकार की होगी।

मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में शुक्रवार को लोकभवन में योजना की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में योजना की प्रगति पर चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना के विभिन्न चरणों को तीव्र गति दी जाए। उन्होंने कहा कि पीएम मित्र पार्क उत्तर प्रदेश की आर्थिक विकास यात्रा में एक मील का पत्थर साबित होगा, जो न केवल स्थानीय रोजगार सृजन को बढ़ावा देगा, बल्कि देश के वस्त्र निर्यात को भी मजबूती देगा।

### 5,120 करोड़ के मिले निवेश प्रस्ताव

- प्रदेश सरकार के हथकरघा एवं वस्त्र विभाग को पीएम मित्र पार्क, लखनऊ में निवेशकों की ओर से कुल 5,120 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। इस परियोजना के अंतर्गत 95 औद्योगिक इकाइयों ने समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं तथा कुल भूमि की मांग 567 एकड़ तक पहुंच गई है।

# अस्पतालों में सेवाओं की हो नियमित निगरानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सरकारी अस्पतालों, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं की उपलब्धता, डॉक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति, साफ-सफाई और आपातकालीन सेवाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उपमुख्यमंत्री विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए तथा टेली-मेडिसिन, ई-हॉस्पिटल सेवाओं और डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड्स को सुदृढ़ किया जाए ताकि दूरदराज़ के क्षेत्रों में भी गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं पहुंच सकें।

### राष्ट्रपिता की याद में...



गांधी जयंती पर लखनऊ स्थित गांधी आश्रम खादी ग्रामोद्योग भवन परिसर में चरखा चलाते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

# एनसीआरबी रिपोर्ट पर भाजपा ने डाला पर्दा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि झूठे आंकड़े बनाने और अपने काले कारनामों पर पर्दा डालने में भाजपा का कोई जवाब नहीं। अभी राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने अपराध के जो आंकड़े दर्ज किए हैं, उसमें उत्तर प्रदेश हत्या, अपहरण, महिला अपराध में नंबर वन है। दलितों के प्रति अपराध में प्रदेश नंबर एक पर है। लेकिन भाजपा ने सच्चाई पर पर्दा डालने के लिए आंकड़ों की बाजीगरी दिखा दी। बीते 2012 और 2017 तक पांच-पांच वर्ष के आंकड़ों की समीक्षा करते हुए प्रदेश में अमन शांति होने का ढिंढोरा पीटा है।



सपा प्रमुख ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि एनसीआरबी के आंकड़े बताते हैं कि महिला अपराध दर मामलों में सबसे ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश में दर्ज हुए हैं। वर्ष 2023 में प्रदेश में 223 बच्चों की हत्या, 19 की बलात्कार के बाद हत्या, 8160 बच्चों का अपहरण हुआ। साथ ही दहेज हत्या के 2141 मामले, महिलाओं के अपहरण और बंधक बनाने के 15074 मामले सामने आए।

### बरेली जाएगा सपा का प्रतिनिधिमंडल

**अमृत विचार :** बरेली में 26 सितंबर 2025 को घटित अप्रिय घटना को लेकर सपा के लोग जिला प्रशासन को ज्ञापन देंगे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने निर्देश पर नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय के नेतृत्व में 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 4 अक्टूबर दिन शनिवार को बरेली पहुंचेगा, जहां पुलिस की पिटाई, सीज हो चुके चार बारात घर, ढहाए गए मकानों एवं दुकानों को बुलडोजर द्वारा ढहा दिया गया है। पुलिस द्वारा तीन लोगों का हाफ एनकाउंटर कर दिया गया है। सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवारों से मिलेगा, उनकी समस्याओं के निदान के लिए बरेली डीआईजी और कमिश्नर से मिलकर, उनकी समस्याओं के निदान की मांग करेगा। प्रतिनिधिमंडल में सांसद हरेन्द्र मलिक, इकरा हसन समेत पांच सांसद व दो पूर्व सांसद आदि शामिल रहेंगे।

# विद्यालयों में मिलेगा कौशल प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रोजेक्ट प्रवीण के अंतर्गत पूरे प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कौशल प्रशिक्षण शुरू कराया जाएगा। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने इसके लिए प्रशिक्षण प्रदाताओं को लक्ष्य आवंटित किए हैं। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने शुक्रवार को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्रदाता नियमानुसार प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करें और 20 अक्टूबर 2025 तक प्रशिक्षण बैच प्रारंभ करें।

# प्रशिक्षित होंगे आईएएस अफसर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 27 अक्टूबर से 8 नवंबर तक होगा नई दिल्ली के राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय में तीसरा 'इन-स्टेप'
- डिफेंस कॉरिडोर, औद्योगिक विकास व विकसित यूपी की योजना में मिलेगी मदद

**अमृत विचार :** देशभर के वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों को अंतरराष्ट्रीय और रणनीतिक सोच से प्रशिक्षित करने के लिए भारत सरकार का कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग तीसरा इंटरनेशनल स्ट्रेटेजिक एंगेजमेंट प्रोग्राम आयोजित कर रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 27 अक्टूबर से 8 नवम्बर 2025 तक राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय, नई दिल्ली में होगा। इसे लेकर कार्मिक विभाग के प्रमुख सचिव एम देवराज ने यूपी से प्रशिक्षण के लिए शीर्ष अधिकारियों के नामों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया शुरू की है। प्रदेश से दो से तीन वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के नाम केंद्र को भेजे जाएंगे।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों को वैश्विक सुरक्षा, कूटनीतिक नीतियों और रणनीतिक नीति-निर्माण की गहरी समझ प्रदान करना है। योगी आदित्यनाथ सरकार ने 'विकसित यूपी @2047' के विज़न को लेकर जिन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया है, उनमें डिफेंस कॉरिडोर, औद्योगिक निवेश, आपदा प्रबंधन और अंतरराष्ट्रीय सहयोग प्रमुख हैं। ऐसे में यूपी कैडर के अधिकारी इस प्रशिक्षण से सीधे लाभान्वित होंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि यह अनुभव राज्य की योजनाओं में वैश्विक दृष्टिकोण जोड़कर नीतियों को और अधिक प्रभावी बनाएगा।

### रणनीतिक सोच से विकास को गति

यूपी में तेजी से बढ़ते विदेशी निवेश और औद्योगिक परियोजनाओं की सफलता के लिए प्रशिक्षित अधिकारी नई नीतियों में रणनीतिक सोच और अंतरराष्ट्रीय सहयोग का समावेश करेंगे। साथ ही, डिफेंस कॉरिडोर जैसी महत्वाकांक्षी परियोजना को नई ऊर्जा मिलेगी।

# देवीपाटन मंडल में महिलाओं की होगी विशेष जनसुनवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद से बेटियों के सर्वांगीण विकास की अनूठी पहल

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत देवीपाटन मंडल में महिलाओं और बेटियों के सर्वांगीण विकास के लिए अनूठी पहल मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद शुरू की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में मंडल मुख्यालय पर हर सोमवार दोपहर 12 से 2 बजे तक महिलाओं और बेटियों की विशेष जनसुनवाई होगी।

इस कार्यक्रम को तीन हिस्सों में बांटा गया है- जनसुनवाई, सम्मान और सशक्तिकरण। महिला अधिकारी और कर्मचारी प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का निस्तारण करेंगी। इसके साथ ही महिला हेल्प डेस्क भी बनाई गई है, जहां मोबाइल कॉल और व्हाट्सएप के जरिये शिकायतें दर्ज होंगी। कार्यक्रम का दूसरा हिस्सा सम्मान है, जिसमें विकसित उत्तर प्रदेश-2047 अभियान में सर्वश्रेष्ठ फीडबैक देने वाली महिलाओं और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बेटियों को मंडल स्तर पर सम्मानित कर ब्रांड एंबेसडर बनाया जाएगा। तीसरे हिस्से सशक्तिकरण में इन महिलाओं को कौशल विकास, स्वयं सहायता समूह और विभिन्न योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत रामनवमी पर हुई। देवीपाटन मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने कहा कि यह पहल महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर उनके सपनों को पंख देने का माध्यम बनेगी।

# 'संगठन गढ़े चलो सुपंथ पर बढ़े चलो' के साथ की कदमताल

## शताब्दी वर्ष के उद्घाटन अवसर पर लखनऊ समेत प्रदेशभर में स्वयंसेवकों ने निकाला पथ संचलन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में लखनऊ विभाग में 72 स्थानों पर संघ के गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने पथ संचलन किया। शताब्दी वर्ष के प्रथम कार्यक्रम विजयादशमी के दिन पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवकों में काफी उत्साह देखने को मिला। संचलन गीत 'संगठन गढ़े चलो सुपंथ पर बढ़े चलो, भला हो जिसमें देश का वह काम सब किये चलो' की पंक्तियां दोहराते हुए स्वयंसेवकों ने संचलन पूरा किया। कई बस्तियों में घोष दल के साथ स्वयंसेवकों ने पथ संचलन निकाला। स्थानीय नागरिकों ने संचलन में शामिल स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।



संघ शताब्दी वर्ष के प्रारंभ होने की पूर्व संध्या पर कार्यकर्ताओं के साथ शोभायात्रा में शामिल सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले।

इस दौरान राष्ट्रीय पर्व एवं उत्सव समिति के कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले का भी सानिध्य मिला। उन्होंने पूर्व संध्या पर आयोजित संघ प्रदर्शनी का उद्घाटन और अवलोकन भी किया। इस अवसर पर मां भारती के उद्घोष के साथ ही सभी कार्यकर्ताओं ने होसबाले की मौजूदगी में जय श्रीराम विजयदशमी शोभायात्रा को सफल करने का प्रण भी लिया।

वहीं, राजधानी की आनंद नगर की पटेल बस्ती के पथ संचलन में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और प्रांत के विशेष संपर्क प्रमुख प्रशांत भाटिया पथ संचलन में शामिल हुए। लक्ष्मण नगर में भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री घनश्याम शाही और विश्वेश्वर बस्ती में पूर्व मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह ने स्वयंसेवकों के साथ पथ संचलन किया।

## न्यूज ब्रीफ

### दुर्वासा आश्रम के लिए एक करोड़ स्वीकृत

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने आजमगढ़ स्थित दुर्वासा ऋषि आश्रम के पर्यटन विकास को स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री पर्यटन स्थल विकास योजना अंतर्गत इसके लिए लगभग एक करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने जारी बयान में बताया कि दुर्वासा ऋषि आश्रम के आसपास पर्यटक सुविधाओं के विकास से आगंतुकों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। पर्यटकों के लिए न केवल आस्थामय वातावरण तैयार होगा, बल्कि पूर्वांचल क्षेत्र में पर्यटन को भी नया आयाम मिलेगा। उन्होंने बताया कि यह आश्रम मुख्यालय से 40 किमी दूर तमसा एवं मंजूषा नदी के संगम पर स्थित है। महर्षि दुर्वासा 12 वर्ष की आयु में चित्रकूट से आकर यहां कई वर्षों तक साधना की।

### एएसजीआई प्रॉपर्टीज पर एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने प्रमोटर एएसजीआई प्रॉपर्टीज प्रा. लि. के खिलाफ गंभीर धोखाधड़ी और फर्जीवाड़े के मामले में ग्रेटर नोएडा पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में एफआईआर दर्ज कराई है। कार्रवाई रेरा मुख्यालय लखनऊ से प्राप्त अनुमोदन के आधार पर की गई है। प्राधिकरण को शिकायत मिली की संबंधित प्रमोटर ने अपनी परियोजना एप्पल टावर एस-2ए और एस-2बी से जुड़े आवंटियों और वित्तीय बैंकिंग संस्थानों को गुमराह करने के लिए एक कथित फर्जी आदेश प्रस्तुत किया है। यह आदेश 3 मार्च 2025 दर्शाते हुए बैंकों को दिया गया था, ताकि अवैध रूप से ऋण प्राप्त किया जा सके। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आदेश रेरा द्वारा जारी नहीं किया गया था। प्रमोटर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज पूरी तरह कूटरचित और अवैध पाए गए। प्राधिकरण की ओर से मुकदमा अवर अभियंता रमेश कुमार पांडेय ने दर्ज कराया है।

### बालिकाओं के लिए ड्राइविंग माय ड्रीम्स शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मिशन शक्ति 5.0 के तहत शुक्रवार को प्रदेश भर में अंतरराष्ट्रीय बालिका सप्ताह की शुरुआत 'ड्राइविंग माय ड्रीम्स' कार्यक्रम से हुई। महिला एवं बाल विकास विभाग की इस अभिनव पहल ने नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को नया आयाम दिया। पहले दिन ही 3 हजार से अधिक बालिकाओं ने पंजीकरण कराया, जबकि लक्ष्य 7,500 बालिकाओं को निशुल्क ड्राइविंग प्रशिक्षण देने का है। यह पहल केवल वाहन चलाना सिखाने तक सीमित नहीं, बल्कि बेटियों को आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास देने का मंच है। हर जिले से 100 बालिकाओं का चयन कर उन्हें सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक संकेत, आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने और महिला सुरक्षा से जुड़े विषयों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### 21.5 लाख से अधिक मिले सुझाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश को वर्ष 2047 तक विकसित राज्य बनाने के लक्ष्य के साथ चलाए जा रहे समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान को जनता का व्यापक सहयोग मिल रहा है। अब तक इस अभियान को 21.5 लाख से अधिक सुझाव प्राप्त हो चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा 16.5 लाख सुझाव ग्रामीण क्षेत्रों से और लगभग 5 लाख सुझाव शहरी क्षेत्रों से आए हैं। 10 लाख से ज्यादा युवाओं ने दिया अपना सुझाव दिया है। जिलों में नोडल अधिकारियों एवं प्रबुद्धजनों ने भ्रमण कर छात्रों, शिक्षकों, व्यवसायियों, उद्यमियों, कृषकों, स्वयंसेवी संगठनों, श्रमिक संघों, मीडिया और आम जनता से संवाद स्थापित किया है।

रणनीति | भाजपा ने मैदान में उतारी यूपी के दिग्गज नेताओं की फौज

# योगी फैक्टर से बदलेगा बिहार का चुनावी माहौल

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। उत्तर प्रदेश के मंत्रियों, सांसदों और संगठन के दिग्गज नेताओं की तैनाती के बाद अब भाजपा का सबसे बड़ा दांव है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चुनावी रैलियां। पार्टी को पूरा भरोसा है कि योगी के करिश्माई व्यक्तित्व, उनकी आक्रामक शैली और जनता से सीधे जुड़ाव का असर बिहार की सियासत में गहरा पड़ेगा। विपक्ष की जातीय गोलबंदी पर योगी का हिंदुत्व और विकास का संतुलित संदेश भारी पड़ेगा।



भाजपा के रणनीतिकार मानते हैं कि जिस तरह उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ कानून-व्यवस्था, हिंदुत्व और विकास के मुद्दों पर चुनावी हवा बदलने में माहिर साबित हुए हैं, वही जादू अब बिहार में भी देखने को मिलेगा। योगी की रैलियां युवाओं और पहली बार वोट देने वाली पीढ़ी को विशेष रूप से आकर्षित करती हैं। पार्टी की योजना है कि योगी की सभाओं को बिहार के हर बड़े इलाके में इस तरह फैलाया जाए कि उनका प्रभाव कई विधानसभा सीटों तक पहुंचे। हाल ही में योगी का आई लव मोहम्मद और गजवा-ए-हिंद के खिलाफ आक्रामक रूख बिहार की राजनीति में हिंदू मतों के ध्रुवीकरण का संदेश भी है। भाजपा मानती है कि योगी की सभाएं न केवल हिंदुत्व वोट बैंक को संगठित करेंगी, बल्कि कानून-व्यवस्था और विकास जैसे मुद्दों को केंद्र में रखकर पार्टी के पक्ष में माहौल बनाएंगी। बिहार में पहली बार वोट देने वाली नई पीढ़ी, छात्र और महिलाएं योगी के संदेशों से खासा प्रभावित हो सकती हैं।

**भाजपा की रणनीति :** भाजपा का मकसद साफ है कि स्थानीय समीकरणों को साधने के साथ योगी फैक्टर का लाभ उठाना। यूपी के नेताओं की आक्रामक शैली और जमीनी जुड़ाव के साथ जब योगी आदित्यनाथ की रैलियां जुड़ेंगी तो पार्टी को उम्मीद है कि विपक्ष की रणनीति ध्वस्त हो जाएगी। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता के अनुसार, बिहार की जनता योगी को सिर्फ के तौर पर नहीं देखती, बल्कि एक ऐसे नेता के रूप में देखती है, जो राष्ट्रवाद और विकास दोनों का प्रतीक हैं।

### इन नेताओं को मिली जिम्मेदारी

भाजपा ने बिहार चुनाव में यूपी के नेताओं की पूरी फौज उतारी है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को सह प्रभारी बनाया गया है। स्वतंत्र देव सिंह को आरा, महेंद्र सिंह को मिथिला-तिरहुत, सतीश गौतम (सांसद) को बक्सर, मोहित बेनीवाल (एमएलसी) को किशनगंज का जिम्मा मिला है। दयाशंकर सिंह को प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान के साथ 48 सीटों का समन्वय सौंपा गया है। इसके अलावा महेश शर्मा, भोला सिंह, राजकुमार चाहर, राघव लखनपाल, सुब्रत पाठक जैसे दिग्गज सांसद बिहार में प्रचार करेंगे।

# युवाओं को कर्ज देने में जौनपुर अव्वल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में आजमगढ़ को दूसरा व कौशांबी को तीसरा स्थान

**अमृत विचार :** युवाओं को आत्मनिर्भर और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए शुरू किया गया मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान पूरब के युवाओं की किस्मत बदल रहा है। आवेदन और लोन लेकर कारोबार शुरू करने में जौनपुर अव्वल आया है, जबकि आजमगढ़ को दूसरा व कौशांबी को तीसरा स्थान मिला है।

वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 के पहले 6 माह में 2.55 लाख से अधिक युवाओं ने आवेदन किया है। इनमें से 2.08 लाख आवेदनों को बैंकों को भेजा गया, जिनमें से 64,673 को स्वीकृति मिली और अब तक 63,009 युवाओं को स्वरोजगार के लिए लोन वितरित किया जा चुका है। योगी सरकार ने इस वित्तीय वर्ष में 1.5 लाख युवाओं को लोन देने का लक्ष्य रखा है, लेकिन आधे साल में ही रिकॉर्ड आवेदन इसका संकेत हैं कि योजना युवाओं को तेजी से आकर्षित कर रही है। जौनपुर में 2,003 युवाओं को लोन वितरित किया गया है।

जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह के अनुसार, विशेष अभियान चलाकर युवाओं को बैंकर्स से जोड़ा जा रहा है। आजमगढ़ लगातार दूसरे स्थान पर है। यहां जिला प्रशासन ने ब्लॉक स्तर पर वर्कशॉप और बैंक-आवेदक काउंसिलिंग के जरिये युवाओं को योजना का लाभ दिलाया। जिले को 2,250 का लक्ष्य मिला था, जिसके सापेक्ष 6 माह में 5,112 आवेदन आए और 1,859 युवाओं को लोन वितरित हुआ। कौशांबी तीसरे स्थान पर है, जहां 6,984 आवेदन में से 1,185 युवाओं को लोन दिया जा चुका है। इसके अलावा अंबेडकरनगर, झांसी, सिद्धार्थनगर, हरदोई और रायबरेली का प्रदर्शन भी शानदार रहा है। प्रदेश सरकार का यह अभियान प्रदेश के युवाओं को केवल रोजगार उपलब्ध नहीं करा रहा, बल्कि उन्हें मजबूत उद्यमी बनने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित कर रहा है।

न्यूज ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**सोहावल, अयोध्या :** रौनाही थाना क्षेत्र के खिरौनी नगर पंचायत स्थित ब्रह्मबाबा स्थान के पास खिरौनी गांव निवासी गुड़िया (38) पत्नी ललित कुमार को अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। घायल महिला को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। चौकी प्रभारी सुचित्तागंज चंद्रहास मिश्रा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। परिवार के लोगों की तहरीर पर अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ केस दर्ज उसकी तलाश की जा रही है।

### संचारी रोग नियंत्रण को लेकर बैठक 4 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** माह अक्टूबर में प्रस्तावित संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत द्वितीय जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक चार अक्टूबर को विकास भवन सभागार में बुलाई गई है। बैठक मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह लेंगे। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसके बालियान ने दी।

### नदी में डूबने से किशोर की गयी जान

**बीकापुर, अयोध्या :** बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के साल्हीपुर गांव में विसुही नदी के पुल से मूर्ति विसर्जन के दौरान तीन किशोर नदी में कूद गए। जिनमें दो सकुशल बाहर निकल आए, जबकि एक लापता हो गया। स्थानीय गोताखोरों ने उसका शव नदी से बरामद किया। मृतक की पहचान संदीप राय (17) पुत्र अमरजीत निवासी साल्हीपुर के रूप में हुई।

### सीनियर टेबल टेनिस ट्रायल आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** क्षेत्रीय खेल कार्यालय के तत्वावधान में डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में सीनियर पुरुष व महिला टेबल टेनिस का चयन ट्रायल होगा। आरएसओ अनिमेष सक्सेना ने बताया कि जिला स्तरीय ट्रायल सुबह नौ बजे व मंडलीय ट्रायल दोपहर 12 बजे से होगा। चयनित मंडलीय टीम आगरा में आठ अक्टूबर से आयोजित होने वाली पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रदेशीय सीनियर महिला व पुरुष टेबल टेनिस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।

### कर्मचारी से मारपीट में दो लोगों पर केस दर्ज

**पूराबाजार, अमृत विचार :** मड़ना मरी का चौरा में तार को ठीक कर रहे पॉवर कॉर्पोरेशन के संविदा कर्मचारी रहेरवा नारा निवासी पवन सिंह से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। थानाध्यक्ष महाराजगंज राजेश सिंह ने बताया कि करन यादव व जितेन्द्र यादव पर केस दर्ज कर हुआ है।

# भाजपा नेता व पूर्व पार्षद, अधिवक्ता को मारी गोली, हालत गंभीर, रेफर

## मौके पर समर्थकों ने आरोपी को पकड़कर जमकर पीटा, किया पुलिस के हवाले

- अयोध्या कोतवाली के चौकी रायगंज अंतर्गत रामघाट चौराहे पर आपसी दुश्मनी में दिया वारदात को अंजाम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** गोलियों की तड़तड़ाहट से विसर्जन यात्रा में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक ने भाजपा नेता, पूर्व पार्षद व अधिवक्ता आलोक सिंह पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी के एक हाथ में पिस्टल व दूसरे में तमंचा था, उसने करीब आठ राउंड गोली चलाई। इसमें एक गोली उसकी पीठ में व दूसरी गर्दन को छूती हुई निकल गई। हमले में भाजपा नेता गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। वहीं, मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया व जमकर पीटने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी को भी गंभीर अवस्था में मेडिकल कॉलेज दर्शननगर में भर्ती कराया गया है। वारदात गुरुवार रात करीब आठ बजे की है। अयोध्या कोतवाली के रायगंज चौकी क्षेत्र रामघाट पर स्थापित मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा निकली थी। रामघाट चौराहे पर यात्रा पहुंची ही थी कि इस दौरान लवकुश नगर कोतवाली अयोध्या निवासी मोहित पांडेय दोनों हाथ में असलहा लेकर आया व पहले हवा में फायरिंग की। इसके बाद उसने भाजपा नेता आलोक सिंह के ऊपर असलहा ताना तो वह पीछे भागने लगा। इस पर उसने दो गोली चलाई, जिसमें एक गोली आलोक की पीठ में लगी। दूसरी गोली उसकी गर्दन को छूकर निकल गई। वह गंभीर रूप से घायल होकर वहीं गिर पड़ा। पुलिस उसे श्रीराम अस्पताल ले गई, जहां से उसे गंभीर हालत में राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज और फिर वहां से लखनऊ रेफर कर दिया गया। परिवार के लोगों ने उसे लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।


आलोक सिंह।



श्रीराम अस्पताल के सामने मौजूद पुलिस बल। अमृत विचार

### आपसी विवाद बनी जानलेवा हमले की वजह

भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे नेता रहे स्व. हरिशंकर सिंह का छोटा पुत्र आलोक सिंह प्रॉपर्टी डीलिंग का भी काम करता है। जानकारी के अनुसार आरोपी मोहित के बड़े भाई धीरज पांडेय व आलोक के बीच कुछ माह पहले गहरी दोस्ती थी। करीब छह माह पहले दोनों में किसी बात को लेकर कहासुनी व मारपीट भी हुई थी। इसके बाद से आरोपी चौक चौराहों पर उसके खिलाफ बुरा भला कहता था। करीब तीन माह पूर्व आरोपी की भी पिटाई की गई थी। इसके बाद से आरोपी बदला लेने के फिराक में था। स्थानीय लोग बताते हैं कि वह काफी दिनों से अवैध असलहा लेकर घूम रहा था। आरोपी के पिता मधुसूदन पांडेय सीआरपीएफ के निलंबित जवान बताए जाते हैं। उनके पांच पुत्र हैं, जिनमें दो सेना में हैं।

> पुलिस ने गुरुवार रात करीब आठ बजे सूचना मिलने के बाद गोली लगने से गंभीर घायल आलोक को अस्पताल पहुंचाया।जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए लखनऊ भेज दिया गया है। पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं। कुछ प्रत्यक्षदर्शी लोगों से बयान भी लिया गया है। आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस सुरक्षा के बीच मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। अभी तहरीर नहीं मिली है, मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।
>
> –चक्रपाधि त्रिपाठी, एसपी सिटी

**पुलिस के सामने ही आरोपी को पीटते रहे समर्थकः** मौके पर मौजूद भाजपा नेता के समर्थक व विसर्जन यात्रा में शामिल लोगों ने आरोपी मोहित को पकड़कर उसको बुरी तरह से पीटा। उनमें इतना आक्रोश था कि पुलिस के सामने उसे पीटते रहे। वहां मौजूद एक दारोगा व सिपाही बेबस नजर आ रहे थे। लोगों ने आरोपी के कपड़े फाड़ दिए व उसे बुरी तरह से लहूलुहान कर दिया। लोग मरणासन्न पड़े आरोपी के ऊपर उसकी पिस्टल व तमंचे रखकर फोटो व वीडियो बनाते रहे। बाद में अतिरिक्त पुलिस बल आने पर हालत को काबू में कर पुलिस उसे अस्पताल ले गई। उसका दर्शननगर मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है।

# साथी पर हुए हमले से अधिवक्ता नाराज

अयोध्या कार्यालय

- कोतवाल का निलंबन करने की मांग, आज राम पथ जाम करने व सोमवार को कोतवाली अयोध्या का घेराव करने का ऐलान

**अमृत विचार :** साथी अधिवक्ता पर हुये जानलेवा हमले से नाराज अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को बार सभागार में बैठक कर अयोध्या कोतवाल के निलंबन की मांग की। साथ ही शनिवार को रामपथ पर जाम लगाकर विरोध-प्रदर्शन करने का ऐलान किया। यह भी निर्णय लिया गया कि सोमवार को अयोध्या कोतवाली का घेराव किया जाएगा।

अधिवक्ता आलोक सिंह को गुरुवार को गोली मारकर उनकी हत्या का प्रयास किया गया। अधिवक्ताओं का आरोप है कि अयोध्या कोतवाल मनोज शर्मा आरोपियों पर मेहरबान है, उन्होंने मामले से जुड़े केवल एक आरोपी की गिरफ्तारी की है, जबकि अन्य बाहर हैं।

बार एसोसिएशन की बैठक में इस गंभीर प्रकरण पर अबिलंब कार्रवाई की मांग की गई। अधिवक्ताओं का कहना है कि आए दिन अधिवक्ताओं पर हमले हो रहे हैं, अभी कुछ दिन पहले कोतवाली नगर के एक समोसा की दुकान पर हमलावरों ने कई अधिवक्ताओं को लाठी डंडे से पीट कर घायल कर दिया था। आरोप लगाया कि अयोध्या कोतवाल आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। वकीलों ने उन्हें निलंबित करने की मांग की है। साथ ही घटना में शामिल अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने की भी मांग की गई। मांग पूरी न होने की दशा में शनिवार को अधिवक्ता कचहरी के सामने रामपथ पर प्रदर्शन करेंगे और सोमवार को कोतवाली अयोध्या का घेराव किया जाएगा।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह ने बताया कि शनिवार को अधिवक्ताओं का आंदोलन बहुत सख्त रखा जाएगा। स्टांप वेंडर भी आंदोलन में शामिल होंगे।सब रजिस्ट्रार कार्यालय सदर के यहां कोई रजिस्ट्री नहीं पंजीकृत की जाएगी। फोटोकॉपी तक की दुकान भी नहीं खुलेगी।

## रामलला को लगाया 56 व्यंजनों का भोग

**अयोध्या, अमृत विचारः** अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर राम मंदिर में विराजमान रामलला को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि दशहरा और विजयदशमी का महापर्व संपन्न होने के बाद आज शुक्रवार को एकादशी का पर्व भी राम मंदिर में सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान श्रीरामलला के दर्शन करने के लिए पहुंचे। दोपहर में रामलला को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया और भोग आरती भी संपन्न हुई।


विकासखंड तारुन में पौधरोपण कार्यक्रम में मौजूद विधायक अभय सिंह व अन्य।

### ग्रामीणों को 3100 औषधीय पौधों का हुआ वितरण

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** आयुष मिशन के तहत चयनित आदर्श आयुष ग्राम शिवरामपुर तारुन में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार विषय पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। अध्यक्षता कर रहे विधायक गोसाईगंज ने पौधरोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। ग्रामीणों को विभिन्न 3100 औषधीय पौधों का वितरण किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ. महेंद्र सिंह विष्णु के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रकृति परीक्षण सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुषमा सिंह, धनंजय सिंह, डॉ. राहुल सिंह, डॉ. अशफाक अहमद, डॉ. धर्मेंद्र कुमार वर्मा का विशेष सहयोग रहा। सूरज सिंह, माधुरी पाण्डेय, रेशमा, राकेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# जीएसटी चोरी में 2 दुकानों की जांच, एक के स्टॉक में मिला 11 लाख का अंतर

रुदौली, अयोध्या

- केंद्र और राज्य जीएसटी विभाग की टीमों ने रुदौली के मोहनी तथा ओम टेडर्स पर की कार्रवाई, जब्त किए दस्तावेज

**अमृत विचार :** केंद्र व राज्य जीएसटी विभाग की टीमों ने रुदौली में दो व्यापारिक प्रतिष्ठानों में जांच की। दोनों स्थानों पर सुबह से देर रात तक चली कार्रवाई में स्टॉक व दस्तावेजों का गहन मिलान किया गया, जिसमें एक प्रतिष्ठान के स्टॉक में लगभग 11 लाख रुपये का अंतर सामने आया है।

कार्रवाई की शुरुआत सुबह 10 बजे मोहल्ला कटरा स्थित मोहनी ट्रेडर्स की दुकान और गोदाम से हुई। यह कार्रवाई केंद्रीय जीएसटी टीम के ज्वॉइंट कमिश्नर शक्ति प्रताप सिंह के नेतृत्व में की गई। टीम ने दुकान में उपलब्ध भौतिक स्टॉक का मिलान कागजी विवरणों से करते हुए सभी रजिस्टर, बिल और इनवॉयस की गहन जांच की। जांच के दौरान कुछ आवश्यक दस्तावेजों को टीम द्वारा जब्त किया गया है।

इसी क्रम में स्टेट जीएसटी की टीम ने रुदौली के कृष्णा नगर मोहल्ला स्थित ओम ट्रेडर्स के यहां भी कार्रवाई की। इस टीम का नेतृत्व डीसी हेमंत कुमार कर रहे थे। ज्वॉइंट कमिश्नर उदय प्रताप गुप्ता, सीटीओ श्वेता और संगीता भी मौजूद रहीं। टीम द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में ओम ट्रेडर्स के स्टॉक में लगभग 11 लाख रुपये का अंतर पाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि जांच अभी जारी है और यह अंतर और भी अधिक हो सकता है। ज्वॉइंट कमिश्नर उदय प्रताप गुप्ता ने बताया कि ओम ट्रेडर्स के यहां स्टॉक और कागजों में बड़ा फर्क पाया गया है। सभी दस्तावेजों की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं शासन के निर्देश पर प्रयागराज से आई केंद्रीय टीम के ज्वॉइंट कमिश्नर शक्ति प्रताप सिंह ने बताया कि मोहनी ट्रेडर्स के खिलाफ शासन को जीएसटी चोरी से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसके क्रम में यह कार्रवाई की गई है। प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर को सभी कागजात प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच प्रक्रिया अभी जारी है।

# संतों के सुझाव का करेंगे सम्मानः डीएम

- दीपोत्सव की तैयारी को लेकर अफसरों के साथ की बैठक

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** पूज्य संत-महंतों द्वारा दिए गए सुझावों का सम्मान करते हुए दीपोत्सव में और बेहतर व्यवस्थाएं व सुविधाओं का प्रयास रहेगा। राम की पैड़ी पर दर्शन दीर्घा में जन सामान्य के बैठने की प्रबंध किया जा रहा है। दीपोत्सव कार्यक्रम के दौरान किसी को भी किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। बेहतर व्यवस्था के प्रयास जारी हैं। ये बातें जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने कहीं। वह शुक्रवार को तुलसी स्मारक भवन में महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर की मौजूदगी में दीपोत्सव को लेकर संत-महंतों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।


तुलसी स्मारक भवन में साधु-संतों संग बैठक करते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी,डीएम निखिल टीकाराम फुंडे व एसएसपी डॉ.गौरव ग्रोवर।

बैठक में महंतों और संत ने श्रद्धालुओं के सुगम यातायात, पंचकोसी, 14 कोसी परिक्रमा मार्ग की स्थिति, कार्यक्रम स्थल पर संतों के लिए दीर्घा आरक्षित जैसे बिन्दुओं पर सुझाव दिये। महापौर ने कहा कि इस दीपोत्सव को पहले से बेहतर करने के लिए जिला प्रशासन व नगर निगम से प्रयास किया जा रहा है। कहा कि व्यापार मंडल के प्रतिनिधि व्यापारियों से आह्वान करें कि इस दीपोत्सव को दिव्य, सुंदर रूप प्रदान करने के लिए अपना सहयोग दें। विधायक ने कहा कि दीपोत्सव को दिव्य, भव्य वह सुंदर बनाने के लिए संत-महंतों से दिए गए सुझावों को अमल में लाया जाएगा। एसएसपी ने कहा कि दीपोत्सव के मुख्य कार्यक्रम में बैठने व यातायात की सम व्यवस्था के लिए निर्देश दिए गए हैं। शासन-प्रशासन द्वारा इस दीप उत्सव को दिव्य, भव्य व सुरक्षित बनाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं। बैठक में महंत करुणा निधान शरण, महंत रामलखन दास, महंत शशिकांत दास, बालमुकुन्द शरण, रामानन्द दास, महंत अनन्ताचार्य, महंत गिरीश दास, महंत जर्नादन दास, महंत आशुतोष दास, जगतगुरु स्वामी वासुदेवाचार्य, सूरज दास, आशुतोष सिंह, अभिषेक दास, राम भवन दास, रंजीत शरण, चरनजीत सिंह सहित अन्य पदाधिकारी, नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार, सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्रतापगढ़ का बाबर बना विजेता

घुड़दौड़ प्रतियोगिता

**सोहावल, अमृत विचारः** हाजी जुबेर खान एंड सुल्तान खान मेमोरियल घोड़ा प्रतियोगिता में प्रतापगढ़ के रहने वाले लकी सिंह का घोड़ा बाबर विजेता बना। प्रतियोगिता के आयोजक सपा नेता व पूर्व प्रत्याशी हाजी फिरोज खान गब्बर और उनके बड़े भाई हाजी सरफराज खान ने 51 हजार का नगद व एक शील्ड पुरस्कार स्वरूप प्रदान दिया। दूसरे स्थान पर बिहार के अजय सिंह की घोड़ी बिजली रानी और तृतीय स्थान पर मोतीहारी बिहार के रहने वाले सैयद फरहान का घोड़ा उस्मान रहा। द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे घोड़े को 25 हजार और 11 हजार के नगद पुरस्कार प्रदान किए गए। हाजी ने बताया कि प्रतियोगिता में बिहार, नालंदा, मोतिहारी, प्रतापगढ़, प्रयागराज, लखनऊ, बस्ती, गोंडा, जौनपुर, हैदराबाद, पंजाब, सुल्तानपुर, अमेठी, बाराबंकी, बहराइच, बलरामपुर, अयोध्या, कैसरगंज, सीतापुर, कानपुर, उन्नाव सहित विभिन्न प्रदेशों एवं जनपदों के लोगों ने प्रतिभाग किया।


घुड़दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। अमृत विचार

### दो दांत के घोड़े की रेस में नालंदा का घोड़ा विजयी

दो दांत के छोटे घोड़े की रेस में नालंदा के रहने वाले अरुण सिंह का घोड़ा प्रथम स्थान पर रहा। बिहार बक्सर के रहने वाले अजय सिंह का घोड़ा दूसरे नंबर एवं बलिया के रहने वाले शिवम राय का घोड़ा तीसरे स्थान पर रहा।

# प्रदेशीय विद्यालयीय योगासन स्पर्धा शुरू

**अयोध्या, अमृत विचारः** माध्यमिक शिक्षा विभाग के संयोजन में राजकीय इंटर कॉलेज में शुक्रवार को प्रदेशीय योगासन प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्जवलित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि योग को अपने जीवन का अंग बनाना होगा। छात्र जीवन में योग के महत्व को समझाने की जरूरत है। आर्य कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत व गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। आगरा की छात्रा ने दीप योगासन प्रदर्शन किया। लखनऊ की छात्राओं ने योग मुद्राओं का प्रदर्शन किया। संचालन मंडलीय विद्यालयीय क्रीड़ा सचिव धर्मेंद्र सिंह ने किया। जिला विद्यालयीय क्रीड़ा समिति के सचिव अभिषेक सिंह व जीआईसी के प्रधानाचार्य ओंकार नाथ ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर मणि शंकर त्रिपाठी, शिवकुमार मिश्र, मनोहर लाल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य जितेंद्र राव, विद्या मंदिर हाई स्कूल के प्रधानाचार्य उदय भान सिंह, राजकीय हाई स्कूल के प्रधानाचार्य बसंत कुमार, विजेंद्र सिंह, पुष्पा यादव, माला यादव आदि रहीं।

# एक अस्पताल व एक ऑपरेशन थियेटर सील

तारुन, अयोध्या

- प्रसूता की मौत मामले में परिजनों की शिकायत पर हुई कार्रवाई

**अमृत विचार :** सीएमओ ने तारुन इलाके के दो निजी अस्पतालों की जांच की। मानक अनुसार व्यवस्थाएं न मिलने पर एक अस्पताल और एक अस्पताल का ऑपरेशन थियेटर सील कर दिया। ये कार्रवाई प्रसूता की मौत के मामले में परिवारीजनों द्वारा स्वास्थ्य मंत्री से लेकर डीएम तक शिकायत की गई शिकायत के बाद की गई। जयसिंह मऊ निवासी श्रीपाल ने आरोप लगाया कि उनकी पुत्रवधू सुमन कोरी (28) पत्नी शिवराम को प्रसव पीड़ा होने पर 24 सितंबर को प्रसव के लिये आशा बहू के पति सुरेंद्र पांडेय ने तारुन बाजार स्थित प्रेम हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। 29 सितंबर तक वह यहीं भर्ती रही, 30 सितंबर को उसकी हालत गंभीर होने पर अस्पताल संचालक ने उसे अपने निजी वाहन से देवकाली स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उसका ऑपरेशन हुआ व उसे एक बच्चा पैदा हुआ। उसके बाद प्रसूता को लगातार रक्तस्राव होने लगा। तीन घंटा बीत जाने के बाद उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। एंबुलेंस से ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। उन्होंने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मजिस्ट्रेट जांच की मांग की। गुरुवार देर शाम सीएमओ डॉ. सुशील बालियान ने स्वास्थ्य विभाग की एक टीम लेकर तारुन बाजार में निजी अस्पतालों का निरीक्षण किया। प्रेम हॉस्पिटल में मानक के अनुरूप चिकित्सीय व्यवस्था नहीं मिलने पर अस्पताल को सील कर दिया। इसके बाद पब्लिक हॉस्पिटल पहुंचे सीएमओ को यहां भी मानक के अनुरूप चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ व चिकित्सीय व्यवस्था न मिलने पर अस्पताल का ऑपरेशन थिएटर को सील कर दिया। निरीक्षण टीम में डिप्टी सीएमओ डॉ. बीपी त्रिपाठी, डॉ. राजेश चौधरी, आरो सद्दाम खान एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।


सुमन कोरी

रामनगरी

## जय श्रीराम के उद्घोष के साथ हुआ 51 फुट ऊंचे रावण का दहन, टकसाल, रुदौली के रावण मैदान पर लगा मेला, उमड़ी भीड़

# रावण दहन : सत्य और न्याय का प्रतीक

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** दशहरे के पर्व पर अयोध्या में आठ स्थानों पर रावण के पुतले का दहन किया गया। टकसाल में लगे दशहरे मेले में भारी भीड़ उमड़ी।

विजयादशमी के मौके पर रामलीला आयोजन में राम-रावण युद्ध के बाद 51 फुट के रावण का दहन होते ही हर तरफ जय श्रीराम के नारे गूंजने लगे। पूरे नगर में पटाखे जलाकर अत्याचारी रावण के अंत पर खुशियां मनाई। सरयू तट स्थित राम की पैड़ी पर रामलीला में रावण वध का रोमांचकारी मंचन हुआ। पूर्व सांसद लल्लू सिंह और साधु संतों के द्वारा प्रतीकात्मक रावण दहन की परंपरा को निभाया गया। इसके बाद सभी राजेंद्र निवास चौराहे पर पहुंचकर वहां भी दशानन का दाहन किया। पूर्व सांसद ने कहा कि हर साल आसुरी शक्तियों का विनाश रावण दहन से होता है। इसके अलावा साहबगंज, शंकरगढ़, फतेहगंज, चौक में भी रावण दहन किया गया। टकसाल में आयोजित रामलीला समिति के पदाधिकारी कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि परंपरागत रूप से आयोजित मेले में खूब भीड़ उमड़ी व लोगों ने रावण दहन के बाद जय श्रीराम का उद्घोष किया। वहीं, श्री रामलीला समिति ख्वाजा हाल सिधौली रुदौली के तत्वाधान में राम- रावण युद्ध का मंचन किया गया तथा। करीमपुर स्थित सुप्रसिद्ध रावण के मैदान पर विशाल मेला लगा। ढोल नगाड़ों के बीच निकली इस यात्रा में समिति के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित हुए। असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक रावण दहन के बाद निकली यात्रा में भगवान राम की जगह-जगह पर नगर वासियों ने आरती उतारी।


टकसाल के मैदान में श्री राम व रावण युद्ध का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार


टकसाल के मैदान में रामलीला देखते लोग। अमृत विचार


टकसाल के मैदान में 40 फीट के रावण का हुआ दहन। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध मिट्टी खनन में 3 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां सीज

**मिल्कीपुर, अमृत विचार :** कुमारगंज थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी ओम प्रकाश व उनकी टीम ने ग्राम वीसापुर के निकट कार्रवाई करते हुए मिट्टी से भरी तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पकड़ लीं। खनन में शामिल लोग अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि तीनों ट्रॉलियां सीजकर खनन विभाग के निरीक्षक को सूचित कर दिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### नूरलीपुर से लापता चार बच्चे मिले

**मवई, अयोध्या :** थाना मवई क्षेत्र के ग्राम पंचायत नेवरा के मजरे नूरलीपुर से एक साथ लापता हुए चार बच्चे देर रात मिल गए। गांव की रोली वर्मा (14) गुरुवार दोपहर मोहनी वर्मा (7), ननकू वर्मा (6) व मनीष वर्मा (8) के साथ नेवरा बाजार गई थी। शाम तक बच्चे घर नहीं पहुंचे तो परिवारीजनों ने थाने में सूचना दी। थाना प्रभारी सुरेश कुमार पटेल ने बताया कि ग्रामीणों व परिवारीजनों के साथ तलाश में जुटी पुलिस को बच्चे रात करीब ढाई बजे मवई चौराहे के पास मिल गये। सभी बिना बताये दुर्गा पूजा देखने चले गये थे और रास्ता भटक गये थे। बच्चों के मिलने के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली।

### फंदे से लटका मिला युवक का शव

**तारुन, अयोध्या :** थाना तारुन के जयसिंहमऊ कमला विकास नगर में प्रशांत (30) पुत्र शिवहर्ष सिंह का शव कमरे में छत से लगे पंखे के कुंडे से गमछे के सहारे लटका मिला। थाना प्रभारी संदीप त्रिपाठी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिवार वालों को सौंप दिया गया है। प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। कारणों का पता किया जा रहा है।

# रामराज्य और हिंदू राष्ट्र अलग-अलग नहीं : दत्तात्रेय होसबोले

## विजयादशमी उत्सव में बोले, आरएसएस के सरकार्यवाह, शस्त्र पूजन व पथ संचलन कर स्वयंसेवकों ने मनाया शताब्दी वर्ष

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** रामराज्य और हिंदू राष्ट्र अलग-अलग नहीं है। प्रभु राम केवल भारत भूमि के नहीं बल्कि समस्त मानव जाति के लिए आदर्श हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज को एक ध्येय मार्ग पर संगठित करने का संकल्प लेकर कार्य कर रहा है। विजयादशमी धर्म स्थापना का मंगल उत्सव है। संघ अपने अद्भुत प्रेरणादाई यात्रा के 100 वर्ष पूर्ण करते हुए अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है। ये बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कहीं। वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरयू तट स्थित राम कथा पार्क में आयोजित विजयादशमी उत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। संघ ने अपना शताब्दी वर्ष मनाते हुए शस्त्र पूजन कर सनातन की सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता का संदेश देते हुए रामपथ पर लगभग दो किमी पथ संचलन यात्रा की। होसबोले ने कहा आज देश के किसी भी सीमा के अंतिम गांव में भी संघ की शाखा लगती है। संघ के स्वयंसेवक देश व विदेशों में भी रहकर मानवता की सेवा में निरंतर कार्य कर रहे हैं। यहां कई पंथ संप्रदाय हैं जो सब हिन्दू धर्म के ही कार्य कर रहे हैं। बुद्ध, जैन, सिख सब के एक ईश्वर हैं। हिंदुत्व समन्वय का विचार है। अकर्मण्य हिन्दू को पुरुषार्थ वाला बनाओ। बिखरे हुए हिंदू को संगठित हिन्दू बनाओ। कहा कि राष्ट्रभक्ति, सेवा, अनुशासन के मार्ग पर चलते हुए, देश सेवा के लिए सामने आएं, कमजोर दुर्बल के जीवन को सार्थक बनाने के लिए संघ के स्वयं सेवक कार्यरत हैं। संघ के साथ मिलकर जिन्होंने इस कार्य में सहयोग किया, हम सब आज उन सबका स्मरण करते हुए आभार व्यक्त करते हैं। बोले कि भारत के प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षा, सम्मान, प्रतिष्ठा मिलनी चाहिए। इससे पूर्व दिगम्बर जैन तीर्थ अयोध्या के पीठाधीश संत रवींद्र कीर्ति स्वामी और संघ सरकार्यवाह ने दीप प्रज्जवलन कर शस्त्र पूजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संत रवींद्र कीर्ति स्वामी जी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण संघ के वर्षों के संघर्ष का परिणाम है।



विजयादशमी पर शस्त्र पूजन करते हुए संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार



वाद्ययंत्रों के साथ पथ संचलन करते हुए स्वयंसेवक। अमृत विचार

### स्वयंसेवकों के पथ संचलन पर हुई फूलों की वर्षा

राम कथा पार्क से स्वयंसेवकों के द्वारा किया गया पथ संचलन राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य द्वार के ठीक सामने बिड़ला मंदिर पर समाप्त हुआ। विशेष घोष के साथ पूर्ण गणवेश में कदम से कदम मिलाते हुए निकले स्वयंसेवकों पर जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। इस मौके पर प्रेम कुमार, दिनेश, चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्र, गोपाल राव, अनिल कुमार, कौशल कुमार, अशोक द्विवेदी, मुकेश तोलानी, डॉ. शैलेंद्र, सुदीप, विक्रम प्रसाद पांडे व देवेंद्र समेत अन्य मौजूद रहे।



पत्रकारों से बातचीत करते सपा के सांसद अवधेश प्रसाद। अमृत विचार

### टीईटी अनिवार्य करने के मुद्दे को लोस में उठाएंगे

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा अनिवार्य करने को लेकर सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि यह मुद्दा वह लोकसभा में उठाएंगे। इस आदेश से 20 लाख शिक्षकों के गर्दन पर तलवार लटकी हुई है। सरकार ने इस मुद्दे पर न्यायालय में मजबूत पैरवी नहीं की है। वह शुक्रवार को सिविल लाइंस स्थित एक होटल में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम न्यायालय के आदेश का सम्मान करते हैं, लेकिन शिक्षकों के हित में सरकार को न्यायालय में मजबूती से पैरवी नहीं की गई। इससे शिक्षकों के नौकरी पर संकट आ गया है। कहा कि लंबे समय से सेवा देने वाले शिक्षक इस फैसले से नाराज हैं, उन्होंने हमें ज्ञापन भी सौंपा है। कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि शिक्षकों को परीक्षा देने के दो अवसर मिलेंगे, पास न होने पर बर्खास्तगी भी हो सकती है। वह सरकार के ऊपर दबाव बनाएंगे कि वह न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करे।

### तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर शुरू

**गोसाईंगंज, अमृत विचार:** नगर पंचायत गोसाईंगंज के भीटी चौराहा के पास तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ अयोध्या-अंबेडकरनगर के एमएलसी व पूर्व सांसद हरिओम पांडे ने फीता काटकर किया। शिविर का संचालन सीएचसी प्रभारी डॉ. राणा रवि प्रकाश की देखरेख में हुआ। रामलीला और दुर्गा प्रतिमा दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं के लिए इस शिविर से बड़ी राहत मिली। श्रद्धालुओं ने डाक्टरों से जांच कराई। इस मौके पर सभासद आरती जायसवाल, समाजसेवी इकबाल अंसारी, पूर्व चेयरमैन रमेश चंद्र कसौधन, अखिलेश उपाध्याय, अतुल सिंह आदि मौजूद रहे।

# नवनिर्मित मंदिर में स्थापित हुईं झलियाहिया काली मां

- ग्राम सभा चितावां अंतर्गत तिलकराम पूरा निवासी तिवारी परिवार ने बनवाया मंदिर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** लोगों की आस्था और भक्ति का केंद्र रही अयोध्या जिले के ग्राम सभा चितावां अंतर्गत तिलकराम पूरा की ग्राम देवी मां काली अब अपने नए मंदिर में विराजमान हों गई। यहां तीन दिन तक चले धार्मिक अनुष्ठान में विधि-विधान से पूजापाठ कर मूर्ति प्रतिष्ठापित की गई। उक्त प्राण प्रतिष्ठा स्व. राजदेव तिवारी के पुत्र एडवोकेट डीएस त्रिपाठी के मार्गदर्शन आचार्य पं. वेद प्रकाश मिश्र व सहयोग पं. रामचंद्र मिश्र द्वारा कराया गया।

डीएस त्रिपाठी ने बताया कि मां काली कई सालों से बगीचे में एक ढेरे के पेड़ के नीचे स्थापित थीं। गांव वाले वहीं बगीचे में जाकर पूजा पाठ के साथ कराही देकर अपनी मन्नतें मांगते थे, तभी से मां काली झलियाहिया काली मां के नाम से प्रसिद्ध हो गई। बताया कि वर्ष 23 दिसंबर 2021 को स्व. इंद्रादेवी की स्मृति में उक्त परिसर की साफ-सफाई कर एक चबूतरे का निर्माण कराया गया। उसके ऊपर छोटा मंदिर बनवाया गया। मां के आशीर्वाद से नवरात्रि के पावन अवसर पर रविवार को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के साथ विधिवत पूजा पाठ कराया गया। धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने के लिए मंजू पांडेय, दिनेश तिवारी, विश्वनाथ तिवारी, रमाशंकर तिवारी, विनय तिवारी, अनुराग पांडेय, ऋषिकेश तिवारी, ओम प्रकाश तिवारी, अविनाश तिवारी समेत सभी ग्रामवासियों ने सहयोग किया।



नवनिर्मित मंदिर में झलियाहिया काली मां की मूर्ति स्थापना के दौरान पूजा-अर्चना करता तिवारी परिवार। अमृत विचार

# हर्षोल्लास से मनाई गई गांधी और शास्त्री की जयंती

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156वीं जंयती दो अक्टूबर को जिलेभर में मनाई गई। मंडलायुक्त राजेश कुमार ने आयुक्त कार्यालय व डीएम निखिल टीकाराम फुंडे ने कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। गांधी पार्क में विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद मंडलायुक्त ने कहा देश के दोनों महापुरुषों जिसमें महात्मा गांधी ने हम सभी को सत्य एवं अंहिसा के रास्ते पर चलने का पाठ पढ़ाया तो पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री ने शालीनता, सहनशीलता, पारदर्शिता के पथ पर चलना सिखाया। इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन अजय कांत सैनी के साथ सभी कर्मचारी व अधिवक्ता मौजूद रहे।

डीएम ने कलेक्ट्रेट सभागार के कार्यक्रम में महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को सच्चे मन से श्रद्धांजलि देना चाहते हैं तो सभी अधिकारी/कर्मचारी यह संकल्प ले कि अपने कार्यालय व परिसर की साफ-सफाई रखेंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। अन्य कार्यालयों में भी गांधी जयंती पर सफाई के साथ विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मलिन बस्तियों में सफाई अभियान चलाया गया। अस्पतालों में फल वितरण किया गया। जिलाधिकारी ने गांधी पार्क पहुंचकर गांधी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। गांधी पार्क में लगाई विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। विभिन्न विभागों से लगाए गए स्टॉल पर जाकर प्रदर्शित वस्तुओं का अवलोकन कर जानकारी ली। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।वहीं जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी ने अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेंटर रामकोट अयोध्या पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया।



महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण करते मंडलायुक्त राजेश कुमार। अमृत विचार

### महात्मा गांधी और शास्त्री प्रेरणा स्रोत : प्रधानाचार्य

**पूराबाजार, अमृत विचार :** पंडित हृदयराम शर्मा पीडी पांडेय इंटर कॉलेज सोनैसा रसूलाबाद में गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई। प्रधानाचार्य संजीव चतुर्वेदी ने ध्वजारोहण किया। कहा महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री दोनों नेता हमारे जीवन के लिए प्रेरणा स्रोत है। पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री ईमानदार नेताओं में से एक थे। शिक्षक रमेश पाठक, अनिल पांडेय, राजकुमार, संदीप चक्रवर्ती आदि ने पुष्पांजलि अर्पित की।

# सरदार पटेल की जयंती पर निकलेगी पदयात्रा

**अयोध्या, अमृत विचार:** अयोध्या पहुंचे आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बुलडोजर एक्शन को लेकर सरकार पर हमला बोला। उन्होंने रोजगार और सामाजिक न्याय के मुद्दे पर सरदार पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को प्रयागराज से अयोध्या तक पद यात्रा निकालने की घोषणा की। समापन अयोध्या में होगा। वह अयोध्या में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने के बाद एक स्थानीय होटल में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आई लव महादेव या आई लव मोहम्मद को प्रतियोगिता का विषय नहीं बनाना चाहिए। कोई भी श्रद्धा के साथ ऐसा कह सकता है, लेकिन किसी को भी प्रतियोगिता नही करनी चाहिए। कहा कि यूपी में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। अभी एनसीआरबी आंकड़ों से पता चला कि यूपी में दलित उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ी है। प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक को लेकर भी सरकार पर हमला बोला। बोले कि चाहे वह सिपाही भर्ती, दारोगा भर्ती या लेखपाल की भर्ती को देख लीजिए। बरेली में बुलडोजर एक्शन को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा किया। कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी बिना प्रक्रिया पूरी किए घर तोड़ना गैरकानूनी बताया है। बावजूद इसके यहां घरों को बुलडोजर से जमीदोज किया जा रहा है। आरोप लगाया कि बुलडोजर कार्रवाई में एक जाति विशेष के लोगों के घरों को टारगेट किया जा रहा है। उनके साथ आप प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह भी मौजूद रहे।




पत्रकारों से बातचीत करते आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह।

# गोलू व महिमा रहे पैदल चाल स्पर्धा के विजेता

आयोजन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** क्षेत्रीय खेल कार्यालय के तत्वावधान में गांधी जयंती पर गुरुवार को डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में पैदल चाल प्रतियोगिता आयोजित की गई।

महिला व पुरुष वर्ग में आयोजित प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में गोलू मार्या व महिला वर्ग में महिमा सिंह विजेता रहे। मुख्य अतिथि अयोध्या हनुमानगढ़ी के संत संजय दास व संत हेमंत दास ने प्रथम छह विजेताओं को पुरस्कृत किया। पैदल चाल प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में 78 व महिला वर्ग में 90 प्रतिभागी शामिल हुए।

प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में शिवा सिंह द्वितीय, अमन तृतीय, श्रेयांश दुबे चौथे, विशाल पांचवें व मोहित छठे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में पलक द्वितीय, आयुषी तृतीय, कीर्ति सिंह चौथे, रचना मौर्या पांचवें व सुरभि छठे स्थान पर रहीं। इस अवसर पर आरएसओ अनिमेष सक्सेना, उपक्रीड़ा अधिकारी शकील अहमद, कीर्तिमणि पाण्डेय सहित खिलाड़ी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भारत केसरी रामेश्वर का खिताब पर कब्जा

पूराबाजार, अयोध्या

**अमृत विचार:** सरायरासी में आयोजित कुश्ती दंगल में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए पहलवानों ने अपने दांव पेंच दिखाए। मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के कमांडेंट स्वतंत्र कुमार शुक्ला ने समीर नंदनीनगर विक्रांत सिंह नरियावां का हाथ मिलवाकर कुश्ती का शुभारंभ कराया।

उन्होंने कहा कि कुश्ती हमारा पौराणिक खेल है। इसके गौरव को कायम रखने के लिए कुश्ती को और अधिक महत्व देने की जरूरत है ताकि ग्रामीण अंचल में भी युवकों की कुश्ती में रुचि बढ़े, जिससे वे आगे चलकर देश का नाम रोशन कर सके। सर्वश्रेष्ठ पहलवान के लिए अंतिम मुकाबला भारत केशरी रामेश्वर यादव व दिल्ली केसरी आशिफ पहलवान के बीच हुआ। रामेश्वर ने आसिफ को पटकनी देकर सर्वश्रेष्ठ पहलवान का खिताब जीत लिया। जीत पर उन्हें दो लाख रुपये की नगद धनराशि के साथ गदा भेंट की गई। दंगल में उमाशंकर आजमगढ़, जोगिंदर नंदनीनगर, दीक्षित नंदिनीनगर मो. कैफ बस्ती, विपुल नंदिनीनगर अजय मसकनवां, रामकरन हनुमानगढ़ी लक्कड़ पहलवान बनारस, सूरज आगरा कृष्णकांत बनारस, विपिन नोएडा अंशु नंदिनीनगर, भोटिया अलीगढ़ राजवीर नंदिनीनगर माशाल्ला अलीगढ़, साकिब अंबेडकरनगर ने अपने प्रतिद्वंदियों को चित कर दर्शकों का मनोरंजन किया। आयोजक प्रधान अनीता सिंह के प्रतिनिधि रणधीर सिंह लल्ला ने अतिथियों के साथ विजयी पहलवानों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद व एमएलसी हरिओम पांडे, भाजपा के वरिष्ठ नेता करुणाकर पाण्डेय, ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह, गिरीश पांडे डिप्पुल, बंटी सिंह, पूर्व जिपं सदस्य शंभू नाथ सिंह, भाजपा महिला मोर्चा की महानगर मंत्री स्वाति सिंह, प्रधानाचार्य अविचल सिंह सहित गणमान्य लोग व दर्शक मौजूद थे।



विकासखंड पूरा बाजार के सराय राशि में आयोजित दंगल में विजेता को पुरस्कृत करते ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह व आयोजक रणधीर सिंह लल्ला।

# अयोध्या की रामलीला ने रचा इतिहास, 62 करोड़ लोगों ने देखी

- 50 देशों में ऑनलाइन प्रसारित हुई रामलीला, 250 फिल्मी कलाकारों ने निभाए किरदार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी ने एक बार फिर विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। रामलीला समिति के संस्थापक सुभाष मलिक और शुभम मलिक ने दावा किया कि इस वर्ष 50 से अधिक देशों में ऑनलाइन माध्यमों से प्रसारित हुई इस रामलीला को 62 करोड़ से अधिक रामभक्तों ने देखा।

दिल्ली और मुंबई से आए 250 से अधिक फिल्मी कलाकारों ने इस रामलीला को भव्य स्वरूप दिया। थ्री-डी तकनीक और आधुनिक मंच सज्जा ने इस धार्मिक आयोजन को और भी आकर्षक बना दिया। कहा कि बॉलीवुड और टीवी जगत के दिग्गज कलाकारों ने अपने अद्भुत अभिनय से इस आयोजन को यादगार बना दिया। दूरदराज के इलाकों से बड़ी संख्या में आए दर्शकों ने रामलीला का भरपूर आनंद उठाया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आकर्षण का केंद्र बनी इस रामलीला में मिस यूनिवर्स 2024 और 2025 ने भी विशेष प्रस्तुति देकर इस आयोजन को नई ऊंचाइयां दीं। सभी ने इसकी भरपूर सराहना भी की।

आस्था

## शहर में धूमधाम से निकली यात्रा, निर्मलीकुंड पर देर रात तक जारी रहा विसर्जन का क्रम, जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने शोभायात्रा पर की पुष्पवर्षा

# जय माता दी के जयकारे के साथ नम आंखों से मां दुर्गा को दी गयी विदाई

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मां दुर्गा की भव्य एवं विशाल शोभायात्रा गुरुवार को ढोल-नगाड़ो, बैंड-बाजों की धुन पर निकली। नाचते गाते भक्त व झांकियां आकर्षण का केंद्र रहे। जीआईसी के मैदान से निकली शोभायात्रा फतेहगंज, चौक, रिकाबगंज, सिविल लाइंस होते हुए निर्मलीकुंड पहुंची। जहां जय माता दी के गगनभेदी जयकारों के बीच नम आंखों से मां दुर्गा की विदाई की।

केन्द्रीय दुर्गापूजा एवं रामलीला समन्वय समिति साकेत के नेतृत्व में निकली शोभायात्रा की अगुवाई नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्त, रुदौली विधायक रुदौली रामचंदर यादव, बीकापुर विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, पूर्व सदस्य विधान परिषद हीरालाल यादव, जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि रोहित सिंह, पूर्व मंत्री तेज नारायन पांडेय, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, सहकारी बैंक के सभापति धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव समेत अन्य ने की। शोभायात्रा में सबसे आगे प्रभु श्रीराम, श्रीकृष्ण, गुरुनानक देव, अग्रसेन महाराज, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, हनुमान जी, भगवान गणेश, भगवान शंकर सहित अन्य दिव्य व मनमोहक झांकियां चल रही थी। चौक घंटा घर पर जनप्रतिनिधियों समेत मंडलायुक्त राजेश कुमार, पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, डीएम निखिल टीकाराम फुंडे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की। इसके अलावा रिकाबगंज, बजाजा, फतेहगंज, सिविल लाइंस समेत अन्य इलाकों में भी शोभायात्रा की आरती उतारी गई। करीब पांच किमी. लंबे मार्ग पर दोनों ओर कतारबद्ध व हाथ जोड़े खड़े श्रद्धालुओं ने मां को विदाई दी। इस दौरान केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, केशव बिगुलर, शक्ति सिंह, अमृत राजपाल, अमल गुप्ता, विकास सिंह मौजूद रहे।



चौक घंटाघर पर प्रतिमाओं पर पुष्पवर्षा करते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रुदौली विधायक रामचंद्र यादव, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार



निर्मली कुंड घाट पर दुर्गा प्रतिमा प्रवाहित करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से हुआ विसर्जन

भेलसर के मोहल्ला शिवपुरम पूरेकाजी स्थित नव दुर्गा पूजा समिति एवं बाबा नर्मदेश्वर नाथ मंदिर पर शिव शक्ति सेवा समिति द्वारा स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन विधिवत रूप से बाबा बाजार के रीछ घाट पर किया गया। रौनाही थाना क्षेत्र की पांच घाटों पर दुर्गा प्रतिमाओं का हुआ। इस्माईल नगर सिंहोरा घाट पर 39, कलाफरपुर 9, तहसीनपुर 6 तथा ढेमवा घाट पर एसडीएम सोहावल सविता देवी, सीओ सदर की देखरेख में 148 प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। रुदौली, बीकापुर, मिल्कीपुर में विसर्जन का क्रम जारी रहा।

# सात जिलों की 850 देवी प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या में सरयू नदी के संत तुलसी दास घाट पर सात जिलों की लगभग 850 देवी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति अयोध्या धाम के अध्यक्ष रमापति पांडे ने बताया कि दशहरा के मौके पर रामनगरी में स्थापित 65 से अधिक प्रतिमाओं के साथ गोंडा, बस्ती, बलरामपुर, महाराजगंज, बाराबंकी और दिल्ली से प्रतिमा को लेकर अयोध्या पहुंचे भक्तों ने देवी मां की प्रतिमाओं का विसर्जन पूरी आस्था के साथ किया। उन्होंने बताया कि लगभग 850 प्रतिमाएं विसर्जित की गईं।

## न्यूज ब्रीफ

### चोरों ने लाखों की नकदी और जेवरात किया पार

**जलालपुर** : जफरपुर गांव में बीती रात चोरों ने घर मे घुसकर लाखों के जेवर और नगदी उठा ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। सूचना के अनुसार जलालपुर थाना क्षेत्र के जपुरपुर गांव के रहने वाले दयाशंकर उपाध्याय के घर में चोर पीछे से दीवाल फादकर घर में घुस गए और घर के कमरे में रखा बक्सा का कुंडी तोडक़र बक्से में रखा लाखों का जेवर और नगदी उठा ले गए। सुबह जब परिजन सोकर उठे तो देखा कि घर में समान बिखरा पड़ा था और बक्से में रखा नगदी, जेवर गायब था। चोरी की सूचना पर आसपास के लोग इक्ट्ठा हो गए और सूचना पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। जलालपुर कोतवाली संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# 735 को उपाधि व 28 मेधावियों को मिलेगा स्वर्ण पदक

## आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि का 27वां दीक्षांत समारोह कल, आज स्वर्ण जयंती मैदान में होगा पूर्वाभ्यास

कुमारगंज, अयोध्या

**अमृत विचार** : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में पांच अक्टूबर को होने वाले 27वें दीक्षांत समारोह में 735 छात्र-छात्राओं को उपाधियां व 28 मेधावियों को स्वर्ण पदक दिए जाएंगे।

दीक्षांत समारोह के सफलतापूर्ण आयोजन के लिए आज शनिवार को स्वर्ण जयंती मैदान में पूर्वाभ्यास किया जायेगा। इसमें छात्र-छात्राओं को उपाधि, पदक, दीक्षोपदेश के साथ अन्य गतिविधियों का पूर्वाभ्यास कराया जायेगा। कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने शुक्रवार को स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। संबंधित लोगों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पीएस प्रमाणिक ने बताया कि दीक्षांत समारोह के दिन स्नातक के पांच मेधावियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक व स्नातकोत्तर एवं पीएचडी के एक- एक मेधावियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक दिया जाएगा। 13 मेधावियों को कुलपति स्वर्ण पदक दिया जाएगा। जिसमें स्नातक के सात, स्नातकोत्तर के पांच व पीएचडी का एक मेधावी छात्र शामिल हैं। इसी क्रम में स्नातक के सात व पीएचडी के एक मेधावी को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक दिया जाएगा। कृषि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न महाविद्यालयों एवं मुख्य परिसर को मिलाकर स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी के कुल 735 उपाधियां दी जाएंगी। जिसमें स्नातक के कुल 353, परास्नातक के 339 और पीएचडी के कुल 43 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। उप कुलसचिव डॉ. रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि 2024-25 के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के प्रमाण पत्र को भारत सरकार के डिजी लॉकर में अपलोड किया जायेगा।


स्वर्ण जयंती मैदान का निरीक्षण करते कुलपति डॉ .बिजेन्द्र सिंह व अन्य। अमृत विचार

### छह प्रगतिशील किसान होंगे सम्मानित

कृषि विश्वविद्यालय में पांच अक्टूबर को होने वाले 27वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल आंनबाड़ी कार्यकत्रियों को किट व प्रगतिशील किसानों को सम्मानित करेंगी। उप कुलसचिव डॉ. रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि विभिन्न जिलों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच प्रगतिशील किसानों को कुलाधिपति अपने हाथों से सम्मानित करेंगी। साथ ही साथ सुल्तानपुर जनपद के धनपतगंज और बल्दीराय की कुल 100 कार्यकत्रियों को आंगनबाड़ी किट भी प्रदान करेंगी। इस मौके पर कुलाधिपति प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच हुए कहानी लेखन, पेंटिंग, भाषण सहित अन्य प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित करेंगी।

### दबंगों ने युवक पर किया जानलेवा हमला

**जलालपुरः** थाना मालीपुर क्षेत्र के ग्राम कान्दीपुर निवासी अनुपम शुक्ला पुत्र उषा शुक्ला पर बुधवार की रात दबंगों ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना उस समय हुई जब अनुपम शुक्ला अपने खेत की सिंचाई कर रात लगभग 8:30 बजे घर लौट रहे थे। पीड़ित का आरोप है कि रास्ते में तीन लोग मिले और उन्हें ड्रोन चोर बताकर विवाद करने लगे। इसी बीच उनके 3-4 अन्य साथी भी आ पहुंचे। सभी लोग नशे में थे और इक_ा होकर जान से मारने की नीयत से मारपीट करने लगे। पीड़ित जब अपनी गाड़ी में बैठने जा रहे थे तभी रहीमपुर गांव निवासी अखिलेश पुत्र झगरू और दिलीप पुत्र झगरू ने उन्हें गाड़ी से नीचे खींच लिया और गला दबाकर हत्या का प्रयास करने लगे।

# छात्राओं को सुरक्षा की दी गई जानकारी


छात्राओं को उनके हक की जानकारी देतीं महिला पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार** : शासन के मंशानुसार डीएम अनुपम शुक्ला के निर्देशन में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनका उद्देश्य छात्राओं और महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जोड़ते हुए समाज में उनकी सक्रिय और सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करना रहा।

# स्त्री रोग एवं बाल रोग विशेषज्ञों को दिया प्रशिक्षण

**टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचारः** महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में प्रधानाचार्य डॉ. मुकेश यादव के नेतृत्व में निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है। कम्युनिटी मेडिसिन के विभागाध्यक्ष एवं नोडल अधिकारी डॉ. उमेश वर्मा के मार्गदर्शन में पिछले चार वर्षों से आईएचएटी के सहयोग से आरआरटीसी का सफल संचालन किया जा रहा है। यह केंद्र स्किल ट्रेनिंग सेंटर के रूप में कार्य करते हुए प्रदेश में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

मेडिकल कॉलेज की विशेषज्ञ टीम ने अमेठी, अयोध्या, अंबेडकरनगर, बस्ती और सुल्तानपुर जिलों के स्त्री रोग एवं बाल रोग विशेषज्ञों को नियमित प्रशिक्षण और मेंटोरिंग विजट्सि प्रदान की हैं। इस प्रयास का मुख्य उद्देश्य मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को कम करना है। इन प्रयासों को लखनऊ में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की उपस्थिति में सराहा गया। जहां मेडिकल कॉलेज टीम को सम्मानित किया गया। इस परियोजना को सफल बनाने में कोऑर्डिनेटर ललित मोहन मौर्य की विशेष भूमिका रही। बता दें पिछले 4 वर्षों से आईएचएटी, आरआरटीसी प्रोजेक्ट के अंतर्गत स्किल ट्रेनिंग सेंटर के रूप में कार्यरत हैं। पांच जिलों के स्त्री रोग एवं बाल रोग विशेषज्ञों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण उपरांत चिकित्सकों के लिए मेंटोरिंग विजट्सि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए प्रदेशव्यापी प्रयास किया जा रहा है। प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में मेडिकल कॉलेज टीम का सम्मान किया गया।


कम्युनिटी मेडिसिन के विभागाध्यक्ष एवं नोडल अधिकारी डॉ . उमेश वर्मा को शील्ड देकर सम्मानित करते मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ . मुकेश यादव। अमृत विचार

- मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में राजकीय मेडिकल कॉलेज की पहल

# मृतक सफाई कर्मी की पत्नी को सौंपी सहायता राशि

**जहांगीरगंज, अमृत विचार** : सपुाई कर्मचारी संघ ब्लाक जहांगीरगंज के सफाई कर्मियों ने मृतक कर्मचारी की पत्नी और बेटे को 85 हजार 500 रुपये की आर्थिक सहायता खण्ड विकास अधिकारी के हाथों सौंपा। बता दें कि ब्लॉक मुख्यालय डवाकरा हाल विकासखंड जहांगीरगंज में मृतक सफाई कर्मचारी रामनरेश जिनकी नियुक्त ग्राम पंचायत फुलवारिया महरामपुर में थी। उनकी मौत के बाद पत्नी और बेटे को विकासखंड जहांगीर गंज के समस्त सफाई कर्मचारियों के सहयोग से 85 हजार 500 रुपये एकत्रित हुआ था। जो खंड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी आईएसबी और सहायक विकास अधिकारी पंचायत तथा लेखाकार की उपस्थित मे सहायता राशि दी गई।


मृतक सफाई कर्मी की पत्नी को सहायता राशि देते बीडीओ। अमृत विचार

इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष अच्छे लाल गौतम, दिवाकर यादव जिला मंत्री, शिव प्रसाद दूबे ब्लॉक उपाध्यक्ष, रमेश कुमार गौतम व समस्त सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी टांडा में धूमधाम से मना दशहरा

**टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार** : एनटीपीसी टांडा आवासीय परिसर में दशहरा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्सवों का सपरिवार आनंद लिया। इसके साथ ही रामलीला परिसर में 02 अक्टूबर को रावण वध का आयोजन हुआ।

एनटीपीसी टांडा के कार्यकारी निदेशक जयदेव परिदा ने बाण चलाया और रावण के पुतले का दहन कर कार्यक्रम का समापन किया। उन्होंने दशहरा पर्व पर सभी जनपदवासियों को हार्दिक बधाई दी। असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक का यह पर्व विजयदशमी का त्योहार आपके जीवन मे प्रसन्नता लेकर आए, ऐसी शुभकामनाएं हैं। महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण अजय सिंह यादव, सभी महाप्रबंधक, सभी विभागाध्यक्ष, गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा संघमित्रा परिदा और सदस्याएं तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। एनटीपीसी टांडा में आयोजित इन सफल कार्यक्रमों में आलोक मंदालिया, उमापति पांडेय और नीरज रस्तोगी के अतिरिक्त पूजा समिति के अध्यक्ष तथा महासचिव के साथ-साथ सभी सदस्यों ने इस उत्सव को सफल बनाने में महती भूमिका का निवर्हन किया।


दुर्गा पंडाल में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### श्रद्धालुओं ने राम-रावण युद्ध का देखा मंचन

**जलालपुर** : दशहरा पर्व पर नगर में आयोजित भव्य रामलीला और मेले ने पूरे क्षेत्र को उत्सव के रंग में रंग दिया। हजारों की संख्या में जुटे श्रद्धालुओं ने राम-रावण युद्ध का जीवंत मंचन देखा और परंपरा अनुसार शाम को रावण के पुतले का दहन किया। रामलीला समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सोनी के नेतृत्व में निकली रामलीला झांकी नगर भ्रमण करते हुए मैदान में पहुंची। जहां ऐतिहासिक नाट्य मंचन ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव, उपाध्यक्ष विकास जायसवाल, आनंद मिश्र, सेवा समिति अध्यक्ष संजीव मिश्र, नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि, महामंत्री दीपचंद सोनी सहित मौजूद रहे।

### पीड़ित परिवार को दिया गया 10 बिस्वा का पट्टा

**जलालपुर** : मालीपुर के भिस्वा चितौना गांव में दलित छात्रा की हत्या के बाद प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को राहत देने की पहल शुरू हो गई है। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के आश्वासन के तहत ग्राम सभा में पीड़ित परिवार के नाम 10 विश्वा भूमि का पट्टा प्रदान किया गया। तहसीलदार जलालपुर गरिमा भार्गव ने बताया कि इसके अलावा अहेतुक सहायता दिलाने के लिए जिला मुख्यालय पर पत्रावली भेजी गई है। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि पीड़ित परिवार को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। गौरतलब है कि 27 सितंबर को गांव से कुछ दूर गन्ने के खेत के पास धान के खेत में कक्षा 12 की दलित छात्रा का शव बरामद हुआ था।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई जयंती

**जलालपुर, अमृत विचारः** कन्या सीनियर बेसिक विद्यालय जलालपुर में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। ध्वजारोहण कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की लखीमपुर खीरी की शिक्षिका मारिया कौसर ने किया।

तत्पश्चात छात्राओं ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया और महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन मुख्य अतिथि मारिया कौसर, प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. मोहम्मद असअद द्वारा अर्पित किया गया। इसके बाद इको क्लब के पदाधिकारियों व विद्यालय की पावर एन्जिल छात्रा 8 की फातमा जहरा, सात की युसरा हबीब और कक्षा 6 की शिफा ने भी महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर निबंध एवं पोस्टर की प्रथम और दिव्तीय छात्रा को प्रशस्ति पत्र व पेन देकर सम्मानित किया गया। अतिथि शिक्षिका मारिया कौसर गांधी और शास्त्री के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। शिक्षक डॉ. असद ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के सच्चाई, ईमानदारी के गुणों को अपनाते हुए जीवन में निरन्तर परिश्रम करने की सलाह दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. मोहम्मद कृषि विभाग ने भी अपने विचार रखे। अन्त में समस्त विद्यार्थियों में मिष्ठान वितरण कर राष्ट्र गान के पश्चात कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।



महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते शिक्षिका मारिया कौसर।

# भांजी की तेरही में शामिल होने आए मामा की मौत

**जलालपुर, अमृत विचारः** भांजी की मौत की सूचना पर गुजरात से घर पहुंचे युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के कुसुमखोर गांव निवासी राजेश कुमार 22 वर्ष पुत्र रामचंद्र गुजरात में रहकर मजदूरी कर जीवन-यापन करते थे। चार दिन पूर्व जैतपुर थाना क्षेत्र के नेवादा कला में उनकी 14 वर्षीय भांजी रोशनी की मौत हो गई थी। भांजी के निधन की खबर पाकर राजेश सीधे गुजरात से नेवादा कला पहुंचे थे। बुधवार की रात अचानक राजेश करंट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें इलाज के लिए नगपुर अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। मृतक पांच भाइयों में सबसे छोटा था। इससे पहले परिवार में एक भाई और मां की भी मृत्यु हो चुकी है। उनकी दो बहनें पूनम और अंजलि हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। जैतपुर थाना अध्यक्ष धीरेंद्र आजाद ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।


राजेश कुमार (फाइल फोटो)।

# भक्तिभाव के साथ हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन

संवाददाता, बसखारी

**अमृत विचारः** क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों में स्थापित माता दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन श्रद्धा और भक्तिभाव के बीच शनिवार को शोभायात्रा निकालते हुए किया गया। शोभा यात्रा के दौरान विभिन्न समितियां से जुड़े माता के भक्तों ने शासन व प्रशासन की गाइड लाइन का पालन करते हुए शोभायात्रा निकाली। शोभा यात्रा में जहां इस बार डीजे का शोर कम देखने को मिला।

वहीं अबीर, गुलाल व पटाखों के साथ ध्वनि यंत्रों से बजाने वाले माता के गीतों पर भक्त जमकर थिरकते हुए भक्ति भाव में डूबे नजर आए। इस बार मां दुर्गा की निकाली गई शोभायात्रा में लोक संगीत की भी झलक देखने को मिली। शोभा यात्रा के दौरान हमनी कय छोड़ के नगरिया, कहां जइबू ये मई, विदाई कयइसे करीय माता रानी के विदाई गीतो के साथ, जय माता दी, मां शेरावाली वाली जैसे कई भक्ति भाव से पूर्ण जयकारों से क्षेत्र गुंजयमान रहा। अगले बरस फिर मातारानी के आगमन की मन में अभिलसा लिए माता के भक्त अपने परिवार, स्वयं और गांव-समाज की सुख समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए मातारानी की शोभा यात्रा में शामिल हुए और पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। शोभा यात्रा में शामिल हुडक़ा नृत्य एवं महिलाओं के द्वारा गया जा रहा पचरा गीत लोगों की आकर्षण का केंद्र रहा। थाना अध्यक्ष सुनील कुमार पांडे भारी पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैदी के साथ डटे रहे।


नव दुर्गा की मूर्तियों को विर्सजन को ले जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

# भाजपा जिलाध्यक्ष पर लगाए गए आरोप निराधार

**अंबेडकरनगर, अमृत विचारः** भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के ऊपर राजेसुल्तानपुर नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद कुमार प्रजापति द्वारा लगाए गए अनर्गल आरोप और सोशल मीडिया में गलत बयानबाजी कर चरित्र हनन किए जाने के विरुद्ध भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को जिलाधिकारी से मुलाकात किया।

नगर पंचायत के सभासदों द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष के ऊपर लगाए गए भ्रष्ट्राचार के आरोपों की जांच में तेजी लाने और भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी पर सोशल मीडिया में फर्जी तरीके से विनोद प्रजापति द्वारा लगाए गए। बिना साक्ष्य के निराधार आरोपों पर कानूनी कार्यवाही की मांग किया। भाजपा नेताओं ने विनोद प्रजापति के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा राजेसुल्तानपुर नगर पंचायत में पग-पग पर भ्रष्ट्राचार किया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष पर सभासदों द्वारा भ्रष्ट्राचार के विभिन्न बिंदुओं गम्भीर आरोप लगाते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के साथ जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। नगर पंचायत अध्यक्ष अपने ऊपर लगे आरोपों से बौखला गए हैं। राजेसुल्तानपुर की जनता इनके भ्रष्ट्राचार से आक्रोशित है।

आयोजन

## जिलाधिकारी ने आवासीय परिसर में तिरंगा झंडा फहराकर किया राष्ट्रगान, सत्य के साथ मेरे प्रयोग और गांधी के संदेश पढ़ने की बच्चों से किया अपील

# गांधी-शास्त्री जयंती पर डीएम ने चरखे से दिया आत्मनिर्भरता का संदेश

संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचारः** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती जनपद में धूमधाम और गरिमामय ढंग से मनाई गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला द्वारा सुबह सर्वप्रथम अपने आवासीय परिसर में तिरंगा झंडा फहराकर राष्ट्रगान किया गया। तत्पश्चात जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रंजीत कुमार सहित अन्य अधिकारीयों द्वारा क्षेत्रीय गांधी आश्रम पहुंचकर भारत रत्न राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री आदि महापुरुषों की प्रतिमा और छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा चरखे से सूत कातकर स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भरता का संदेश दिया गया। तदोपरांत कलेक्ट्रेट के पास स्थित भारत रत्न डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके आदर्शों को नमन किया। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा राष्ट्रगान में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में नवोदय विद्यालय की छात्राओं द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से संबंधित भजनों का भावपूर्ण प्रस्तुतिकरण किया गया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कहा कि महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के विचार, आदर्श एवं महान कार्य आज भी समाज को दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने उपस्थित जनसमूह और बच्चों से प्रेरणा लेते हुए इन आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने की अपील किया।

जिलाधिकारी ने बच्चों से आग्रह किया कि वह महात्मा गांधी की आत्मकथा सत्य के साथ मेरे प्रयोग अवश्य पढ़ें। साथ ही उन्होंने गांधी के प्रसिद्ध संदेश को पढने की भी प्रेरणा दी, जिसमें यह विचार निहित है कि जब भी निर्णय लेने में कोई दिक्कत हो या कोई समस्या हो तो यह जरूर सोचना कि हमारे इस निर्णय से जो सबसे गरीब या सबसे कमजोर व्यक्ति है, उसको क्या लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी न्यायिक रंजीत कुमार, अपर उप जिलाधिकारी राजेश कुमार, एआईजी स्टांप पीसी यादव, वरिष्ठ कोषाधिकारी बृजलाल, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. महेश चंद्र द्विवेदी सहित कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं स्वछता ही सेवा अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रति ब्लॉक से एक स्वच्छता कर्मी को मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया।



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला। अमृत विचार

### जनकल्याणकारी योजनाओं का किया बखान

जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और शास्त्री ने स्वतंत्रता संग्राम तथा स्वतंत्र भारत के निर्माण में अमूल्य योगदान दिया है। उनके बताए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से शासन की मंशानुसार 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करने और देश निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. सदानंद गुप्ता ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन-दर्शन पर प्रकाश डालते हुए उनके कार्यों और सरकार की विभिन्न योजनाओं का वर्णन किया।

### नशीली दवा पिला कर धोखाधड़ी की

**जलालपुर** : कोतवाली जलालपुर क्षेत्र में जमीन हड़पने के लिए शराब में नशीली दवा पिलाकर धोखाधड़ी से रजिस्ट्री करा लेने का मामला सामने आया है। मामलें में उपनिबंधक, लिपिक समेत सात लोगों के विरुद्ध जालसाजी धोखाधड़ी समेत कई अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामला चार सितंबर 2024 का है। आलापुर तहसील के निकसपुर निवासी अमित कुमार ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी कटका के दुलहुपुर में पैतृक जमीन है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि रिश्तेदारी के नाम पर बुलाकर उसे शराब में नशीली दवा पिलाई गई और नशे की हालत में जबरन रजिस्ट्री कार्यालय जलालपुर ले जाकर उसकी कीमती पैतृक जमीन का विक्रय लेख तैयार करा लिया गया। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### अश्लील हरकतें करते युवक गिरफ्तार

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना गोसाईगंज पुलिस ने गुरुवार को कटका खानपुर बाजार क्षेत्र में अश्लील हरकतें करने वाले युवक कमलेश निषाद (19) को गिरफ्तार किया। आरोपी कुम्हाई कटावा का निवासी है। पुलिस के अनुसार चौकी प्रभारी और हमराह दल गश्त पर थे, तभी मुखबिर की सूचना पर मायंग रोड सरवन मोड़ से उसे दबोचा गया। कमलेश राह चलती महिलाओं व लड़कियों से अभद्र शब्दों का प्रयोग कर रहा था और अभद्र इशारे कर आक्रोश पैदा कर रहा था।

### पति पर पिटाई के आरोप में केस दर्ज

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर बस्तीपुर निवासी रीता ने अपने पति श्याम लाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर में आरोप लगाया गया कि बुधवार रात करीब साढ़े दस बजे श्याम लाल शराब के नशे में घर पहुंचा और लाठी-डंडे से बड़ी बेटी ज्योति की पिटाई करने लगा। बचाव में पहुंची पत्नी को भी पीटा और जान से मारने की धमकी दी।

### किशोर लापता गुमशुदगी दर्ज

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम कूम्ही भुसोला निवासी राजित राम का 14 वर्षीय पुत्र अभिषेक सोमवार दोपहर घर से साइकिल मरम्मत कराने कूम्ही बाजार गया था। लेकिन देर शाम तक वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने रिश्तेदारी व आसपास तलाश की, मगर कोई सुराग नहीं मिला। आखिरकार बुधवार शाम को मां ऊषा देवी ने थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई।

## ढाबे पर युवक से हुई मारपीट, मौत

**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के बैंती कला निवासी एक युवक की ढाबे पर मारपीट के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबिक बैंती कला शिवाला निवासी सर्वेश यादव एक अक्टूबर की रात दोस्तों संग टोल टैक्स के पास स्थित ढाबे पर खाना खाने गया था। वहां पहले से बैठे कुछ युवकों से कहासुनी हो गई, जो मारपीट में बदल गई। मारपीट में सर्वेश गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे पहले बीएचयू वाराणसी और फिर लखनऊ ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में हमले में मुकदमा दर्ज था। अब हत्या में परिवर्तित कर दिया गया है।

# रावण का पुतला दहन के साथ गूंज उठा जय श्रीराम का उद्घोष

- असत्य पर सत्य की हुई विजय चहुंओर रहा खुशी का माहौल
- शहर में गभड़िया पुल पर हुआ रावण का पुतला दहन

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा जिले में शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। शहर के गभड़िया पुल पर दंभी रावण का विशालकाय पुतला दहन किया गया। जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग उमड़े। इसी तरह जिले के अन्य इलाकों में भी रावण का पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

शुक्रवार को दशहरा का पर्व परंपरागत तरीके से शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। श्री रामलीला ट्रस्ट की ओर से चल रहे रामलीला मंचन में शुक्रवार को शहर में श्रीराम और रावण युद्ध की शहर में झांकी निकाली गई। रामलीला मैदान से निकलकर विभिन्न रास्तों से होते हुए रामलीला के कलाकरों ने मंचन करते हुए गभड़िया पुल पर पहुंचें। यहां पर पहले से ही विशालकाल प्रतीकात्मक रावण का पुतला तैयार किया गया था। परंपरागत तरीके से गभड़िया पुल के बीचोबीच रावण का पुतला खड़ा किया गया था। जहां से पुल शुरू होता है वहां पर बैरियर लगाकर लोगों को रोक दिया गया था। असत्य व सत्य और अन्याय पर न्याय की विजय को दर्शाते हुए यहां पर करीब सात बजे रावण का पुतला दहन किया गया। रावण के दगते ही जय श्रीराम के नारे गूंज उठे। हर तरफ खुशी का माहौल दिखने लगा।



रावण का पुतला दहन के दौरान निकाली गई श्रीराम लक्ष्मण की झांकी।

### दोस्तपुर में धूमधाम से मनाया गया विजयदशमी का पर्व

**दोस्तपुर :** विजयदशमी का पर्व नगर में परंपरागत धूमधाम से मनाया गया। 125 वर्ष पुरानी परंपरा के तहत ब्लॉक स्थित मैदान में रामलीला कमेटी के कलाकारों ने रावण वध का मंचन किया। रावण प्रतिमा का दहन न कर पटाखे फोड़कर प्रतीकात्मक दहन किया गया। लाखों की भीड़ आयोजन की साक्षी बनी। सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस और पीएसी तैनात रही। एसडीएम उत्तम तिवारी, सीओ विनय गौतम समेत जनप्रतिनिधि व संभ्रांतजन मौजूद रहे। उधर, शराबबंदी के बावजूद ब्लॉक के पास अंग्रेजी, बीयर और देशी शराब दोगुने दामों पर बिकती रही। शुक्रवार की रात भरत मिलाप व भव्य झांकियां निकाली जाएंगी।

### कादीपुर में भी सम्पन्न हुआ रावण दहन का कार्यक्रम

**कादीपुर, सुलतानपुर :** विजयदशमी पर्व पर केंद्रीय पूजा व्यवस्था समिति की ओर से गुरुवार देर शाम रावण दहन कार्यक्रम संपन्न हुआ। बरसात के कारण लगभग दो घंटे विलंब से शुरू हुए आयोजन में बंधन हाल से निकली राम-रावण की झांकी तहसील तिराहा, विमल मार्केट व पुरानी बाजार होते हुए गुड़िया तालाब पहुंची। शाम करीब साढ़े सात बजे रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान आतिशबाजी से माहौल गूंज उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने दशहरा को सत्य की विजय और भाईचारे का पर्व बताया। सत्या फाउंडेशन के विवेक तिवारी, चेयरमैन आनंद जायसवाल सहित गणमान्यजन मौजूद रहे।

# तीर्थयात्रियों से भरी बस पलटी, 18 घायल

## कोतवाली देहात क्षेत्र के अयोध्या-प्रयागराज भुलकी-सौरमऊ बाईपास ओवरब्रिज के पास हुआ हादसा

भदैंया, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कोतवाली देहात क्षेत्र के अयोध्या-प्रयागराज भुलकी-सौरमऊ बाईपास ओवरब्रिज के पास शुक्रवार तड़के बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बहराइच से प्रयागराज जा रही एक बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 18 यात्री घायल हुए, जिन्हें जिला अस्पताल भेजा गया।

जानकारी के अनुसार बस में बहराइच जिले के पयागपुर थाना क्षेत्र के 64 यात्री सवार थे। ये यात्री मध्य प्रदेश के पन्ना धाम मेले के लिए रवाना हुए थे। ओवरब्रिज पार करते समय बस चालक को नींद आने से यह अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कई यात्री बस में फंस गए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस व स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को बस से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।





अनियंत्रित होकर तीर्थयात्रियों से भरी बस पलटी। ● अमृत विचार

**नवजात के मिलने पर भावुक हुए लोग**

हादसे के दौरान बस की झटके से एक तीन माह का नवजात अपनी मां से बिछड़ गया। तलाश के बाद बच्चा सुरक्षित मिल गया। इस पर मौके पर मौजूद लोग भावुक हो उठे। जिले के विख्यात सर्जन और संघ संचालक डॉ. एके सिंह ने आरएसएस स्वयंसेवकों को सेवा कार्य में लगाया। उन्होंने घायलों की मदद की और यात्रियों को गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए रोडवेज बस की व्यवस्था कराई।

### रेलवे ट्रैक पर मिले शव की हुई पहचान

**अखंडनगर, सुलतानपुर :** अयोध्या-वाराणसी रेलवे ट्रैक पर सजमपुर फाटक के पास गुरुवार दोपहर ट्रेन की चपेट में आए अज्ञात युवक की मौत हो गई थी। शुक्रवार को शव की पहचान मुकेश कुमार राजभर पुत्र राम अवतार राजभर, निवासी सजमपुर, थाना अखंडनगर के रूप में हुई। सूचना पर चौकी प्रभारी बेलवाई विनोद पटेल व थानाध्यक्ष दीपक कुशवाहा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट व परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## लंभुआ में शोभायात्रा के साथ मां दुर्गा मूर्तियों का विसर्जन

- डीजे की धुन, डांडिया और प्रसाद वितरण से भक्त हुए भावविभोर

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** विजयदशमी के अवसर पर गुरुवार को लंभुआ में शोभायात्रा निकालकर मां दुर्गा की मूर्तियों का धोपाप घाट पर विसर्जन किया गया। सुबह पूजा-अर्चना के बाद मूर्तियों को सजाकर सजे वाहनों में पूरे लंभुआ में भ्रमण कराया गया। भक्तों ने फूल बरसाए, प्रसाद वितरित किया और डीजे की धुन पर डांस किया। छोटी बच्चियों ने डांडिया खेलकर माहौल को और रंगीन बना दिया।

मुख्य चौराहे पर दिलीप उर्फ कल्लू अग्रहरि के नेतृत्व में बड़ी दुर्गा माता एवं काली मां की मूर्तियों का मिलन किया गया। केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष शंकर लाल मोदनवाल ने प्रथम मूर्ति की आरती की और पंडाल पदाधिकारियों तथा डीजे संचालकों को सम्मानित किया। शोभायात्रा के अंत में सभी मूर्तियों को प्रशासन की निगरानी में धोपाप घाट पर गोमती नदी में विसर्जित किया गया।

इस दौरान एसडीएम गामिनी सिंगला और सीओ रमेश के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा। केंद्रीय पूजा समिति ने एसडीएम व सीओ को भी सम्मानित किया।

# सराफा डकैती कांड में गवाही टली

- अब मामले में 16 अक्टूबर को होगी शेष जिरह



विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बहुचर्चित सराफा डकैती कांड की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ निशा सिंह की अदालत में नही हो सकी। मामले में वादी भरतजी सोनी कड़ी सुरक्षा में के साथ कोर्ट में हाजिर हुए। परंतु वकीलो के प्रस्ताव के कारण सुनवाई 16 अक्टूबर तक टल गई। आरोपी त्रिभुवन कोरी , विनय शुक्ल व विवेक सिंह की तरफ से बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने जिरह की है। परंतु जिरह पूर्ण नही होने के कारण नियत तारीख पर भरतजी सोनी से शेष जिरह होगी। गौरतलब है कि 28 अगस्त 2024 को चौक ठठेरी बाजार स्थित सर्राफा व्यापारी भरतजी सोनी की दुकान में हथियारबंद डकैतों ने दिनदहाड़े लाखों की ज्वेलरी लूट ली थी। इस कांड में मास्टरमाइंड विपिन सिंह समेत 12 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी।

### चाचा-भतीजा हत्याकांड में सुनवाई 8 को

अमेठी जिले के मुसाफिरखाना कोतवाली के भद्दौर गांव के रहने वाले संग्रह अमीन सुरेश यादव व उनके भतीजे बृजेश यादव की 27 फरवरी 2023 को गोली मारकर हत्या के मामले में शुक्रवार को सुनवाई नही हो सकी । बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम संतोष कुमार की अदालत में साक्ष्य के लिए तलब किए गए इंस्पेक्टर अमर सिंह को गवाही के लिए तलब किया गया है । अदालत ने मामले में शेष बयान के लिए आठ अक्तूबर की तारीख तय की है।

### पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी के केस में गवाह जरिए वीडियो कान्फ्रेंसिंग तलब

**संवाददाता, सुलतानपुर :** कादीपुर के पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी और अन्य आरोपियों पर विचाराधीन मुकदमे में शुक्रवार को विशेष कोर्ट में विशेष न्यायाधीश राकेश की अदालत ने अभियोजन गवाह को जरिए वीडियो कान्फ्रेंसिंग तलब कर किया है । बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया मामले में सुनवाई के लिए 10 अकटूबर की तारीख नियत की गई है। मामला 17 दिसम्बर 2002 का है, जब कादीपुर क्षेत्र स्थित संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के सामने सड़क दुर्घटना में छात्रा पूनम श्रीवास्तव की मौत हो गई थी। आरोप है कि घटना से आक्रोशित होकर पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी, अभिषेक सिंह राणा, रामार्य पाठक समेत 14 लोगों ने उपद्रव किया। इस संबंध में तत्कालीन कोतवाल शिवराज सिंह की तहरीर पर बलवा समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। विवेचना उपरांत तत्कालीन सीओ कादीपुर विजय नारायण ने सभी 14 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

### महराजगंज प्रधान पति की हत्या के आरोपी ने किया सरेंडर, जेल

महराजगंज प्रधान नफीसा बानों के पति मैनुद्दीन की हत्या के मामले में वांछित आरोपी रोहित तिवारी ने शुक्रवार को एडीजे प्रथम संतोष कुमार की अदालत में सरेंडर कर दिया। अभियोजन पक्ष ने बताया कि कोर्ट ने आरोपी को छह अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया है। उधर, इसी मामले में जेल में निरुद्ध आरोपी हासिम को अदालत से जमानत मिल गई है। 17 जून 2020 को कुड़वार थाने के महराजगंज की प्रधान नफीसा बानो के पति मैनुद्दीन की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के पिता मो. रमजान की तहरीर पर गांव के ही इकबाल उर्फ बालू, खुर्शीद आलम, गुलाम असगरी, बेलाल अहमद उर्फ बिलाल अहमद, शकील अहमद, एकलाख अहमद, जाकिर हुसैन, रितेश राणा, रोहित तिवारी व हासिम के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था।

### साक्ष्य के अभाव में पॉक्सो का आरोपी बरी

लंभुआ थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के 11 साल पूर्व पूर्व अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी रामसजीवन को फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय न्यायाधीश राकेश ने साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। बचाव पक्ष के वकील सुरेश कुमार तिवारी ने बताया कोर्ट ने पीड़िता व गवाहों के पुलिस व कोर्ट के समक्ष दिए गये विरोधाभासी बयान के चलते साक्ष्य के अभाव में आरोपी रामसजीवन को बरी कर दिया है। चार जनवरी 2014 की घटना में पीड़िता के परिजन ने केस दर्ज कराया था।

## जयशंकर त्रिपाठी बने जिलाध्यक्ष

- अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के पदाधिकारियों का हुआ चयन विद्याधर बने प्रदेश कार्य समिति सदस्य व जिले के प्रभारी

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** 2 अक्टूबर को लंभुआ के एक होटल पर अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र नाथ त्रिपाठी का आगमन हुआ। उनके साथ प्रदेश महासचिव श्रीकृष्णा और परशुराम सेना के रत्नाकर चौबे, जिला अध्यक्ष जौनपुर भी उपस्थित रहे।

ब्राह्मण बंधुओं की उपस्थिति में सर्वसम्मति से श्री जयशंकर त्रिपाठी को लंभुआ के जिलाध्यक्ष पद पर, जबकि विद्याधर तिवारी को चांदा के लिए प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं जिले का प्रभारी मनोनीत किया गया। इस अवसर पर विकास मिश्रा, विजय शंकर द्विवेदी, संतोष पांडेय, प्रमोद पांडेय, पंकज तिवारी, अशोक मिश्रा, हरीश तिवारी, शेषनारायण शुक्ला, प्रेम नारायण ओझा, कैलाशचंद्र द्विवेदी प्रधान संघ अध्यक्ष लंभुआ, देवनारायण मिश्रा, पवन पाठक, श्याम नारायण मिश्रा सहित सैकड़ों क्षेत्रीय ब्राह्मण सम्मानित उपस्थित रहे।



चयनित किए गए ब्राह्मण सभा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## न्यायमूर्ति शुक्ल का हुआ स्वागत

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति बने लक्ष्मीकांत शुक्ल का जिले आगमन पर बार एसोसिएशन सुलतानपुर की ओर से भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन शुक्रवार को खुर्शीद क्लब स्थित भारत रत्न पं. अटल बिहारी बाजपेई सभागार में हुआ। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह एवं महासचिव दिनेश कुमार दूबे ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए न्यायमूर्ति शुक्ल का स्वागत किया।

ज्ञात हो कि श्री शुक्ल 15 नवम्बर 2024 से जिले में जिला जज के पद पर कार्यरत रहे और अपने निष्पक्ष कार्य व्यवहार एवं सरल स्वभाव के कारण अधिवक्ता समुदाय में विशेष पहचान बनाई। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारीगण, पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र बहादुर सिंह, नागेंद्र सिंह, काशी प्रसाद शुक्ल , शिवमंगल शुक्ल, महेंद्र शर्मा, अरविंद सिंह राजा, संतोष पांडेय, राजन शुक्ल, अब्बास अहमद खान सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।





न्यायमूर्ति लक्ष्मीकांत शुक्ल का माल्यार्पण करते बार अध्यक्ष।

### हैंडबॉल प्रतियोगिता को आगरा गई टीम

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** प्रदेश स्तरीय माध्यमिक विद्यालय हैंडबॉल प्रतियोगिता में अयोध्या मंडल की टीम शुक्रवार की सुबह रेलवे स्टेशन सुलतानपुर से रवाना हुई। टीम की देखरेख जिला क्रीड़ा सचिव दिलीप सिंह, खेल प्रवक्ता राजेश कुमार और हैंडबॉल कोच प्रवीण कुमार मिश्रा ने की। प्रतियोगिता 4 से 6 अक्टूबर तक आगरा में आयोजित होगी। टीम में एमजीएस इंटर कॉलेज से विजय नारायण सेन, कान्हा धुरिया, दीपक प्रजापति, शिवा; राजकीय इंटर कॉलेज सुलतानपुर से विनय गौड़, लोलेपुर इंटर कॉलेज से मो फैज; केश कुमारी इंटर कॉलेज से दिव्यांशी यादव शामिल हैं। कोच के रूप में बम बहादुर यादव टीम के साथ जाएंगे।

## पांडेयबाबा मेले में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** दशहरे के अवसर पर लगने वाले पूर्वांचल के ऐतिहासिक पांडेयबाबा मेले में बुधवार से ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालु चौरा स्थल पहुंचकर हलुआ, पूड़ी, अनाज, दूध, कौड़ी और फूल-माला चढ़ाकर बाबा के दर्शन कर रहे हैं। पूरे धाम में पांडेयबाबा के जयकारों से गूंज रही है। दर्शन के बाद मेलार्थी दुकानों पर खरीदारी में जुटे रहे। ।

मेले में हर वर्ष की तरह इस बार भी सबसे अधिक कारोबार लाठियों और गट्टों का देखने को मिला। जौनपुर, प्रतापगढ़, अयोध्या, अमेठी, अंबेडकरनगर और रायबरेली सहित प्रदेश के कई जिलों से व्यापारी यहां लाठियां खरीदने पहुंचे। बड़े कारोबारी भी इस व्यापार में शामिल रहे। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए राजनीतिक दलों और समाजसेवियों ने कैंप लगाए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं को जलपान कराया और फर्स्ट एड की व्यवस्था भी की। वहीं पूर्व विधायक अरुण वर्मा, सदर विधायक राजप्रसाद उपाध्याय व प्रमुख चंद्रप्रताप सिंह ने अपने-अपने दलों के साथ कैंप कर मेलार्थियों की सेवा की।

अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **शिवा वर्मा पुत्र अशोक कुमार वर्मा निवासी– पार्षद चौराहा गाज़ीपुर बलराम फाइजुलागंज थाना माड़ियाव लखनऊ** की हाई स्कूल की अंक तालिका रोल नम्बर 1197884 ,/2010( एल पी एस लखनऊ) वास्तव मे कही खो गई है ।

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मै **सूरज कुमार सिंह पुत्र प्रमोद कुमार सिंह, ग्राम व पोस्ट –भीलमपुर, तहसील –मछली शहर, जनपद– जौनपुर**, मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में सूरज कुमार सिंह पुत्र प्रमोद कुमार सिंह अंकित है जबकि मेरे हाईस्कूल प्रमाण–पत्र में सूरज कुमार है। जबकि सूरज कुमार सिंह व सूरज कुमार दोनों एक ही व्यक्ति है। सूरज कुमार सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**

मैं **डेडू पुत्र लाल बहादुर, निवासी– 220 कच्ची बस्ती अम्बेडकर नगर जूही कालोनी कानपुर नगर**। मेरे बचत खाता संख्या–316001000006425 में मेरा नाम डेडू कुमार दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड में वास्तविक नाम डेंडू दर्ज है जो सत्य व सही है।अतः मेरा वास्तविक नाम मेरे खाते में डेडू कुमार के स्थान पर डेडू अंकित किया जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र उसैद उमर व उसकी पत्नी ऐमन को उनके खराब चाल–चलन व मेरे प्रति खराब आचरण के कारण उन्हें अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अतः इन दोनों व इनके बच्चों द्वारा किये गये किसी भी गलत कृत्यों व लेन–देन की जिम्मेदारी उसैद उमर व उसकी पत्नी ऐमन व बच्चों की होगी और मुझसे व मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। **कैसर जहां पत्नी स्व0 मो0 उमर नि0 मो0 देवीस्थान, कस्बा एवं थाना एवं तह0 मोहम्मदी, जिला लखीमपुर खीरी।**

**सूचना**

मैं **कुसुम तिवारी पत्नी श्री अष्टभुज प्रसाद निवास– म. न. 27, पुरदिलपुर, गोरखपुर, उ.प्र.** का नाम भारतीय स्टेट बैंक के शेयर प्रमाणपत्र स. 000174630 में कुसुम त्रिपाठी अंकित है जबकि मेरे आधार व पेन कार्ड में मेरा नाम कुसुम तिवारी है। मैं घोषणा करती हूं कि कुसुम त्रिपाठी व कुसुम तिवारी दोनों नाम मेरे ही हैं।

**सूचना**

मैं MUSHTAQ AHMAD पुत्र ABDUL HALEEM निवासी– ग्राम हरैया पो. बहरामपूर, जिला– गोरखपुर का निवासी हूँ, मेरे नाम में MUSHTAQ की स्पेलिंग MUSTAQ लिख गई हैं। जबकि मेरे सभी दस्तावेजों में हर जगह MUSHTAQ अंकित हैं, आज से व भविष्य में मेरे नाम MUSTAQ AHMAD की जगह MUSHTAQ AHMAD ही लिखा जाये, जो पूर्णता सही हैं।

**Public Notice**

This is to inform all concerned that I, Mohd Tauheed Malik, son of Mohd Salman Hashmi, resident of Bhaggapurwa, Nanpara Dehati, District Bahraich, hold High School Roll Number 24CSC0903 (Jamia Millia Islamia, New Delhi).Due to an error, my father's name appears as "Salman Hasmi" in my result. The correct and full name is Mohd Salman Hashmi, which is true and recognized.— Mohd Tauheed Malik

**आस्था**

दुर्गा पूजा महोत्सव पर बच्चों ने की तैयार, श्रद्धालु कर रहे दर्शन

# हनुमानगंज बाजार में 80 फीट की वैष्णो गुफा बनी आकर्षण

भदैंया, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** विकासखंड के अंतर्गत विभिन्न गांवों, बाजारों और कस्बों के चौराहों पर सजे दुर्गा पूजा पंडालों में गुरुवार शाम से मेला शुरू हो गया है। इन पंडालों के आसपास रोशनी की झालरों से रौनक बनी हुई है। हनुमानगंज बाजार में शंभूगंज मार्ग पर स्थानीय बच्चों ने 80 फीट लंबी वैष्णो माता की गुफा तैयार की है, जहां गुरुवार से श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं।

इस गुफा को वैष्णों माता के मंदिर की तर्ज पर बनाया गया है, जिसमें रास्ते में पड़ने वाले अनेक दर्शन बिंदु शामिल हैं। पंडाल को बाहर से पहाड़ का रूप दिया गया है और यह गुफानुमा पंडाल लगभग 100 फीट क्षेत्र में फैला हुआ है। इसका निर्माण स्थानीय कलाकारों ने किया है। वैष्णो देवी समिति के राजेश कुमार चौरसिया ने बताया कि पिछले कई वर्षों से माता का पंडाल वैष्णो गुफा के रूप में सजाया जा रहा है। इसका उद्देश्य उन भक्तों को माता के दर्शन कराना है जो जम्मू स्थित मूल मंदिर तक नहीं जा पाते हैं, ताकि वे यहां आसानी से मां का आशीर्वाद प्राप्त कर सकें। पंडाल के अंदर कई मूर्तियां और सेल्फी पॉइंट बनाए गए हैं। इसमें एक कृत्रिम झरना, भैरव महादेव मंदिर, मां के चरण और मां की विभिन्न मूर्तियां भी स्थापित की गई हैं, जो वैष्णो देवी दरबार का आभास कराती हैं। पूरा पंडाल गुफा के भीतर ही बसा है पंडाल में पुरुष और महिलाओं के लिए अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार बनाए गए हैं। रंग-बिरंगी लाइटें भक्तों को और अधिक आकर्षित करती हैं। इस आयोजन में संतलाल जायसवाल, जफर, आशीष, मोहित, अंश, अभय, सुमित, नैतिक, अमित, हरिकेश, शिवा, रमाशंकर, अनिल, राहुल, सचिन, रोली व सोनू सहित कई सदस्य अपना सहयोग दे रहे हैं।



पूजा पंडाल में सजा माता रानी का दरबार।



पूजा पंडाल में पिंडी रूप में सजा माता रानी का दरबार। ● अमृत विचार

## बरसात और हवा से गिरी धान की फसल

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** बुधवार की रात से शुरू हुई बरसात से किसान मुदित हुए वही रुक रुक कर हो रही बरसात से अब किसानों के चेहरे लटक गए हैं। बताते चलें कि बरसात व हवा के चलते किसानों की अगेती धान की फसल जिसमें बाल निकल आई थी खेतों में गिर गई है। किसानों ने बताया कि बरसात व हवा से जो फसलें गिर गई हैं उनका नुकसान हो जायेगा। खेतो में पानी भरा है फसल गिरने से धान की बाल पानी में डूब जाने से नुकसान होगा। जयसिंहपुर विकास खंड के पीढी गांव निवासी किसान राम तीरथ ने बताया कि पहले ही पानी के चलते फसल गल गई थी।

## न्यूज ब्रीफ

### पीएम श्री विद्यालय का किया गया निरीक्षण

**रुपईडीह :** दो अक्टूबर को राज्य अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग की सदस्य अनीता गौतम ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी के साथ पीएमश्री विद्यालय छितौनी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय मे गांधी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हुए पाया गया। नामांकित छात्र संख्या के सापेक्ष कम उपस्थिति होने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवधेश त्रिपाठी से छात्र छात्राओं की उपस्थिति के बारे मे जानकारी हासिल किया। उन्होंने विद्यालय भवन की स्थिति, कक्षा कक्ष मे रोशनी, पेयजल तथा शौचालय की व्यवस्था को देखकर संतोष व्यक्त किया। शिक्षक सूर्य मणि पाण्डेय, मनीष उपाध्याय, अजय पाल सिंह उपस्थित रहे।

### चोरी की चेन के साथ महिला गिरफ्तार

**मनकापुर :** मोहल्ला राजेन्द्र नगर निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी मां चंद्रकांति देवी नवरात्र के आखिरी दिन रुदापुर स्थित सम्मय माता स्थान पर पूजा करने गई थीं, जहां एक महिला ने उनके गले से चेन छीनने का प्रयास किया। जिसे स्थानीय लोगो के द्वारा पकड़े जाने पर चेन बरामद हो गई। पुलिस ने वादी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी रीना पत्नी अशोक, निवासी मीरगंज थाना खलीलाबाद, जनपद संत कबीर नगर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। आरोपी महिला पर गोरखपुर, सिद्धार्थनगर व बस्ती में चोरी और एनडीपीएस एक्ट के कई मुकदमे दर्ज हैं।

### भंडारे के दौरान मारपीट

**नवाबगंज :** लौवावीरपुर गांव में बच्चों का मामूली विवाद मारपीट में तब्दील हो गया। पड़ोसी दबंगों ने घर में घुसकर महिला की बेरहमी से पिटाई कर दी। पीड़िता गुड़िया देवी, पत्नी विनोद ने बताया कि उनका बेटा अंश भंडारे में प्रसाद बांट रहा था। तभी पड़ोसी अंकुश तिवारी ने अभद्रता की और मारपीट की। बच्चा रोते हुए घर लौट आया और घटना बताई। गुड़िया देवी का कहना है कि जब वह शिकायत करने पहुंचीं, तो विपक्षी पक्ष ने गाली-गलौज और लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। घटना के बाद गांव में गहरा आक्रोश और दहशत का माहौल है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### एससी-एसटी आयोग की सदस्य ने किया निरीक्षण

**गोंडा :** उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग की सदस्य अनीता गौतम ने दो दिवसीय भ्रमण के तहत जनपद में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सर्किट हाउस में उपजिलाधिकारी सदर, उपजिलाधिकारी तरबगंज, उप श्रमायुक्त, उपायुक्त राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, सहायक मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न विभागों से अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग को उपलब्ध कराई जा रही योजनाओं की जानकारी ली गई। उन्होंने राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास नवीन/पुराना एवं बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया।

### दुकान पर हमला

**नवाबगंज :** कोल्हमपुर बाजार में फास्टफूड एवं पान मसाले की दुकान चलाने वाले शिकायतकर्ता हरिश्चन्द्र यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका बेटा शनि यादव दुकान पर बैठा था, तभी कुछ लोग पान मसाला लेने आए। पैसे मांगने पर विवाद होने लगा, और मामला जल्द ही हिंसक रूप ले लिया। इसी बीच दूसरी गाड़ी से लगभग 5-6 लोग वहां पहुंचे और शनि यादव तथा उनके परिवार के सदस्यों पर बर्बर हमला कर दिया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### मांगपत्र सौंपा

**गोंडा :** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी माले ने जन समस्याओं को लेकर एक मांग पत्र जिलाधिकारी को दिया है, साथ ही चेतावनी दी है यदि समस्या का निस्तारण नहीं किया गया तो जिलाधिकारी कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में प्रभारी जमाल खान, सदस्य जिला कमेटी राजीव कुमार, कृष्ण नारायण वर्मा मौजूद रहे।

### नवागत डिप्टी आरएमओ ने संभाला कार्यभार

**गोंडा :** जौनपुर से आए नवागत डिप्टी आरएमओ एनके पाठक ने कार्यभार संभाल लिया। उनका स्वागत जिले में तैनात रहीं डिप्टी आरएमओ प्रज्ञा मिश्रा ने किया। उनका स्थानांतरण अमेठी जिले के लिए हो गया है। नवागत जिला खाद्य विवरण अधिकारी ने बताया कि किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाएगा। मूल्य समर्थन योजना का लाभ मिले इसके लिए हर संभव प्रयास होगा। सरकारी नीति का पूरा पालन किया जाएगा।

# कड़ी सुरक्षा के बीच विसर्जित की गईं मां दुर्गा की प्रतिमाएं

**चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रही पुलिस, डीएम-एसपी भ्रमणशील रहकर करते रहे निगरानी, शोभा यात्राओं में महिला, पुरुष, बच्चे और नवयुवक शामिल हुए**

संवाददाता, गोंडा


विसर्जन के लिए मां की प्रतिमा ले जाते श्रद्धालु। अमृत विचार


प्रतिमा विसर्जन के दौरान नृत्य करतीं महिलाएं। अमृत विचार


शोभायात्रा को रवाना करते एसपी व केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र के 10 वें दिन बृहस्पतिवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच माता की प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। कुछ एक घटनाओं को छोड़कर विसर्जन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। पिछले वर्ष प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए बवाल से सबक लेते हुए पुलिस इस बार ज्यादा सतर्क रही। आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील, आईजी अमित पाठक, डीएम प्रियंका निरंजन व एसपी विनीत जायसवाल खुद भ्रमणशील रहकर विसर्जन शोभायात्रा के निगरानी करते रहे। जिले के सभी इलाकों में देर रात तक मां की प्रतिमाओं का विसर्जन सकुशल करा दिया गया।

विसर्जन से पहले पुलिस प्रशासन की तरफ से किया गया होमवर्क बृहस्पतिवार को दिखाई पड़ा। दोपहर बाद से ही प्रतिमाएं निकलना प्रारंभ हो गयी। ड्यूटी पर तैनात मजिस्ट्रेट व पुलिसकर्मी पूजा कमेटीयों के कार्यकर्ताओं से समन्वय बनाकर मूर्तियों को उनके गंतव्य तक भेजते रहे। शहर की अधिकांश प्रतिमाएं खैरा भवानी मंदिर परिसर स्थित पवित्र सरोवर में विसर्जित की गयी। नगर क्षेत्र में श्री गुरु नानक चौराहे पर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने अपनी पुत्री के साथ प्रथम प्रतिमा का पूजन अर्चन किया व ध्वज दिखाकर प्रतिमा को विसर्जन के लिए रवाना किया। केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष अरुण शुक्ला व महामंत्री राकेश वर्मा गुड्डू ने बताया कि पूरे जिले में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। धानेपुर बाजार की प्रतिमाओं का विसर्जन बिसुही नदी पर बने सशक्तिकरण संगम घाट पर किया गया। यहां मेहनौन विधायक विनय द्विवेदी व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मंशाराम वर्मा मौजूद रहे।

कटरा बाजार की प्रतिमाएं टेढ़ी नदी में विसर्जित की गयीं। मनकापुर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांव और कस्बा से दुर्गा प्रतिमाओं का भव्य विसर्जन संपन्न हुआ। कस्बा के स्टेशन तिराहा, बाजार, उतरौला रोड, चौक समेत विभिन्न स्थानों से निकलने वाली शोभा यात्राओं में महिला, पुरुष, बच्चे और नवयुवक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। प्रतिमाओं का मनवर तट व बगुलही पुल पर विसर्जन कराया गया। इटिहवा पुल पर एसडीएम अवनीश त्रिपाठी राजस्व कर्मियों के साथ लगातार व्यवस्था संभालते दिखे। नवाबगंज में स्थापित 192 दुर्गा प्रतिमाओं का विधि-विधानपूर्वक विसर्जन किया गया। श्रद्धालुओं की भीड़ सरयू तट, ढेमवा घाट और चौखड़िया मंदिर की नदी तक उमड़ पड़ी। "जय माता दी" के गगनभेदी उद्घोष से घाटों पर आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। शाम को कस्बे की सड़कों पर निकली शोभायात्रा ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बालपुर बाजार की दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन टेंढी नदी मे किया गया। इटियाथोक क्षेत्र की दुर्गा प्रतिमाएं बिसुही नदी में विसर्जित की गयीं।

### अलग-अलग स्थानों से 620 प्रतिमाओं का किया गया सरयू घाट पर विसर्जन

करनैलगंज नगर की करीब एक दर्जन दुर्गा प्रतिमा की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा नगर के चौक घंटाघर से गाड़ी बाजार, नई बाजार, लारी रोड, कसगरान से पुन: चौक से स्टेशन रोड से होते हुए लखनऊ रोड पहुंची। सभी दुर्गा प्रतिमाओं का संतोषी माता मंदिर पर महा आरती के बाद सरयू घाट ले जाया गया। क्षेत्र के अलग अलग स्थानों से करीब 620 दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन विभिन्न सरयू घाटों पर किया गया।

## विसर्जन के दौरान नदी में डूबा युवक, मौत


हादसे के बाद लिखा पढ़ी करती पुलिस। अमृत विचार

**गौरा चौकी, अमृत विचार:** खोड़ारे में दौलतपुर ग्रांट की भालू कोनी नदी पर दशहरे के अवसर पर मूर्ति विसर्जन के दौरान एक दुखद हादसा हो गया। 22 वर्षीय मोहित पुत्र नंदकिशोर निवासी दौलतपुर ग्रांट खलंगवा की नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को नदी से निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस हादसे ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया है। परिजनों ने बताया कि गुरुवार को गांव से मूर्ति विसर्जन करने के लिए कुआनो नदी भालू कोनी घाट पर गया हुआ था। थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने बताया कि युवक की नदी में डूब कर मौत हो गई है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज पटेल मृतक के घर पहुंचे और परिजनों से मिलकर सांत्वना दी।

## मूर्ति विसर्जन जुलूस में चली गोली

**गोंडा, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के बुधई पुरवा पूरे शिवा बख्तावर ग्राम में मूर्ति विसर्जन का जुलूस निकल रहा था तभी दो पक्षों में मारपीट हो गई। घटना मे गोली चलने की बात भी सामने आई है।

पूरे शिवा बख्तावर ग्राम के निवासी 20 वर्षीय निखिलेश शुक्ला पुत्र सहदेव , 22 वर्षीय सत्येंद्र शुक्ला पुत्र वासु देव शुक्ला मूर्ति विसर्जन का जुलूस हनुमंत लाल शुक्ला के घर के पास पहुंचा तभी फायरिंग और मार पीट शुरू हो गई, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। घायल निखिलेश शुक्ला ने बताया कि मूर्ति विसर्जन का जुलूस उस की कमेटी के लोग लेकर जा रहे थे। जुलूस हनुमंत लाल शुक्ला के घर के पास पहुंचा तभी दस बारह लोगों ने मिलकर हमला कर दिया। आरोप है कि फायरिंग की गई। गोली उनके

- दो भाई समेत तीन घायल

पैर में लगी तथा चचेरे भाई सत्येंद्र शुक्ला को पैर को छूते हुए निकल गई। गोली का छर्रा लगा है। घायल अवस्था में इलाज के लिए मेडिकल कालेज लाया गया। निखिलेश शुक्ला का अभी जिला चल रहा है, जबकि सत्येंद्र शुक्ला का मेडिकल के बाद छोड़ दिया गया। वहीं दूसरी तरफ हनुमंत लाल शुक्ला ने बताया कि वह घर के पास बैठा हुआ था। मूर्ति विसर्जन के लिए जा रही जुलूस उस के घर के पास पहुंचा तभी एक दर्जन से अधिक लोगों ने लाठी डंडा तलवार से हमला कर के मारने पीटने लगे । जिस से वह घायल हो गया। घटना की तहरीर दो पक्षों के लोगो ने एक दूसरे के खिलाफ में दिया है। नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

### मारपीट में पूर्व प्रधान समेत तीन घायल

**इटियाथोक :** दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान गुरुवार की सायं तिर्रेमनोरमा गांव में दो पक्षों के बीच पुरानी चुनावी रंजिश को लेकर संघर्ष हो गया। घटना शाम करीब सात बजे की है जब गांव में प्रतिमा विसर्जन की प्रक्रिया चल रही थी। आरोप है कि इसी दौरान पूर्व प्रधान अमर सिंह व उनके पुत्र सत्यम सिंह निवासी तिर्रेमनोरमा पर गांव के ही विश्वजीत उर्फ सूरज, कपिल, शिवशंकर, शिवम, विनय, राजन और बलवंत ने लाठी, डंडा, हाकी, फरसा, कुल्हाड़ी और ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। हमले में अमर सिंह, सत्यम सिंह और कृष्णपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

## जुमे की नमाज को लेकर सतर्क रहा प्रशासन


शहर में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते अधिकारी। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन और जुमे की नमाज को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। शुक्रवार को मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील, पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक तथा पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने शहर क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। नमाज के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए अधिकारियों ने शहर के प्रमुख मार्गों, मस्जिदों और विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस तैनात रही तथा ड्रोन कैमरों व सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी की गयी।

## रावण वध के साथ गूंजा जय श्रीराम

- बाण लगते ही जल उठा अधर्म और अन्याय का प्रतीक रावण


करनैलगंज में धू-धू कर जलता 40 फिट का रावण का पुतला। अमृत विचार


रथ पर बैठे भगवान राम व लक्ष्मण। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** महापराक्रमी रावण के मरण पर तुलसीदास जी ने मानस में लिखा है कि गर्जेउ मरत घोर रव भारी..कहाँ रामु रन हतौं पचारी। अर्थात मरते समय रावण ने घोर गर्जना की और कहा कि कहां हैं राम अभी रणभूमि में उन्हें पछाड़ता हूं। जैसे ही वह भूमि पर गिरा धरती हिल उठी। इसी बीच भगवान राम के बाण से अंहकार रूपी रावण जल उठा। रामलीला मैदान में यह दृष्य देख श्रद्धालु जय श्री राम का उद्घोष करने लगे। समूचा आकाश इस उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। रामलीला मैदान में मौजूद हजारों की संख्या में राम भक्त इस ऐतिहासिक धर्मयुद्ध के साक्षी बने। दहन के साथ ही त्रिलोक विजेता रावण का दंभ भी चूर चूर हो गया।

नौ दिन तक चली रामलीला के अंतिम चरण में बृहस्पतिवार को विजयदशमी का पर्व पूरे श्रद्धा विश्वास और उत्साह के साथ मनाया गया। जिले भर में असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक का यह पर्व रावण के पुतले के दहन के साथ संपन्न हुआ। शहर के रामलीला मैदान पर रावण दहन से पहले श्रीराम और रावण युद्ध का मंचन किया गया। हजारों लोगों की मौजूदगी में दोनों सेनाओं के बीच भयंकर युद्ध हुआ। इसके अतिरिक्त धानेपुर, खरगूपुर व अन्य स्थानों पर भी रावण दहन कर विजयदशमी का पर्व मनाया गया।

करनैलगंज नगर के बस स्टॉप स्थित श्रीरामलीला मैदान में गुरुवार को जैसे ही 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन हुआ, पूरा मैदान जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। यहां रावण का 40 फिट ऊंचा पुतला लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर जगद्गुरु श्रीवल्लभाचार्य जी महाराज के दर्शन को भक्त लालायित रहे।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**कटरा बाजार :** अशोकपुर डीहा गांव निवासी देवराज मिश्र का बेटा अभिषेक (20) अपने रिश्तेदार की युवती के साथ अयोध्या दर्शन के लिए मोटरसाइकिल से गया हुआ था।नंदिनी नगर नबाबगंज के पास अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। जिसमे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए दोनों लोगों को जिला चिकित्सालय अयोध्या ले जाया गया जहाँ डॉक्टर ने अभिषेक को मृत घोषित कर दिया, वहीं घायल युवती का इलाज चल रहा है। पुलिस ने इसकी सूचना परिजनों को दी है।परिजन अयोध्या पहुंच गए हैं और उनका रो-रो कर हाल बेहाल है। मृतक के चाचा साहब राम मिश्र ने बताया कि अभी कुछ महीने पूर्व अभिषेक की शादी हुई थी। गौना अभी नही आया था। मृतक दो भाइयों में सबसे बड़ा था। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में कटरा बाजार थाना क्षेत्र के युवक व युवती घायल हुए थे।


अभिषेक (फाइल फोटो)।

## सिटी डायरी

### महिला सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता रैली का आयोजन


जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करतीं डीएम।

**गोंडा :** महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित "मिशन शक्ति 5 .0" अभियान के अंतर्गत शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज से जागरूकता रैली निकाली गयी, जिसे जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली महिला सशक्तिकरण, स्वावलंबन, सुरक्षा, शिक्षा एवं जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित रही। जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण न केवल समाज के विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। मिशन शक्ति जैसे कार्यक्रम महिलाओं को जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी , मिशन शक्ति कार्यक्रम की प्रभारी पुलिस विभाग प्रतिभा सिंह ने भी विचार रखे।


स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को सम्मानित करतीं एसडीएम नेहा मिश्रा

### धूमधाम से मनाई गई गांधी-शास्त्री जयंती

**गोंडा :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर जिलेभर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयुक्त सभागार मे कार्यक्रम का शुभारंभ आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर तथा कर्मचारियों को देश एकता, अखंडता के शपथ दिलाई गयी। वहीं जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। तहसील कर्नलगंज अंतर्गत ग्राम पतिसा में स्वतंत्रता वर्ष-1942 के संग्राम सेनानी श्री रामअचल द्विवेदी आचार्य उम्र 100 वर्ष को उनके आवास पर जाकर अंग वस्त्र व भगवत गीता देकर उपजिलाधिकारी करनैलगंज नेहा मिश्रा ने सम्मानित किया।


विजयदशमी पर शस्त्र पूजन करते लोग।

### विजयदशमी पर हुआ शस्त्र पूजन

**गोंडा :** इटियाथोक में विजयदशमी पर्व पर शस्त्र पूजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग संगठनमंत्री शिवराम सिंह मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि आज के ही दिन भगवान राम ने रावण पर विजयश्री प्राप्त किया था। कार्यक्रम का संचालन सरस्वतीपुरम हनुमान चालीसा प्रमुख संदीप तिवारी ने किया। अंतराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल के नेतृत्व शस्त्र पूजा किया गया। पूजन का कार्यक्रम ग्रामसभा तेलियानी कानूनगो के सरस्वतीपुरम दुर्गा पूजा पंडाल में अहिप जिलामंत्री सियाराम शर्मा, राजन शर्मा, मनोज श्रीवास्तान, विजय तिवारी, मनीष चौरसिया, लवकुश शर्मा मौजूद रहे।

### सफाई कर्मचारियों को ओम शान्ति की बहनों ने किया सम्मानित


सम्मानित किए गए सफाई कर्मचारी। अमृत विचार

**तरबगंज :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ओम शान्ति के कार्यालय पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सफाई कर्मचारियो को अंग बस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में ब्लाक प्रमुख मनोज पाण्डेय व नगरपंचायत अध्यक्ष कमलेश पाण्डेय उपस्थित रहे। ब्लाक प्रमुख मनोज पाण्डेय ने कहा की हम सब सफाई कर्मचारी हैं और अपने आसपास पास पड़ोस को गन्दा ना होने दे सफाई पर विशेष ध्यान दे।

**हौसलों की उड़ान**

**6 वर्षीया नन्ही उड़नपरी का हौसला देखकर हर कोई अचंभित**

## हाथ में तिरंगा लेकर 10 किमी दौड़ी अनामिका

संवाददाता, गोंडा



दौड़ लगाती अनामिका मिश्रा। अमृत विचार

**अमृत विचार :** मिशन शक्ति 5 अभियान के तहत शुक्रवार को 6 वर्षीय अनामिका ने हौसलों की उड़ान भरी तो उसकी हिम्मत और जोश को देखकर हर कोई अचंभित रह गया। दावे के उन्होंने अनामिका ने एक घंटे में 10 किमी की दूरी को दौड़कर पूरा किया। हाथ में तिरंगा लेकर दौड़ लगाती अनामिका जिसने भी देखा उसी ने अनामिका के हिम्मत की तारीफ की और उसका हौसला बढाया। दौड़ पूरी होने के बाद स्थानीय समाजसेवियों ने अनामिका को माला पहनाकर उसका उत्साहवर्धन किया।

6 वर्षीय नन्हीं उड़नपरी अनामिका इटियाथोक क्षेत्र के भीखमपुरवा गांव की रहने वाली है। उसके पिता मनोज मिश्रा प्राथमिक विद्यालय भीखमपुरवा में प्रधानाध्यापक हैं और अनामिका इसी विद्यालय में कक्षा एक की छात्रा है। अनामिका ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मिशन शक्ति अभियान को गति देने के क्रम में महात्मा गांधी की जयंती पर शुक्रवार को भवनियापुर खुर्द पुलिस चौकी से इटियाथोक बाजार तक दौड़ लगाने का ऐलान किया था। अनामिका ने दावा किया था कि वह 10, किमी की दूरी को बिना रुके एक घंटे में तय करेगी। उसकी इस दौड़ को लेकर लोगों में उत्सुकता थी। शुक्रवार की सुबह 6 बजे अनामिका ने भवनियापुर खुर्द पुलिस चौकी से अपनी दौड़ प्रारंभ की। हाथ में तिरंगा लेकर दौड़ लगाती अनामिका का जज्बा देखने लायक था। वह बिना थके, बिना रुके लगातार दौड़ रही थी। नन्ही सी बच्ची को सड़क पर दौड़ लगाते देख लोग उसके हिम्मत की दाद दे रहे थे।

## न्यूज ब्रीफ

### दबंगों पर श्रमिक को छत से ढकेलने का आरोप

**नानपारा, बहराइच, अमृत विचार :** दबंगों ने काम कर रहे मजदूर को छत से धकेल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक इलाज के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। बीते 1 अक्टूबर को लखीमपुर धौरहरा से काम करने आए मजदूर मुस्तकीम का काम के दौरान विवाद हो गया था। श्रमिक के साथी अशरफ अली ने तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह और मुस्तकीम नानपारा में गारा-गिट्टी का काम कर रहे थे, तभी वहां आए कुछ दबंगों से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर पुलिस मौके पर पहुंची और काम रोक दिया। इसी दौरान जब वे अपना सामान समेट रहे थे, विपक्षी गोपाल टेकड़ीवाल के बेटे संजय टेकड़ीवाल ने कथित तौर पर गाली-गलौज करते हुए मुस्तकीम को छत से धक्का दे दिया। धक्का लगने से मुस्तकीम सीढ़ियों से नीचे गिरकर घायल हो गया।

### जंगली जानवर ने चार लोगों पर किया हमला

**बहराइच, अमृत विचार :** कैसरगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम गंडारा में गुरुवार को जंगली जानवर ने चार लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। जंगली जानवर ने गुरुवार सुबह गांव में घुसकर सात साल के किशन पुत्र ओम प्रकाश यादव, खतीजा डेढ़ साल पुत्री मो .अजहर, रुबीना 15 साल पुत्री अजीज व वारिश अली 40 वर्ष पुत्र अली शेर पर हमला कर दिया। ग्राम प्रधान व अन्य ग्रामीणों ने पहुंच कर सभी घायलों का इलाज कराया। ग्रामीण के मुताबिक हमलावर जानवर भेड़िया था जबकि वन विभाग सियार का हमला बता रहा है। इसकी जानकारी वन विभाग को दे दी गई है। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम जांच पड़ताल कर रही है।

# धूमधाम से मना दशहरा, रावण दहन देखने उमड़ी भीड़

## विजयादशमी पर विभिन्न स्थानों पर मेलों का किया गया आयोजन, आकर्षण का केंद्र रही आतिशबाजी

**छाया उल्लास**

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** जिलेभर में गुरुवार को धूमधाम से दशहरा मनाया गया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रामलीला मैदान में राम-रावण युद्ध का मंचन हुआ। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के अग्निबाण चलाते ही लगभग 55 फिट का रावण का पुतला, मेघनाद व कुम्भकर्ण का पुतला धू-धू कर जल गया। रावण दहन देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी।

रावण दहन के बाद की गयी आतिशबाजी लोगों के आकर्षण का केन्द्र रही। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने जनपदवासियों को विजयदशमी की बधाइयां दीं। ग्रामीण अंचलों में भी दशहरे की धूम रही।

नगर में हुए दशहरा मेले के रावण वध का मंचन किया गया। रामलीला का मंचन मथुरा-वृंदावन से आयी टीम ने कर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, नगर पालिका चैयरमेन सुधा टेकड़ीवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी पद्मसेन चौधरी, विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार, प्रान्तीय समरसता प्रमुख राज किशोर, जिला प्रचारक अजय कुमार, एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, एएसपी सिटी रामानन्द कुशवाहा, सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार, सीओ सिटी पहुप सिंह, ईओ प्रमिता सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रामलीला कमेटी के अध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल ने किया। इस अवसर पर जय जय अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, राहुल रॉय, राधेश्याम त्रिपाठी, राकेश चन्द्र श्रीवास्तव, मनोज गुप्ता, सचिन श्रीवास्तव, कमल शेखर गुप्ता, अंशुमान यज्ञसैनी, अशोक सैनी, जीतेन्द्र प्रताप सिंह जीतू, विनय जैन, वासु साहू, राहुल दीक्षित, सुशील कुमार, राकेश मित्तल, चन्द्रपाल यादव, जगदम्बा सोनी, राजीव सिंह, हर्षित राज श्रीवास्तव, रणविजय सिंह, नन्हेलाल लोधी, पवन जायसवाल, विपिन यज्ञसैनी, दाऊजी सोनी, हरिश्चन्द्र गुप्ता, अमित शर्मा, एसपी मिश्रा, केके मिश्रा, सुरेश गुप्ता, केके सक्सेना, आनंद गुप्ता, जय प्रकाश अवस्थी, प्रकाश गुप्ता, देव कुमार रस्तोगी, राघव टेकड़ीवाल, आकाश सोनी, मनीष रस्तोगी, सौरभ मिश्रा, सूरज केवट, कुंदन लोधी, अखिलेश यादव गोले, निशा आदि मौजूद रहे।

**बंजरिया मे रावण वध के साथ संपन्न हुआ दशहरा मेला : बाबागंज।** थाना रुपईडीहा अंतर्गत बंजरिया में प्रधान प्रतिनिधि पंकज आर्य के नेतृत्व में आयोजित दशहरा मेले मे बाह्य नाट्य कंपनी द्वारा रामलीला व रावण वध लीला का मंचन किया। व्यवस्था मेला कमेटी अध्यक्ष श्रवण वर्मा व दुर्गा पूजा कमेटी अध्यक्ष अनिरुद्ध वर्मा द्वारा कराई गई। सुरक्षा के लिए प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत फोर्स के साथ मौजूद रहे।



रावण को बाण मारता प्रभु श्रीराम के किरदार को निभाता कलाकार। ● अमृत विचार



बाण लगते ही धू-धूकर जलता रावण का पुतला। मौके ● अमृत विचार

### रावण वध होते ही गूंजा जय श्रीराम का उद्घोष

**नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार :** विजयादशमी धूमधाम से मनाई गई। मंगली नाथ रामलीला मैदान में रावण के पुतले का दहन किया गया। मंगली नाथ शिव मंदिर के प्रांगण में रामलीला मैदान में मेले का आयोजन किया गया वहीं रावण वध का मंचन किया गया। रामलीला मैदान में मर्यादा पुरुषोत्तम राम का रावण के साथ भीषण युद्ध हुआ। विभीषण ने रावण की नाभि में अमृत होने की जानकारी भगवान राम को दी मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने रावण की नाभि में बाण मारकर रावण का वध किया। रावण का वध होते ही राम की सेना ने जय श्रीराम का उद्घोष किया। इससे वातावरण भक्ति मय हो गया। दर्शक आतिशबाजी कर खुशियां मनाने लगे। इस मौके पर रामलीला समिति अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, ब्लाक प्रमुख अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक रमाशंकर यादव, रिंकू सिंह, संजय पाल सिंह,विशाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### कैसरगंज में धू-धू कर जला रावण का पुतला

**कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार :** रामलीला ग्राउंड में रावण के पुतले का दहन किया गया, जिसे देखने के लिए सैकडों लोग उपस्थित रहे। स्थानीय रामलीला मैदान में हो रहे दशहरे में रामलीला कमेटी की ओर से पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, गौरव वर्मा, एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह सिंह सहित समाजसेवियों व पदाधिकारियों को कमेटी के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह रैकवार व सदस्यों ने स्मृति चिह्न एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवानंद सिंह, सत्यदेव सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुबेद वर्मा, गजेन्द्र सिंह, शिव सहाय सिंह, प्रफुल्ल राज़ सिंह, गुलाब सिंह, हीरालाल मौर्य, राघव सिंह, अरविन्द यज्ञसेनी,अनिल सोनी, डॉ . शैलेश कृष्ण, आशू सोनी समेत बड़ी संख्या में लोग रामलीला मैदान में मौजूद रहे।

### पयागपुर में बाण लगते ही धराशायी हुआ दशानन, जलाया गया पुतला



**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** विजयादशमी का पर्व क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित दशहरा मेला देखने भारी भीड़ पहुंची। क्षेत्र में 24 स्थानों पर रामलीला मंचन के साथ गुरुवार को विशाल दशहरा मेला का आयोजन किया गया। जिसमे राम रावण युद्ध के मंचन के साथ रावण के पुतले का दहन किया गया ।ण् मेले में लोगों की भारी भीड़ जमा हुई। भूपगंज बाजार स्थित 64 वे राम लीला महोत्सव में रामलीला मैदान पर सम्पन्न हुए रावण वध की लीला का मंचन देखने क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी, समाजसेवी ओमप्रकाश मिश्रा ,विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी मौजूद रहे। भगवान श्री राम द्वारा रावण का वध कर अग्नि बाण से रावण के पुतले का दहन किया गया ।इस दौरान समूचा परिसर दर्शकों से खचाखच भरा रहा। रावण वध होते ही दर्शकों ने जय श्रीराम का उद्घोष कर खुशी का इजहार किया।

# पुलिस कार्रवाई के विरोध में बंद रहा गंगवल बाजार

- डीजे की ध्वनि और मॉडिफाइड वाहनों को लेकर छह युवकों पर केस दर्ज करने से आक्रोश
- विधायक के आश्वासन पर माने लोग, खुलीं दुकानें



लोगों को समझाते विधायक सुभाष त्रिपाठी।

**विशेश्वरगंज, बहराइच, अमृत विचार :** गुरुवार को गंगवल क्षेत्र में प्रशासन की कार्रवाई से माहौल गरमा गया। शांतिपूर्ण दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के अगले दिन पुलिस ने डीजे की ध्वनि और मॉडिफाइड वाहनों को लेकर छह युवकों पर केस दर्ज कर दिया। इस कार्रवाई से लोगों में आक्रोश फैल गया और बाजार बंद हो गया। कल्याण नाथ मंदिर परिसर में रानू सिंह, विकास सिंह, प्रमोद सोनी, बड़े बाबू पांडे, छोटू सिंह, विनोद जैसवाल, रिंकू गुप्ता, नितिन जैसवालसहित सैकड़ों लोग धरने पर बैठ गए। भीड़ तिराहे पर पहुंच गई और सड़क जाम कर दिया। करीब 2 बजे विधायक सुभाष त्रिपाठी पहुंचे और अधिकारियों से वार्ता की। विधायक ने लोगों को आश्वासन दिया कि दर्ज मुकदमा वापस लिया जाएगा। उनके आश्वासन पर बाजार पुनः खुल गया।

# निंदूरपुरवा कांड में आठ पर मुकदमा, पांच लोग गिरफ्तार

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** रामगांव थाना क्षेत्र के टेपरहा ग्रामसभा के निंदूरपुरवा गांव में बुधवार को हुई दिल दहला देने वाली वारदात ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। दो बच्चों की हत्या और फिर किसान विजय मौर्या द्वारा परिवार संग आत्मदाह की घटना से हर कोई मर्माहत है। मृत बच्चों के चाचा हीरालाल की तहरीर पर पुलिस ने आठ लोगों को नामजद करते हुए एफआईआर दर्ज की है। इनमें से पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं। जबकि तीन फरार हैं। पुलिस ने विजय, जितेंद्र, बलराम, बहादुर, श्रवण, गुड्डू, मनोज और भगवान को नामजद किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ चल रही है और फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। गुरुवार को मृतकों का अंतिम संस्कार अलग-अलग किया गया। दो बच्चों के शवों का दाह संस्कार निंदूरपुरवा में हुआ, जबकि विजय मौर्या, उनकी पत्नी और दो बेटियों के शवों का अंतिम संस्कार बहराइच नगर में संपन्न हुआ। अंतिम यात्रा में भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी और पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया।

# विसर्जन जुलूस में क्रेन ने बाइक सवारों को रौंदा, दो लोगों की मौत

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** शुक्रवार की शाम करीब 4:30 बजे कुड़वा ओबरब्रिज के पास मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान पहले से दुर्घटनाग्रस्त डीसीएम को क्रेन ले कर जा रही थी। क्रेन की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में ग्राम बम्भौरा मजरा बरुहा निवासी 40 वर्षीय वीरेंद्र यादव पुत्र राज बहादुर व प्रकाश पुत्र मोलहे 38 वर्षीय निवासी आदमपुर मजरा पुरैनी शामिल हैं।। जब यह घटना हुई तब जरवल रोड से जुलूस का काफिला घाघरा घाट मूर्ति विसर्जन के लिए जा रहा था सूचना पर जुलूस में मातम छा गया।

शांतिपूर्ण माहौल में जुलूस घाघरा घाट तट पर सभी प्रतिमाओं का विसर्जित किया गया दो दर्जन से अधिक मूर्तियों के साथ बीस हजार से अधिक भक्त शामिल रहे। अचानक हुई टक्कर से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रभारी निरीक्षक जरवलरोड संतोष सिंह ने बताया कि दुर्घटना ग्रस्त डीसीएम को क्रेन लेकर लखनऊ की ओर जा रही थी। क्रेन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गयी।

## जयंती पर याद किये गये बापू व शास्त्रीजी

**नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार :** नवाबगंज थाना परिसर व प्राथमिक विद्यालय प्रथम तथा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चौगड़वा में गुरुवार को महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गयी। प्राथमिक विद्यालय प्रथम में प्रधानाध्यापिका सालमा बेगम ने ध्वज फहराकर कर गांधी जी तथा शास्त्री जी के चित्रों पर माल्यार्पण किया । थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक रमाशंकर यादव ने ध्वजारोहण किया, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चौगड़वा में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ मुकीम अहमद ने ध्वजारोहण किया।

# शस्त्र पूजन कर निकाला गया पथ संचलन

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना दिवस विजयादशमी के अवसर पर नगर सहित विभिन्न विकास खंड केंद्र स्थित मंडल में शस्त्र पूजन कर पथ संचलन निकाला गया। स्वयंसेवको द्वारा रक्तदान किया गया।

बहराइच नगर में महाराज सिंह इंटर कॉलेज में एकत्र स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए सह प्रांत व्यवस्था प्रमुख राम लखन जी ने कहा कि विजयदशमी का पर्व संपूर्ण समाज के लिए पावन स्मृति है। इसी दिन राष्ट्रीय सेवा संस्कार और स्वाभिमान के पद पर चलने वाले एक महान संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शुभारंभ हुआ था, आज राष्ट्र आराधन सेवा और समर्पण का 100 वर्ष पूर्ण हुआ है। संघ का प्रत्येक स्वयंसेवक मातृभूमि की सेवा को अपना परम धर्म मानता है। इसके उपरांत स्वयंसेवकों द्वारा पथ संचलन निकाला गया जो गुरु नानक चौक, छावनी चौराहा, घंटाघर छोटी बाजार होते हुए महाराज सिंह इंटर कॉलेज में पहुंचकर समाप्त हुआ। महसी में आयोजित कार्यक्रम को संघ के वरिष्ठ प्रचारक प्रांत सामाजिक समरसता संयोजक राजकिशोर ने संबोधित किया। पयागपुर, फखरपुर, तेजवापुर विकासखंड के बेड़नापुर, हुजूरपुर में कार्यक्रम आयोजित किये गये। जरवल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभाग सेवा प्रमुख रंणजय सिंह ने कहा कि संघ द्वारा अनेक सेवा कार्य चलाये जा रहे हैं। शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम में जिला संचालक वासुदेव, सह जिला संघ चालक डॉ मनोज त्रिपाठी ,जिला कार्यवाह भूपेंद्र, सह जिला कार्यवाह अंकुश एवं हनुमान प्रसाद, जिला प्रचारक अजय आदि थे।



कार्यक्रम में मौजूद स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

## दुर्गा प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** शनिवार को दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। 66 स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की गई थी,जिनका विसर्जन शनिवार को किया गया।

**कैसरगंजः** नवरात्र के समापन पर गुरुवार को दुर्गा की प्रतिमाओं का भव्य विसर्जन किया गया। विसर्जन यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे, जलपान और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में विजय कुमार सिंह पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, वरिष्ठ समाज सेवी डॉ अरविन्द कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## विजयादशमी पर संघ का शस्त्र पूजन

**बलरामपुर, अमृत विचार :** विजयादशमी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर जिले भर में शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य कार्यक्रम जिला कार्यालय रमना पार्क में हुआ। अध्यक्षता विभाग संघचालक सौम्य अग्रवाल ने की। मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक प्रवीण रहे। इसी क्रम में श्रीदत्तगंज, उतरौला व पचपेड़वा खंडों में भी शस्त्र पूजन हुए। श्रीदत्तगंज में डॉ. जेपी पांडे की अध्यक्षता में पंच परिवर्तन पर प्रकाश डाला गया। जरवा सीमा क्षेत्र में भी कार्यक्रम हुआ, जहां जिला प्रचारक जितेंद्र कुमार ने कहा कि संघ की स्थापना 1925 में हुई । पचपेड़वा ब्लॉक के फरेंदी में 101 कन्याओं का पूजन किया गया।



दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस में शामिल विधायक व अन्य गणमान्य लोग।

### शोभायात्रा के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाएं विसर्जित

**बलरामपुर, अमृत विचार :** मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। नगर व विभिन्न पंडालों से आई प्रतिमाएं मां दुर्गा पूजा केंद्रीय समन्वय समिति के तत्वावधान में वीर विनय चौराहे पर एकत्र हुईं। इस अवसर पर सदर विधायक पलटू राम मुख्य अतिथि, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला विशिष्ट अतिथि और भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत समिति अध्यक्ष एवं नगर परिषद अध्यक्ष डॉ . धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, कार्यकारी अध्यक्ष अविनाश मिश्रा, महामंत्री अंकुर चौहान व अन्य पदाधिकारियों ने अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर किया। शोभायात्रा कालीथान मार्ग होते हुए राप्ती नदी तट पर पहुंची जहां श्रद्धालुओं ने प्रतिमाओं का विसर्जन किया।

## डीएम ने किया पचपेड़वा विकास खंड का निरीक्षण

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** डीएम पवन अग्रवाल ने शुक्रवार को विकास खंड पचपेड़वा का औचक निरीक्षण किया। बीडीओ कार्यालय के निरीक्षण में उन्होंने विभिन्न पटलों के कार्यों का जायजा लिया। इसके उपरांत डीएम ने ग्राम पंचायत अमरहवा एवं गनवरिया बगुलाहा का भ्रमण कर योजनाओं से संतृप्तिकरण की स्थिति का सत्यापन किया। अमरहवा में योजनाओं में लापरवाही पाए जाने पर उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव को निलंबित करने का निर्देश दिया। एडीओ पंचायत के विरुद्ध भी कार्यवाही का निर्देश दिए। डीएम पवन अग्रवाल ने अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी कि कोई भी पात्र लाभार्थी योजनाओं से वंचित न रहे।

# ट्रक ने दो बाइकों को मारी टक्कर, चार की मौत

**बलरामपुर, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कांदभारी चौराहा मोड़ पर बुधवार देर रात सड़क हादसे में चार युवकों की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

बुधवार की रात लगभग 12 बजे छह युवक दो बाइकों से बलरामपुर से उतरौला की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कांदभारी चौराहे के निकट ट्रक ने दोनों बाइकों को टक्कर मार दी जिससे मौके पर ही मूडाडीह गांव निवासी संजय कुमार वर्मा (23), गोलू (17), कल्लू (14) और अंकित (17) की मौत हो गई। वहीं ओरिंद वर्मा (22) और दिनेश कुमार मौर्य (22) गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को पहले संयुक्त जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां से उन्हें रेफर कर दिया गया। नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**गुमड़ी में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, कई घायल : महदेइया बाजार।** उतरौला-गोंडा मुख्य मार्ग पर गुरुवार रात गुमड़ी घाट से दुर्गा प्रतिमा विसर्जन कर लौट रही श्रद्धालुओं से की ट्रैक्टर-ट्रॉली राजेंद्र नगर महदेइया पहुंचते ही पलट गई। ट्रॉली में 18-20 लोग सवार थे। हादसे में सड़क किनारे पैदल जा रहे तिवारी पुरवा निवासी भजनू (35) गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रॉली पर सवार स्वाति वर्मा (20), आकाश वर्मा (19), जानवी (8), खुशबू (22) समेत दर्जनभर लोग भी चोटिल हुए।

सूचना पर सीओ और एसडीएम उतरौला मौके पर पहुंचे और राहत कार्यों का जायजा लिया। एंबुलेंस से घायलों को अस्पताल भेजा गया। सीओ ने बताया कि अधिकतर लोगों को हल्की चोटें आईं, जबकि एक गंभीर रूप से घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### मूर्ति विसर्जन के दौरान ट्रैक्टर पलटा, 15 बच्चे घायल

**गैसड़ी, बलरामपुर, अमृत विचार :** गुरुवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान एक ट्रैक्टर पेरा पहाड़ी नाले में पलट गया। हादसे में लगभग 15 बच्चे घायल हो गए। घटना ग्राम पंचायत बानगाई के बघेलखंड बंधे के पास हुई। बताया जा रहा है कि चौकी इंचार्ज ने नाबालिग विवेक पुत्र रामदयाल को जबरदस्ती ट्रैक्टर चलाने को कहा। बैक करते ही ट्रैक्टर नाले में जा गिरा। ट्राली चार पहिया होने के कारण पलटी नहीं, लेकिन झटके से उसमें सवार बच्चों को चोटें आईं। घायलों में 3 से 60 वर्ष तक के बच्चे और वृद्ध शामिल हैं, जिनमें शमशेर, रीता, दीपक, उत्तिम, विनय, प्रमोद, रामवीर, अश्विन, माधरी जैसे नाम शामिल हैं। बच्चों और अन्य घायलों को स्थानीय लोगों ने ट्राली से बाहर निकालकर लिए अस्पताल भेजा। प्रभारी निरीक्षक जरवा राकेश पाल और क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर बृजनंदन राय ने मौके पर जाकर जांच शुरू की। उप जिला अधिकारी तुलसीपुर राकेश कुमार जंयत ने कहा कि घटना की पूरी जांच कराई जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष पूर्व प्रधान विजय सिंह और ग्रामीणों ने घायलों का उचित इलाज और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# कर निर्धारण में अनियमितता पर पालिकाध्यक्ष का कड़ा रुख

**बलरामपुर, अमृत विचार :** आदर्श नगरपालिका परिषद में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर लगाम कसने के उद्देश्य से परिषद अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने कड़ा रुख अपनाया है। अध्यक्ष के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी प्रकार की अनियमितता, अवैध वसूली या भ्रष्ट आचरण की सूचना मिलने पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

इसी क्रम में कर वसूली में अनियमितता की शिकायत के आधार पर कर्मचारियों अजय कसेरा, विजय कुमार और अजय पाण्डेय के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। जांच में यदि शिकायत सत्य पाई गई तो इनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई कर उनकी सेवा समाप्त की जाएगी। अध्यक्ष डॉ. धीरू ने बताया कि यह कार्रवाई परिषद की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति का हिस्सा है। परिषद में कार्यरत गौशाला और अन्य कर्मचारी यदि भ्रष्टाचार में संलिप्त पाए गए तो उन पर भी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने आम जनता से अपील की कि यदि किसी को भी अवैध वसूली या अनियमितता की जानकारी हो तो निःसंकोच इसकी सूचना परिषद को दें। परिषद जनता को स्वच्छ, पारदर्शी और जवाबदेह शासन देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**पर्व** — बड़े परेड ग्राउंड में सम्पन्न हुआ भव्य आयोजन

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दशहरा महोत्सव

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा का पर्व जिले में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुरुवार को सनातन धर्म सभा द्वारा 75वां दशहरा महोत्सव बड़े परेड ग्राउंड में भव्य आयोजन के साथ सम्पन्न हुआ। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू के विशेष सहयोग से मंच सजावट व आकर्षक आतिशबाजी की व्यवस्था की गई। मेले में बच्चों सहित सभी उम्र के लोग उत्साहित नजर आए।

शहर के सिटी पैलेस रोड से भगवान श्रीराम व वानर सेना की शोभायात्रा निकाली गई जो बड़ा पुल, चौक, वीर विनय चौराहा होते हुए परेड ग्राउंड पहुँची। मुख्य अतिथि सदर विधायक पलटूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, एडीएम ज्योति राय व एएसपी विशाल पाण्डेय ने भगवान श्रीराम का तिलक कर स्वागत किया। परेड ग्राउंड में राम-रावण युद्ध का मंचन हुआ और देखते ही देखते श्रीराम के अग्निबाण से रावण, कुम्भकर्ण व मेघनाद के पुतले धू-धू कर जल उठे। रावण वध के साथ पूरा मैदान जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। लाखों की भीड़ इस ऐतिहासिक पल की साक्षी बनी।

सनातन धर्म सभा महामंत्री संजय शर्मा ने बताया कि 75 वर्षों से लगातार दशहरा महोत्सव आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बलरामपुर राजपरिवार, रामलीला समिति व नगर पालिका का विशेष सहयोग रहता है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशासन ने चाक-चौबंद इंतजाम किए थे।



बड़े परेड ग्राउंड में धू धू कर जलते रावण, मेघनाथ व कुंभकर्ण का पुतले।

# आजादी दिलाने में गांधीजी का महत्वपूर्ण योगदान

**बलरामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कलेक्ट्रेट सभागार में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने दोनों महान नेताओं के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व ज्योति राय, एडीएम न्यायिक शिव नारायण सिंह, अपर उप जिलाधिकारी समेत कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। गोष्ठी को संबोधित करते हुए डीएम पवन अग्रवाल ने कहा कि गांधी जी ने सामाजिक और आर्थिक समानता के लिए जीवनभर संघर्ष किया। अंग्रेजों के खिलाफ अहिंसक आंदोलनों से उन्होंने देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं शास्त्री जी की सादगी और देशभक्ति सभी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने सिखाया कि कठिन समय में साहस और धैर्य बनाए रखना आवश्यक है।

डीएम ने कहा कि गांधी जी की स्वराज और आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना आज भी प्रासंगिक है। सभी को उनके विचारों को आत्मसात कर स्वदेशी उत्पाद अपनाने चाहिए और जिस क्षेत्र में कार्यरत हैं उसमें श्रेष्ठ प्रदर्शन कर देश निर्माण में योगदान देना चाहिए। सभी सरकारी-अर्द्ध सरकारी कार्यालयों व विद्यालयों में गोष्ठियों का आयोजन हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### खो-खो प्रतियोगिता में दिखा बच्चों का दम

**सिद्धार्थनगर :** जनपद स्तरीय बेसिक खो-खो प्रतियोगिता शुक्रवार को देर शाम स्पोर्ट्स स्टेडियम में संपन्न हुई। संकुल और ब्लाक स्तरीय विजेता टीमों के दरम्यान जिला चैंपियन बनने के लिए जबरदस्त टक्कर देखने को मिली। विभिन्न राउंड के कड़े मुकाबलों के बाद बालक वर्ग में पूर्व माध्यमिक विद्यालय कूड़ी डुमरियागंज की टीम विजेता एवं कंपोजिट स्कूल कठमोरवा खेसरहा की टीम ने उपविजेता की उपाधि हासिल करने में सफलता प्राप्त की। बालिका वर्ग में संपन्न रोमांचक प्रतिस्पर्धा के बाद खुनियांव ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय मधवापुर कलां ने विजेता तथा बर्डपुर ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय भगवानपुर की टीम ने उपविजेता का खिताब अपने नाम कर लिया। यहां कार्यक्रम नियाज़ कपिलवस्तुवी, ईओ सदर रामकुमार सिंह सहित बीईओ धर्मेन्द्र कुमार पाल, कमला प्रसाद एवं जिला समन्वयक सुरेंद्र श्रीवास्तव, जिला क्रीड़ा अधिकारी आशुतोष अग्निहोत्री, उपेन्द्र नाथ उपाध्याय, सीमा द्विवेदी, मुस्तन शेरुल्लाह, रवीन्द्र सिंह गुर्जर, सत्येन्द्र गुप्ता, अरूण सिंह, आलोक आनंद, रमेश कुमार, विपिन पटेल, दिव्या जायसवाल, साधुसरन, दीपक श्रीवास्तव आदि रहे।

### महाविद्यालय में मनाई गई गांधी जयंती

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर :** स्थानीय शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वामी विवेकानन्द एवं रानी लक्ष्मीबाई इकाई के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। इस दौरान डॉ. एके सिंह, डॉ. राम किशोर सिंह, मीडिया प्रभारी डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, मेजर मुकेश कुमार, प्रो. सुशील कुमार, डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. अजय सिंह, राजू प्रजापति, इन्द्रदेव वर्मा, जयराम, पंकज सिंह, अश्वनी सिंह तथा छात्र-छात्राएं समीक्षा सिंह, खुशी, नीलू आदि की सक्रिय सहभागिता रही।

### जीएसटी घटने से आम जनता को राहत

**सिद्धार्थनगर :** जनपद मुख्यालय के आवास कैंप पर भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने जीएसटी घटने के बाद एक प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि जीएसटी घटने से सरलीकरण से अनुपात लागत घटती है और उपभोक्ताओं तथा व्यवसायियों के लिए पारदर्शिता बढ़ती है जीएसटी सुधारो ने कर व्यवस्था को सरल बनाते हुए दो प्रमुख दरें रखी हैं। आवश्यक वस्तुओं पर 5 परसेंट और अधिकांश वस्तुओं पर 18 परसेंट भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने जीएसटी कम करते हुए देश के लगभग सभी वर्गों को बढ़ती हुई महंगाई में काफी राहत दी है। कहा कि डेरी उत्पाद व वाहन खरीदारी में लोगों को राहत मिली है।

# महात्मा गांधी विश्व के लिए हैं आदर्श पुरुष

## महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती कार्यक्रम पर जिलाधिकारी ने झंडारोहण किया

संवाददाता, सिद्धार्थनगर


महात्मा गांधी व शास्त्री जीं के चित्र पर माल्यार्पण करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर गत दिनों कलेक्ट्रेट भवन पर जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण कार्यक्रम के पश्चात सभी अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा सामूहिक राष्ट्रगान का गायन किया गया। ध्वजारोहण के कार्यक्रम के अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी (न्यायिक) शशांक शेखर राय, जिला आबकारी अधिकारी वीर अभिमन्यु कुमार व अन्य कलेक्ट्रेट के कर्मचारी व अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस दौरान डीएम ने कहा महात्मा गांधी भारत के ही नहीं विश्व के लिए आदर्श पुरुष हैं।

ध्वजारोहण कार्यक्रम के पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में दो महान विभूतियों राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी (न्यायिक) शशांक शेखर राय तथा कर्मचारियों द्वारा माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट के सभी कर्मचारियों द्वारा भी दोनों महान विभूतियों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती विद्या मन्छिर इन्टर कालेज के बच्चों द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया।

गांधी जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज हम सभी लोग भारत देश के महान विभूतियों का जन्मदिन मना रहे हैं। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी ने हमारे देश भारत को सत्य व अहिंसा का मार्ग अपनाकर भारत देश को आजाद कराया था। लाल बहादुर शास्त्री जी ने हरित क्रान्ति और श्वेत क्रान्ति की शुरूआत की। उन्होंने जय जवान, जय किसान का नारा दिया। हमारे जनपद में भी इसी नारे की आवश्यकता है। हमारा जनपद कृषि आधारित जनपद है। 2.5 लाख से अधिक किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त हो रहा है। किसानों की समस्याओं को दूर करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य करना चाहिए। सिद्धार्थ नगर आकांक्षी जनपद है, सभी लोग मिलकर कार्य करें, जिससे जनपद को अग्रणी जनपद बनाया जा सके। हम सभी लोग प्राथमिकता के आधार पर सभी की समस्याओ का निस्तारण कराएंगे। अपने पद के दायित्वों का निर्वहन करें। शासन की मंशानुसार सरकार द्वारा चलायी जा रही योजना के अनुसार कार्य करें। सिद्धार्थनगर को विकसित जनपद बनाना है। सभी लोग मिलकर कार्य करें, जिससे जनपद को आगे ले जायें। इस दौरा डीएम ने कहा महात्मा गांधी भारत के ही नहीं विश्व के लिए आदर्श पुरुष हैं। हम सभी लोगो को इनके सपनों को साकार करना है तथा इनके विचारो को आत्मसात करें। हम सभी को टीम भावना के साथ कार्य करना चाहिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयन्ती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती के अवसर पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को सन्देश दिया तथा विश्व के लिए अंहिसा का रास्ता खोला। जन आन्दोलन से पूरे देश को आन्दोलन का रास्ता दिखाया और बिना हिंसा के हम सभी को आजादी दिलायी।

वहीं उपजिलाधिकारी न्यायिक शशांक शेखर राय, अधिवक्ता सत्यदेव सिंह, आदि लोगों द्वारा गांधी जी के आदर्शो व उनके द्वारा देश को आजाद करने में किये गये योगदान के बारे में बताया। कार्यक्रम संचालन प्रेमसागर चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के कर्मचारीगण अधिकारी उपस्थित थे। इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके झा के साथ जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों में फल वितरण किया गया।

### होलसेलर और रिटेलर के साथ डीएम ने की बैठक

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव की उपस्थिति में रवी की फसल में खाद बिक्री के सम्बन्ध में होलसेलर और रिटेलर के साथ बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने होलसेलर एवं रिटेलरो से वार्ता किया गया। कुछ होलसेलर एवं रिटेलरों द्वारा अपनी समस्या से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने उनकी समस्याओं का समाधान करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने धान की फसल के दौरान खाद को लेकर जो समस्या आयी है वह समस्या रवी की फसल में बिल्कुल नहीं आना चाहिए। थोक विक्रेता व कम्पनी द्वारा उर्वरकों के साथ टैगिंग कदापि न दे। इस दौरान उप कृषि निदेशक राजेश कुमार, एआर कोआपरेटिव, जिला कृषि अधिकारी मु. मुजम्मिल एवं होलसेलर और रिटेलर उर्वरक विक्रेता आदि उपस्थित थे।

# स्वच्छता अभियान में बच्चों व महिलाओं की उपस्थिति बहुत जरूरी: उदय


विभिन्न स्वच्छता प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ महाप्रबन्धक उदय बोरवणकर व मौजूद अन्य। अमृत विचार

संवाददाता, गोरखपुर

- गांधी जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर

**अमृत विचार।** 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर के मुख्य आतिथ्य में रेलवे अधिकारी क्लब, गोरखपुर में स्वच्छोत्सव-स्वच्छता ही सेवा समारोह का आयोजन किया गया। यहां महाप्रबंधक ने कहा कि स्वच्छता अभियान में बच्चों व महिलाओं की उपस्थिति बहुत जरूरी है।

समारोह में महाप्रबंधक उदय बोरवणकर, अपर महाप्रबंधक विनोद कुमार शुक्ला, प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर प्रमुख विभागाध्यक्ष, पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन (नरवो) की अध्यक्ष मनीषा बोरवणकर, सदस्यायें एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग की रोकथाम हेतु महाप्रबन्धक के निर्देश पर पुराने अनुपयोगी लिनेन से बनाये गये थैलों का वितरण किया गया। समारोह के उपरान्त प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र बनाने एवं स्वच्छता अपनाने के लिये बौलिया एवं बिछिया रेलवे कॉलोनियों का निरीक्षण किया।

समारोह को संबोधित करते हुये महाप्रबन्धक उदय बोरवणकर ने कहा कि 17 सितम्बर से 1 अक्टूबर, 2025 तक 'स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम पूरे देश में मनाया गया। मंडलों एवं मुख्यालयों में स्वच्छता रैली निकाली गई। स्कूलों में स्वच्छता पर आधारित कविता, निबन्ध, पेंटिंग एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा खेल-कूद कार्यक्रम आयोजित किये गये।

महाप्रबन्धक ने नवरात्र व विजयदशमी की शुभकामनायें देते हुए कहा कि इस स्वच्छता अभियान में बच्चों व महिलाओं की उपस्थिति बहुत जरूरी है। इस दौरान स्वच्छता सम्बन्धी निबन्ध, पोस्टर, ड्राइंग एवं पेंटिंग, कविता आदि प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनई रेलवे हायर सेकेंडरी स्कूल, एनई रेलवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं एनई रेलवे गर्ल्स इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सीटीयू श्रेणी में वाराणसी मंडल ने प्रथम, इज्जतनगर मंडल ने द्वितीय एवं लखनऊ मंडल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वेस्ट टू आर्ट श्रेणी में अमित कुमार, शिवकुमार एवं दीपक कुमार सक्सेना ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। बेस्ट सफाई मित्र का क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार विजय बासफेरे, वीरेन्द्र एवं रामनगीना ने प्राप्त किया।

कार्यक्रम में स्वागत सम्बोधन प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर नरेश कुमार ने किया। स्वच्छता ही सेवा ब्रीफ रिपोर्ट उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर निकुंज सक्सेना ने प्रस्तुत किया तथा समारोह का संचालन आसिफ जहीर ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन मुख्य चल स्टाक इंजीनियर एचएम. अनिल कुमार ने किया। कार्यक्रम की जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### 250 प्रतिमाओं को किया गया पुरस्कृत

**गोरखपुर, अमृत विचार।** असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयदशमी के दिन असुरन चौक पर महाशक्ति स्वागत द्वार समिति द्वारा पुरस्कार वितरण और सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। असुरन चौक से गुजरने वाली 250 मां दुर्गा की प्रतिमाओं को पुरस्कृत किया गया और आयोजको को सम्मानित किया गया। असुरन चौक से एक से एक शानदार प्रतिमाओं का श्रद्धालुओं ने दर्शन किया यह प्रतिमाएं जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से होकर असुरन चौक से गुजरती है ऐसे प्रतिमाओ को पुरस्कृत करने का काम महाशक्ति स्वागत द्वार समिति के पदाधिकारी द्वारा किया गया। हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल पेश करते हुए पूर्व पार्षद अशरफ अली ने कहा कि जो इंसानियत को नहीं पहचानता उनका कोई धर्म व मजहब नहीं होता है। इसलिए सबसे पहले इंसानियत है फिर कोई धर्म और मजहब है।शिवेंद्र पांडे ने कहा कि अशरफ भाई उनका पूरा परिवार सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता है वहीं धार्मिक आयोजनों में भी उनकी सहभागिता रहती है।

# शोहरतगढ़ में मनाया गया शताब्दी उत्सव और विजयादशमी पर्व

संवाददाता, शोहरतगढ़ (सिद्धार्थनगर)

**अमृत विचार।** नगर पंचायत शोहरतगढ़ कस्बे के श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से शताब्दी उत्सव व विजयादशमी पर्व मनाया गया।

इस दौरान बौद्धिक देते हुए विभाग प्रचारक राजीव नयन ने कहा कि भारत माता पर कई तरह की विपत्तियां आई। इन विपत्तियों की चिकित्सा करने को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नींव पड़ी। डॉ. हेडगेवार ने संघ के रूप में भारत माता को छाया देने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि संघ ने भी तमाम यातनाएं सही है। गांधी जी की हत्या के बाद संघ पर प्रतिबन्ध लगा। इस दौरान स्वयंसेवकों का उत्पीड़न भी किया गया, बावजूद स्वयंसेवक कार्य करता रहा। दैवीय आपदा, चीन युद्ध के समय में भी स्वयंसेवक राष्ट्र कार्य करते रहे। विभाग प्रचारक ने कहा कि समाज में अन्धकार होने पर दीपक बनकर जलना पड़ता है। अंग्रेजी हुकूमत के समय अंग्रेज परेशान थे कि देश में राष्ट्र भक्ति कहां से आ रही है। उन्हें यह नहीं पता था कि जब वह सो रहे थे तब शाखा में राष्ट्र भक्ति सीख कर स्वयंसेवक घर लौट आता था। यह संघ की व्यवस्था थी। वहीं संघ कई यातनाओं के बाद भी स्वामी विवेकानन्द की सोच के संकल्प को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। देश में मुगल आंक्राताओं ने पुजारी व महात्माओं की हत्या के बाद जनेऊ को तोड़वाने का कार्य किया। जिसे देश कभी भूल नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि हम विश्व का कल्याण सोचने वाले लोग हैं। हम दुनिया को संदेश देने वाले लोग हैं। यहां चींटी को भी मारने से बचते हैं, बल्कि चींटी को आटा देते हैं। यह संस्कार भारत का है। पक्षी को कटोरी में पानी देते हैं। गाय को पहली रोटी देते हैं और कुत्ते को अन्तिम रोटी देते हैं।

इस दौरान जिला प्रचारक विशाल, खण्ड संघ चालक रामदास पाण्डेय, राम मिलन त्रिपाठी, पंकज श्रीवास्तव, चन्द्रशेखर सिंह, ऋषि वर्मा, विधायक विनय वर्मा, अभिषेक पाल, राजेश आर्या, सौरभ गुप्ता, भोला कसौधन, रवि अग्रवाल, श्याम सुन्दर चौधरी, अभय प्रताप सिंह, नीलू रूंगटा, आनन्द कसौधन, भीम चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

# पथ संचालन कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया विजयदशमी उत्सव

संवाददाता, सिद्धार्थनगर


प्रभु श्रीराम के चित्र समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य।

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नौगढ़ नगर के सिद्धार्थ बस्ती द्वारा नगर पालिका के अवैद्यनाथ सभागर में शुक्रवार को विजयदशमी उत्सव मनाया गया। इसके उपरांत संघ स्थापना के शताब्दी वर्ष पर पथ संचालन किया गया, इसमें हर आयु वर्ग के स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए आरएसएस के सह प्रांत प्रचारक सुरजीत ने कहा कि विजयदशमी का उत्सव बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। वैसे तो देशभर में लगभग दो हजार से अधिक उत्सव मनाए जाते हैं, लेकिन संघ द्वारा इनमें से छह उत्सव को मनाने के लिए चुना है। इसी में से एक विजयदशमी उत्सव मनाया जा रहा है। विजयदशमी के दिन 1925 को नागपुर में संघ की स्थापना हुई थी, संघ की स्थापना को सौ वर्ष पूरे हो चुके हैं। आरएसएस के शताब्दी वर्ष में कदम रखने के कारण यह वर्ष काफी महत्वपूर्ण है। इसलिए हमें अत्यधिक उत्साह व सक्रियता से देशहित व हिंदू हित

**आयोजन**

के कार्य में लगना चाहिए। हमें देश विरोधी ताकतों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। प्रत्येक स्वयंसेवक को संघ के राष्ट्र धर्म प्रथम सिद्धांत का अनुसरण करना चाहिए। समाज हित में संगठन की शक्ति का संचयन करते हुए सामाजिक समरसता एवम विनम्रता का विशेष ध्यान रखना होगा। उन्होंने बताया कि भगवान श्री राम की तरह हमें भी अपने जीवन में आदर्श चरित्र एवं अच्छा आचरण करते हुए समाज को संगठित करते हुए बुराई पर अच्छाई की विजय प्राप्त करनी है। उन्होंने संघ द्वारा अपनाए गए पंच परिवर्तन में स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण, सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन की योजना के बारे में स्वयंसेवकों को बताया।

कार्यक्रम के दौरान जिला प्रचारक विशाल, मुरलीधर अग्रहरि, रणजीत, सांसद जगदंबिका पाल, गोविंद माधव, अभय त्रिपाठी, शिवेंद्र, सौरभ, अरुणेश, दिवाकर विक्रम, बिपुल सिंह, मनोज कुमार, अविनाश, अभिषेक, अमन, मांधाता, दीपक मौर्य, विपिन सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं को वितरित किया गया टैबलेट

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** श्री राम बिलास इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड मेडिकल साइसेज सोनखर बांसी एवं डॉ. वीकेडी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, में शुक्रवार को युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु निशुल्क टैबलेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि डॉ विमल कुमार द्विवेदी वरिष्ठ आर्थोपेडिक सर्जन माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज, ने छात्र-छात्राओं में टेबलेट का वितरण किया, उन्होंने कहा तकनीक का प्रयोग आज के समय में अत्यंत महत्वपूर्ण है और हमारे जिले के छात्र-छात्राएं शिक्षा में तकनीक के समावेश से अछूते नहीं हैं। इस दौरान प्रधानाचार्य धनंजय त्रिपाठी इन्द्रजीत तिवारी,शिवानी द्विवेदी,नर्सिंग प्रधानाचार्य अनुराधा तुमटी, जूही शुक्ला, आरजू, गरिमा, रीता पाल, अर्पिता उपाध्याय, वैष्णवी, एवं डी फार्मा के आसमा खातून, अभिषेक रस्तोगी, अंशु उपाध्याय, अतीश शुक्ला, नीतू चौधरी, हिमांशी मिश्रा, रागनी आदि रहीं।


टैबलेट के साथ छात्र व अतिथि।

### सादगी के साथ मनाई गई गांधी व शास्त्री जयंती

**संवाददाता कुशीनगर, अमृत विचार।** महात्मा गांधी व देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती जिला मुख्यालय सहित पुरे जनपद में विभिन्न जगहों पर सादगी के साथ मनायी गई। इस अवसर पर हाटा विधायक मोहन वर्मा के नेतृत्व मे सेवा पखवाड़ा के तहत नगर में अभियान चलाकर नगर वासियो को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए नगर को स्वच्छ रखने के लिए शपथ दिलाया गया। कस्बे के गांधी चौक और शहीद चौक पर प्रतिमाओं की साफ सफाई कर महात्मा गांधी के मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर हाटा नगर पालिका अध्यक्ष रामानंद सिंह व अधिशासी अधिकारी मीनू सभासदगण, पंकज भारद्वाज समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। वही नगर के श्री गान्धी स्मारक इण्टर कालेज मे महात्मा गांधी व सादगी के प्रतीक लालबहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नागेश्वर पति त्रिपाठी की उपस्थिति में महापुरुषों की जयंती मनाई। जिले के अन्य शिक्षण संस्थाओं वह विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा भी महापुरुषों के चित्र पुष्प अर्पित कर सादगी के साथ मनाई गई।

# यूरिया और डाई खादों की हो रही कालाबाजारी

संवाददाता, शोहरतगढ़ (सिद्धार्थनगर)

- जन पंचायत में पूर्व प्रत्याशी उग्रसेन ने लगाया आरोप

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार पूर्व प्रत्याशी उग्रसेन सिंह द्वारा विधानसभा शोहरतगढ़ अन्तर्गत ग्राम पंचायत पचऊद में गुरुवार को पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया गया। पीडीए जन चौपाल को सम्बोधित करते हुए उग्रसेन सिंह ने कहा कि इस सरकार में दिन-दहाड़े चोरी, डकैती और अन्य आपराधिक घटनाएं आम बात हो चुकी हैं। किसान भाइयों के लिए यूरिया और डाई खादों का कालाबाजारी भाजपा फल-फूल हो रहा है। वहीं प्रशासन की मौनता सरकार की अपमानजनक और जन विरोधी नीतियों का प्रमाण है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि इस किसान विरोधी, यूरिया चोर भाजपा सरकार को जनता के संकल्प से उखाड़ फेंकना आवश्यक है। 2027 विधानसभा चुनाव देश और संविधान को बचाने का चुनाव है, क्योंकि भाजपा सरकार लगातार संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष हरिनारायण यादव, रामू यादव, पप्पू काका, गुड्डू सिंह, विष्णु उमर जिलाध्यक्ष छात्र सभा, बदरे लवकुश सैनी सहित सैंकड़ों समाजवादी साथी मौजूद रहें।

**आस्था** — विसर्जन के दौरान लोगों की गतिविधियों पर पुलिस और उच्च अधिकारियों की रही निगरानी

# सुरक्षा व्यवस्था के बीच दुर्गा प्रतिमाओं का शांतिपूर्ण हुआ विसर्जन

संवाददाता, गोरखपुर


मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जन के लिए जाते भक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विजयादशमी पर्व के उपरांत दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर पूरे जिले में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। वहीं जनपद में कुल 4432 मूर्तियां स्थापित थीं, जिनमें से 9 स्थायी मूर्तियों का विसर्जन नहीं होना था। नगर क्षेत्र में 1409, उत्तरी क्षेत्र में 1761 और दक्षिणी क्षेत्र में 1262 प्रतिमाएं स्थापित थीं। इसलिए सुरक्षा व्यवस्था के बीच दुर्गा प्रतिमाओं का शांतिपूर्ण ढंग विसर्जन किया गया।

हर प्रतिमा के विसर्जन पर थाना स्तर से लेकर मंडल स्तर तक नजर रखी गई। थानावार पुलिसकर्मियों को प्रतिमाओं के साथ लगाया गया और उनकी गतिविधियों पर उच्च अधिकारियों की सीधी निगरानी रही। सर्किल अफसर अपने-अपने क्षेत्र से रिपोर्ट तैयार कर संबंधित एसपी को भेजते रहे। एसपी नगर अभिनव त्यागी, एसपी नार्थ जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव और एसपी साउथ जितेन्द्र कुमार अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहे और विसर्जन प्रक्रिया की पल-पल की जानकारी लेते रहे। प्रत्येक घंटे एसपी स्तर से रिपोर्ट वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर को उपलब्ध कराई जाती रही। राजघाट पर बनाए गए कृत्रिम तालाब के पास नगर निगम और पुलिस अधिकारियों ने संयुक्त रूप से सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी की। जिला मजिस्ट्रेट दीपक मीणा और एसएसपी राज करन नय्यर स्वयं पल-पल की स्थिति का जायजा लेते रहे।

वहीं सिद्धार्थनगर में भी जनपदीय पुलिस द्वारा त्यौहार दशहरा विजयदशमी विसर्जन के दृष्टिगत व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त चेकिंग की गई। क्षेत्राधिकारी प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष ने पुलिस बल के साथ दुर्गा प्रतिमाओं का शांति के साथ विसर्जन कराया।

### नम आंखों से श्रद्धालुओं ने किया प्रतिमा विसर्जन


मां की प्रतिमा ले जाते श्रद्धालु।

**संवाददाता कुशीनगर, अमृत विचार।** नवरात्र के नौ दिनों तक पंडालों में माँ जगदंबे की पूजा अराधना के बाद गुरुवार व शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने विसर्जन किया। ढोल नगाड़ो व डीजे के साथ दुर्गा पंडाल शेरावाली माँ का जयकारों से पूरे जिला गूंजता रहा। इस दौरान शांति व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए भारी पुलिस बल तैनात रहे। जिलाधिकारी कुशीनगर महेंद्र सिंह तोमर और पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार लगातार मूर्ति विसर्जन स्थलों का निरीक्षण करते रहे। जिलेभर में तकरीबन दो हजार जगहों पर दुर्गा पंडाल लगाए गए थे। इन पंडालों में नौ दिनों तक लोगों ने पूरी आस्था के साथ मां दुर्गा की पूजा की। इस दौरान भंडारा आदि का भी आयोजन किया गया।जिला प्रशासन ने पहले से ही मूर्ति विर्सजन स्थलों का चयन किया था। किस रूट से मूर्ति जाएगी और कहां मूर्ति का विसर्जन होगा, यह सब पहले से तय था। सड़कों पर मूर्ति विसर्जन के दौरान नाचते-गाते व अबीर गुलाल के साथ श्रद्धालु मूर्ति विसर्जन स्थल तक पहुंचे। इसके बाद मूर्तियों का विसर्जन किया। डीएम महेन्द्र सिंह तंवर और एसपी केशव कुमार लगातार जिले का भ्रमण करते रहे। कई जगहों पर मूर्ति विसर्जन के दौरान पहुंचे। उन्होंने पुलिस कर्मियों को लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए।


## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, लम्भुआ, सुलतानपुर

पत्रांक– जर्जर भवन / नीलामी / 966–72/2025–26 दिनांक– 29.09.2025

**नीलामी विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुलतानपुर के पत्रांक–समग्र शिक्षा (निर्माण)/16740–43/2025–26 दिनांक–19.08.2025 एवं शासनादेश सं0–1503/68–05/2023–178–2021 दिनांक–04 अगस्त 2023 के आदेश क्रम में विकास खण्ड लम्भुआ में स्थित परिषदीय प्रा0/उ0प्रा0/कंपोजिट विद्यालयों के जर्जर भवन, अतिरिक्त कक्षा कक्षों की नीलामी की जायेगी। विद्यालय के सम्मुख उल्लिखित निर्धारित धरोहर धनराशि के 10 प्रतिशत धनराशि की डीडी प्रतिभूति के रूप में संबंधित विद्यालय प्रबंध समिति प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय के नाम, आवेदन पत्र, आधार कार्ड व पैन कार्ड की छाया प्रति सहित दिनांक 30.09.2025 से 10.10.2025 तक प्रातः 10.00 बजे से सायं 04: 00 बजे तक आवेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ब्लॉक संसाधन केंद्र लम्भुआ में जमा करना सुनिश्चित करें। नीलामी की कार्यवाही दिनांक– 11.10 2025 को प्रातः 11: 00 बजे से 02: 00 बजे के मध्य विद्यालयवार अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ब्लॉक संसाधन केंद्र लम्भुआ में की जाएगी। जिन जर्जर विद्यालयों की नीलामी हेतु तीन आवेदन से कम आवेदन प्राप्त होंगे उस जर्जर विद्यालय की नीलामी स्थगित करते हुए तिथि अग्रेतर बढ़ा दी जाएगी, आवेदन पत्र तथा नियम एवं शर्ते ब्लॉक संसाधन केंद्र लम्भुआ से प्राप्त कर सकते हैं। आवेदनकर्ता आवेदन के पूर्व सम्बन्धित विद्यालयों / भवनों का एक बार स्थलीय निरीक्षण अवश्य कर ले जर्जर भवन वाले विद्यालय का विवरण निम्नवत है

| क्र. सं. | विद्यालय का नाम | न्यूनतम मूल्यांकित धनराशि (रू0) | नीलामी हेतु निर्धारित धरोहर धनराशि (रु0) |
|---|---|---|---|
| 1 | प्राथमिक विद्यालय रिखपुर, अतिरिक्त कक्षा–कक्ष | 297679.01 | 29767.90 |
| 2 | प्राथमिक विद्यालय पथरा, अतिरिक्त कक्षा–कक्ष | 445888.94 | 44588.89 |
| 3 | प्राथमिक विद्यालय मठा, मूल भवन | 805838.57 | 80583.86 |
| 4 | प्राथमिक विद्यालय सेमरीराजापुर, मूल भवन | 493934.71 | 49393.47 |
| 5 | प्राथमिक विद्यालय दहेवगोपालपट्टी, मूल भवन | 494338.93 | 49433 89 |
| 6 | प्राथमिक विद्यालय गोपालापुर, मूल भवन | 749101.51 | 74910.15 |
| 7 | प्राथमिक विद्यालय मुकुंदपुर, मूल भवन | 496759.84 | 49675.98 |
| 8 | प्राथमिक विद्यालय नरहरपुर, मूल भवन | 496854.26 | 49658.43 |
| 9 | उच्च प्राथमिक विद्यालय धारपुर मूल भवन | 2113042.82 | 211304.28 |
| 10 | प्राथमिक विद्यालय बहमरपुर, अतिरिक्त कक्षा–कक्ष | 818432.08 | 81843.21 |

जर्जर भवन नीलामी/ध्वस्तीकरण वाले विद्यालयों की बोली मूल्यांकित धनराशि से प्रारम्भ होगी नीलामी की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात नीलामी प्राप्तकर्ता को स्वयं के खर्चे पर मलवा एक सप्ताह के अन्दर हटाकर समतल कराना होगा अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित की धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी और उसकी नीलामी प्रक्रिया स्वतः निरस्त हो जायेगी। नीलामी प्रक्रिया को स्थगित करने अथवा निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार नीलामी समिति में निहित होगा।

(अजय सिंह)
खण्ड शिक्षा अधिकारी, लम्भुआ, सुलतानपुर



विश्वविद्यालय महापुरुषों के निर्माण के कारखाने हैं और अध्यापक उन्हें बनाने वाले कारीगर।
–रवींद्र नाथ टैगोर, साहित्यकार



# आत्मनिरीक्षण की जरूरत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख का यह कथन कि जेन-ज़ी जैसे हिंसक आंदोलनों की कथित क्रांतियों से वांछित उद्देश्य हासिल नहीं होते, सर्वथा सत्य है। हिंसा के बाद आंदोलनकारी अपने बदलावों के मंसूबों में सफल नहीं हुए, उलटे व्यवस्था और जन-धन का भारी नुकसान हुआ, देश बरसों पीछे चला गया। नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका इसके जीवंत उदाहरण हैं। निःसंदेह, ऐसे बदलाव केवल लोकतांत्रिक तरीकों से ही लाए जाने चाहिए। उनका यह कहना कि देश के भीतर-बाहर ऐसी ताकतें सक्रिय हैं, जो अशांति फैलाना चाहती हैं। यदि सरकार और प्रशासन सक्षम नहीं रहे, तो ये अपनी कारगुजारी दिखा सकती है। यह विचार सचेत करने वाला और गंभीर चिंतन का विषय है।

बीते सितंबर में इंडोनेशिया, मेडागास्कर, पेरू, फिलिपींस और नेपाल में युवा आक्रोश की लपटें देखी जा चुकी हैं। हालिया बरसों में हांगकांग, चिली, नाइजीरिया, म्यांमार और केन्या ने भी युवाओं के हिंसक प्रदर्शनों का सामना किया और अब मोरक्को में यह जारी है। धीरे-धीरे सत्ता की अकर्मण्यता, भेदभाव, अवसरों की कमी और भ्रष्टाचार के विरुद्ध जेन-ज़ी का विद्रोह एक वैश्विक चलन बन रहा है, जिसे संबंधित सरकारें प्रायः बाहरी ताकतों की साजिश बताकर टालती रही हैं। जहां तक भारत का प्रश्न है, सुदूर देशों के ऐसे आंदोलनों की छाया सीधे हम पर भले न पड़े, लेकिन पड़ोस की घटनाएं हमें सचेत करती हैं। यह केवल सीमा सुरक्षा का नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था और आंतरिक राजनीतिक विमर्श तक फैला हुआ मुद्दा है। ऐसे में यह सोचना स्वाभाविक है कि बहुलतावादी संस्कृति, मजबूत संस्थागत ढांचा और युवाओं के साथ सत्ताधारी दलों के जटिल संबंध ऐसे आंदोलनों की संभावनाओं को किस हद तक प्रभावित करते हैं।

असल में, भारत की विशिष्ट सामाजिक-राजनीतिक संरचना इस आशंका को न्यून करती है। हमारी भाषा, संस्कृति, धर्म और क्षेत्रीय विविधताओं के चलते विरोध की ऊर्जा विकेंद्रीकृत हो जाती है, जिससे देशव्यापी सुसंगठित युवा आंदोलन का राष्ट्रीय ताकत बनना बहुत मुश्किल हो जाता है। भारतीय युवा क्षेत्रीय दलों और मोर्चों से जुड़कर अपनी आवाज को स्थानीय स्तर पर व्यक्त करने का पर्याप्त अवसर पाते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक युवा विद्रोह के लिए समय, समन्वय और ठोस नेतृत्व की आवश्यकता होगी, जो वर्तमान परिदृश्य में कठिन है। इसके अतिरिक्त, भारत में विधानसभाएं, पंचायतें, मीडिया और न्यायपालिका जैसे मजबूत संस्थागत माध्यम उपलब्ध हैं, जिनके जरिए युवा बिना अराजकता फैलाए अपनी शिकायतें दर्ज कर बदलाव की मांग कर सकते हैं। इसके अलावा सामाजिक नियंत्रण के कई तंत्र भी व्यवस्था को स्थिर बनाए रखते हैं। दूसरी ओर विपक्षी दलों में युवाओं को संगठित करने और उनकी चिंताओं को राष्ट्रीय आंदोलन का रूप देने की ठोस रणनीति का अभाव है। स्वयं असंगठित विपक्ष का युवाओं को प्रेरित करने की क्षमता संदिग्ध है। ऐसे में भारत में जेन-ज़ी जैसे आंदोलन का पनपना कठिन है, फिर भी आत्मनिरीक्षण आवश्यक है, ताकि किसी भी परिस्थिति में हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत और युवाओं की आकांक्षाओं के प्रति संवेदनशील बनी रहे।

## प्रसंगवश

# एशिया के सबसे बड़े हाईकोर्ट को मिला नया संबल

एशिया का सबसे बड़ा इलाहाबाद हाईकोर्ट बीते वर्षों से न्यायाधीशों की कमी और मुकदमों के बढ़ते बोझ से कराह रहा था। न्यायाधीशों के 160 स्वीकृत पदों के बावजूद यहां कभी पूरी संख्या में न्यायाधीश नहीं रहे। परिणाम यह हुआ कि न्याय के इंतजार में वादकारी और अधिवक्ता लगातार हताश होते रहे और लंबित मुकदमों की फेहरिस्त लगातार लंबी होती गई। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि प्रधान पीठ इलाहाबाद में ही वर्तमान समय में 9,75,170 मुकदमे लंबित हैं, जिनमें सिविल के 4,89,275 और 4,85,895 आपराधिक मामले शामिल हैं।

ऐसी विकट स्थिति में केंद्र सरकार द्वारा 24 नए न्यायाधीशों की नियुक्ति निश्चित रूप से एक ऐतिहासिक और दूरगामी कदम है। गत 27 सितंबर को केंद्र सरकार की संस्तुति के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट के इतिहास का सबसे बड़ा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली ने सभी नवनियुक्त न्यायाधीशों को शपथ दिलाई, जिनमें दस अधिवक्ता विवेक सरन, विवेक कुमार सिंह, गरिमा प्रसाद, सुधांशु चौहान, अबधेश कुमार चौधरी, स्वरूपमा चतुर्वेदी, सिद्धार्थ नंदन, कुणाल रवि सिंह, इंद्रजीत शुक्ला और सत्य वीर तथा वरिष्ठ न्यायिक सेवाओं से आए 14 न्यायिक अधिकारियों में डॉ. अजय कुमार (द्वितीय), चवन प्रकाश, दिवेश चंद्र सामंत, प्रशांत मिश्रा (प्रथम), तरुण सक्सेना, राजीव भारती, पदम नारायण मिश्र, लक्ष्मी कांत शुक्ला, जय प्रकाश तिवारी, देवेंद्र सिंह (प्रथम), संजीव कुमार, वाणी रंजन अग्रवाल, अचल सचदेव और बबीता रानी शामिल हैं।



विनीत दूबे
अधिवक्ता इलाहाबाद हाईकोर्ट

इन नियुक्तियों से न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या अब 110 हो गई है, हालांकि 50 पद अभी भी रिक्त हैं। उक्त नियुक्तियों के संदर्भ में इलाहाबाद हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता समीर शर्मा का कहना है, "यह नियुक्ति न्यायहित में एक बड़ा कदम है। लंबित मामलों की सूची घटेगी और न्यायपालिका का संतुलन स्थापित होगा।" इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता प्रशांत मिश्रा कहते हैं, "जजों की कमी के कारण अधिवक्ताओं और वादकारियों को लंबे समय से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अब 24 नए जजों की नियुक्ति से यह समस्या काफी हद तक दूर होगी। तकनीकी रूप से दक्ष न्यायाधीश ई-कोर्ट को भी बढ़ावा देंगे।" अधिवक्ता माधवेंद्र सिंह मानते हैं कि दशहरे की छुट्टियों के बाद कोर्ट खुलने पर नई पीठों का गठन अधिक व्यवस्थित तरीके से हो सकेगा। जिन क्षेत्रों में खंडपीठ की आवश्यकता थी, वहां अब राहत मिलेगी।

न्यायाधीशों की नियुक्तियों को न्यायहित में एक सार्थक पहल मानते हुए अधिवक्ता पुरुषोत्तम मणि त्रिपाठी कहते हैं, "यह नियुक्ति न्यायिक क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम है। यह वर्षों से लंबन झेल रहे वादकारियों के लिए एक वरदान के समान है, जिससे न केवल लंबित मामलों के निपटारे में तेजी आएगी बल्कि न्यायपालिका का न्यायिक बल और अधिक सुदृढ़ होगा।" इन नियुक्तियों से केवल संख्या नहीं बढ़ी है, बल्कि विविध अनुभव और तकनीकी दक्षता भी न्यायपालिका में जुड़ी है। अधिवक्ताओं के रूप में वर्षों तक जमीनी स्तर पर संघर्ष कर चुके लोग अब पीठ पर बैठेंगे और जिला स्तर पर कार्य कर चुके अधिकारी अपने अनुभव से न्याय व्यवस्था की जटिलताओं को सरल करेंगे। 24 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश राज्य में यह कदम केवल न्यायालय तक सीमित सुधार नहीं है, बल्कि यह सामाजिक विश्वास को पुनर्जीवित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण है। न्यायिक प्रक्रिया की गति बढ़ेगी तो न्याय के प्रति जनता की आस्था और भी प्रबल होगी।

# राष्ट्र चेतना का अवतार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ






सर्वेश कुमार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

**यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।**
**अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।**
**परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम।**
**धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे।।**

भगवान श्रीकृष्ण के अर्जुन से कहे गए ये वचन शास्वत, सनातन और चिरंतन भारतीय संस्कृति की जीवनी शक्ति हैं। इस जगत में जब-जब धर्म का नाश और अधर्म की वृद्धि होती है या संस्कृति पर आक्रमण होते हैं, तो ईश्वरीय शक्ति स्वयं अवतरित होती है। यह शक्ति त्रेता में भगवान श्रीराम के रूप में तो द्वापर में भगवान श्रीकृष्ण के रूप में इस धरा पर अवतरित हुई। वहीं ईश्वरीय शक्ति, राष्ट्र चेतना के रूप में कलियुग में 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' के रूप में 100 साल पहले विजयादशमी को अवतरित हुई है।

इस दैवीय शक्ति से प्रेरित और संपन्न समाज सेवा के लिए अवतरित यह अद्भुत संगठन आज अपनी स्थापना के सौ साल पूरे कर रहा है। किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि आखिर कोई संगठन बगैर विघटित हुए, बगैर किसी विवाद के, बगैर किसी सरकारी सहायता के भी सौ साल पूरे कर सकता है। भारत में समाज सेवा, धर्म स्थापना और मानव सेवा के लिए अनेक संगठनों ने समय-समय पर जन्म लिया है। उन्होंने अच्छे कार्य किए हैं। वे अपने-अपने उद्देश्यों के प्रति समर्पित रहे हैं, किंतु वे एक सीमित कालखंड तक ही अपने आप को सशक्त और सबल बनाकर रख सके हैं। संघ की स्थापना के पूर्व अनेक सगठनों की स्थापना हुई, लेकिन वे समय की चुनौतियों का सामना करने में पूरी तरह सफल नहीं हो सके।

संघ एक मात्र ऐसा संगठन है जो सौ साल बाद भी उसी ऊर्जा, उसी लगन और उसी प्रेरणा को लेकर नित नवीन स्वरूप बनाये हुए खड़ा है और राष्ट्र आराधना के अपने उद्देश्य में सफल भी हुआ है।

दुनिया के समाजशास्त्री अध्ययन कर रहे हैं कि आखिर कोई संगठन दुनिया का सबसे बड़ा और निर्विवाद संगठन कैसे बनता है।

विचारणीय है कि संघ ने जब सौ साल पूरे किए हैं तो क्या कारण है कि यह अन्य संगठनों की तरह थका नहीं, रूका नहीं, ठहरा नहीं। अनथक आगे बढ़ रहा है। बल्कि ऐसा विस्तार किया कि आज दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन बना हुआ है। संघ के विस्तार और उसकी सांगठनिक रचना को देखें तो आज लगभग 78 हजार स्थानों पर एक लाख 25 हजार इसकी दैनिक और साप्ताहिक शाखाएं लग रही हैं।

देश के शहरी और ग्रामीण स्थानों पर लगभग एक लाख 29 हजार सेवा कार्य संचालित कर रहा है। सुदूर वनवासी क्षेत्रों, पर्वतीय क्षेत्रों से लेकर संपूर्ण भारत में शिक्षा और संस्कार के कई लाख केंद्र संचालित हैं। संघ ने समाज जीवन का कोई ऐसा क्षेत्र नहीं छोड़ा है, जहां अपने उद्देश्य के लिए कोई कार्य खड़ा न किया हो। इसीलिए संघ प्रेरित लगभग 40 विभिन्न संगठन सक्रिय हैं। दुनिया के समाजशास्त्री अध्ययन कर रहे हैं कि आखिर कोई संगठन दुनिया का सबसे बड़ा और निर्विवाद संगठन कैसे बनता है। इस प्रश्न का उत्तर जानने के लिए संघ को पढ़ने और संघ के बारे में सुनने से ज्यादा उसमें उतरने की जरूरत है। संघ को समझना है, तो संघ के निकट जाना ही पड़ेगा, तब संघ समझ में आएगा। संघ की अद्भुत पद्यति शाखा को समझना और उसमें जाकर देखना होगा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना को सौ वर्ष पूर्ण हो गए। विजयादशमी के अवसर पर वर्ष 1925 में नागपुर में डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार ने संघ की स्थापना की थी। स्थापना के समय ही संघ ने अपना उद्देश्य और ध्येय स्पष्ट कर दिया था। संघ का ध्येय उसकी प्रार्थना की प्रथम पंक्ति 'नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे, त्वया हिंदूभूमे सुखमं वर्धितोअहम्' तथा प्रार्थना के अंत 'भारत माता की जय' से सुस्पष्ट है। संघ किसी के विरोध में कार्य नहीं करता और न ही किसी के विरोध के लिए इसकी स्थापना हुई है। जब संघ का स्वयंसेवक नियमित रूप से 'नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे' कहता है, तो स्पष्ट ही है कि वह इस भारत मां की पूजा करता है, उन्हें नमन करता है, उनके लिए समर्पण का भाव प्रकट करता है और अंत में जब 'भारत माता की जय' कहता है तो स्पष्ट है कि भारत को सदैव विजयी और यशस्वी देखने की कामना है। ऐसे निःस्वार्थ और निष्काम उद्देश्य को धारण किए हुए संघ को भी अपनी सौ साल की यात्रा पूरी करने में अनेक कठिनाइयों, चुनौतियों, झूठे विमर्शों, मनगढंत आरोपों का सामना करना पड़ा है।

संघ के बारे में विरोधियों ने जो झूठे विमर्श गढ़े, उनमें सबसे प्रमुख रहा कि यह सांप्रदायिक संगठन है, मुस्लिम विरोधी संगठन है। इस विमर्श को गढ़ने में विशेष रूप से कांग्रेस और वामपंथी विचारधारा के राजनीतिक दलों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, लेकिन ये सभी आरोप समय के साथ झूठे साबित होते चले गए। देश में एक भी घटना ऐसी नहीं घटी, जिसमें संघ पर कोई आरोप प्रमाणित हुआ हो। देश में आजादी के बाद भीषण सांप्रदायिक दंगे भी हुए, लेकिन किसी में संघ को आरोपित नहीं किया जा सका। किसी भी न्यायालय ने संघ के खिलाफ कोई आदेश पारित नहीं किया।

राष्ट्रपिता की हत्या से जब सारा देश स्तब्ध था, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने उनकी हत्या की घोर निंदा की। संघ ने 13 दिन का शोक मनाने के लिए शाखाओं को रोक दिया। इसके बावजूद संघ को गांधी जी की हत्या के लिए दोषी ठहराने का एक अभियान चलाया गया। संघ पर तत्कालीन केंद्र सरकार ने प्रतिबंध भी लगा दिया, लेकिन न्यायालय से संघ निर्दोष साबित हुआ। आपातकाल में संघ पर दूसरा प्रतिबंध लगा। अयोध्या में विवादित ढांचा ध्वंस के बाद भी संघ पर संक्षित प्रतिबंध लगाया गया, लेकिन संघ ने अपने संगठन कौशल और समाज के स्नेह और सामूहिक समाज शक्ति के बल पर इनका सामना किया।

## आमने



उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री हैं। लोग उन्हें अभिमन्यु न समझें, वह अर्जुन हैं। कोई दंगा भड़काएगा तो बुलडोजर भी चलेगा, तोप भी चलेगी, गोले भी चलेंगे। कई रावण तो संभल में हैं और संभल सांसद जिया उर्रहमान भी रावण हैं।
–आचार्य प्रमोद कृष्णम
कल्कि पीठाधीश्वर

## सामने

संभल के लोग उनका इतिहास जानते हैं, इसलिए मैं उनके बारे में ज्यादा टिप्पणी नहीं करना चाहता। यही हरकतें रहीं तो आचार्य के खिलाफ मानहानि का केस किया जाएगा। आचार्य को धार्मिक काम में ही सक्रिय रहना चाहिए, राजनीति का मोहरा नहीं बनना चाहिए।
–जियाउर्रहमान बर्क
सपा सांसद



# मध्यस्थता ने खोले गाजा में शांति के द्वार



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहु गाजा पर नई शांति योजना के लिए राजी हो गए हैं। ट्रंप ने हमास को अल्टीमेटम दे दिया है। इसको लेकर हमास की प्रतिक्रिया आनी है। डोनाल्ड ट्रंप शांति वार्ता के लिए प्रयत्न कर रहे हैं। उसके पूर्व रूस और युक्रेन की मध्यस्थता की गई। युद्ध विराम विश्व शांति के लिए जरूरी है। युद्ध में निर्दोष जानें जाती है। धन हानि और जन हानि की इस दुःखद क्षति को कोई पूरा नहीं कर सकता है। रूस-युक्रेन की जंग को चार वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। मानवता सिसक रही है। निर्दोष परिवार उन नौनिहालों और परिवार के सदस्यों को खोने के गम में दुःखी हैं। मानवता फूट-फूटकर रो रही है। हर एक के मन में सवाल उमड़ रहा है, आखिर हमारा क्या दोष है? खंडहर में तब्दील होते मोहल्ले और दाने-दाने के लिए मोहताज उन निर्दोष लोगों का आखिरकार पालनहार कौन है?

ट्रंप के लिए अनेक तर्क-वितर्क दिए जा रहे हैं। उनके लिए कई निजी प्रश्न हो सकते हैं, लेकिन वह हिंसा बंद कराने और तीसरे विश्व युद्ध की विभीषिका को बचाने की भरपूर कोशिश कर रहे हैं। यह स्वागत योग्य है। ट्रंप की शांति वार्ता के लिए चीन, रूस और भारत ने भी समर्थन किया है। हिंसा विश्व को हरदम रुलाने का ही कार्य करती आ रही है। हमने दो-दो विश्व युद्ध देखे हैं। हम अब तीसरे विश्व युद्ध की कल्पना नहीं कर सकते हैं। बारूद का हर कण आग लगाने के लिए ही निर्मित किया गया है।

विश्व को आज अहिंसा को समझने की जरूरत है। अहिंसा विश्व शांति का दिव्यास्त्र है। अहिंसा ही धर्म को बचाएगी। हिंसा अन्यायपूर्ण है। युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं है। ट्रंप गाजा को फिर से खड़ा करने के लिए आर्थिक विकास योजना के लिए विचारशील हैं। अटकलें यह भी लगाई जा रही हैं कि ट्रंप की योजना में पाकिस्तान की इस्लामी वैधता का केंद्रीय पहलू है।



अमेरिका के प्रस्ताव में तय किया गया है कि इजरायली सेना को हटाया जाएगा। इजरायल के चारों तरफ उसके दुश्मन देश हैं। बैठक में शर्त और नियमों के अधीन शांतिवार्ता में इजरायल ने ट्रंप की सभी बातों का समर्थन किया है, जिसमें गाजा में पूरी तरह मानवीय मदद देने की शर्त शामिल है। हमास योजना नहीं ठुकरा सकता है। हमास को हथियार छोड़ने होंगे। इजराइल ने सात हजार ठिकानों पर हमले किए हैं।

नागरिकों की रक्षा करना हर देश का कर्तव्य और अपनी जवाबदेही है। इजराइल ने हमास को समाप्त करने के रूप में हमला किया। इसमें विकल्प की तलाश के साथ ही हमास को पुनर्गठित होने से रोकने का प्रयास भी था। अब हमास बंधक छोड़ने के लिए तैयार है। शांतिवार्ता के पक्षधर ट्रंप ने इजरायल को युद्ध रोकने के लिए तैयार कर 20 सूत्रीय योजना पेश कर उस पर विचार-विमर्श शुरू करने का आग्रह किया है। कई अरब देश ट्रंप के साथ खड़े दिखाई दिए हैं। हमास फलस्तीन का सबसे प्रमुख इस्लामी चरमपंथी गुट है।

पश्चिमी क्षेत्र और गाजा पट्टी पर इजरायल का कब्जा है। पिछले लंबे समय से चल रहे युद्ध को कामयाबी माना जा रहा है। इजरायल और हमास दोनों शर्त मानने के लिए राजी हुए हैं। इजराइल युद्ध से मध्य पूर्व में अस्थिरता फैली है, जबकि पूरा विश्व प्रभावित हुआ है। हमास और इजराइल युद्ध से अस्थिरता के दौर से गुजर रहे मध्य पूर्व से भारत के सामरिक और आर्थिक हित जुड़े हुए हैं। फिर भी युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं है।

यह युद्ध खत्म हो जाएगा, लेकिन दूसरी तरफ रूस और युक्रेन का युद्ध निरंतर जारी है। रूस और युक्रेन की जंग में दोनों देशों को हुई आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक क्षति को पूरा करना किसी के वश में नहीं है। रूस शक्ति संपन्न और इकोनॉमी में ताकतवर देश है। रूस अभी भी दस वर्ष तक सीधा युक्रेन से जंग कर सकता है, परंतु नाटो की मदद से युद्ध लड़ रहे युक्रेन की दशा और दिशा उसी को सुनिश्चित करनी पड़ेगी। संपूर्ण युद्ध और दोनों देशों के बीच पनप रहा विरोध खत्म होते ही नाटो युक्रेन की मदद करना बंद कर देंगे, इसलिए युक्रेन को समझना होगा।

विश्व को आज अहिंसा को समझने की जरूरत है। अहिंसा विश्व शांति का दिव्यास्त्र है। अहिंसा ही धर्म को बचाएगी।

## सोशल फोरम

# लाइफबोट पर सिर्फ एक आदमी की जगह थी

एक प्रोफेसर अपनी क्लास में कहानी सुना रहे थे, जो कि इस प्रकार है– एक बार समुद्र के बीच में एक बड़े जहाज पर बड़ी दुर्घटना हो गई। कप्तान ने शिप खाली करने का आदेश दिया। जहाज पर एक युवा दंपति थे। जब लाइफबोट पर चढ़ने का उनका नंबर आया तो देखा गया, नाव पर केवल एक व्यक्ति के लिए ही जगह है। इस मौके पर आदमी ने औरत को परे किया और नाव पर कूद गया। डूबते हुए जहाज पर खड़ी औरत ने जाते हुए अपने पति से चिल्लाकर एक वाक्य कहा...। अब प्रोफेसर ने रुककर स्टूडेंट्स से पूछा, "तुम लोगों को क्या लगता है, उस स्त्री ने अपने पति से क्या कहा होगा?"



संजीव मिश्रा
ब्लॉगर

ज्यादातर विद्यार्थी फौरन चिल्लाए, "स्त्री ने कहा– मैं तुमसे नफरत करती हूं! I hate you!"

प्रोफेसर ने देखा एक स्टूडेंट एकदम शांत बैठा हुआ था। प्रोफेसर ने उससे पूछा कि तुम बताओ तुम्हे क्या लगता है? वो लड़का बोला, "मुझे लगता है, औरत ने कहा होगा– हमारे बच्चे का ख्याल रखना!" प्रोफेसर को आश्चर्य हुआ। उन्होंने लड़के से पूछा, "क्या तुमने यह कहानी पहले सुन रखी थी?"

लड़का बोला, "जी नहीं, लेकिन यही बात बीमारी से मरती हुई मेरी मां ने मेरे पिता से कही थी।" प्रोफेसर ने दुःखपूर्वक कहा, "तुम्हारा उत्तर सही है!"

प्रोफेसर ने कहानी आगे बढ़ाई- जहाज डूब गया। स्त्री मर गई। पति किनारे पहुंचा और उसने अपना बाकी जीवन अपनी एकमात्र पुत्री के समुचित लालन-पालन में लगा दिया। कई सालों बाद जब वो व्यक्ति मर गया तो एक दिन सफाई करते हुए उसकी लड़की को अपने पिता की एक डायरी मिली। डायरी से उसे पता चला कि जिस समय उसके माता-पिता उस जहाज पर सफर कर रहे थे, तो उसकी मां एक जानलेवा बीमारी से ग्रस्त थीं और उनके जीवन के कुछ दिन ही शेष थे।

ऐसे कठिन मौके पर उसके पिता ने एक कड़ा निर्णय लिया और लाइफबोट पर कूद गया। उसके पिता ने डायरी में लिखा था– 'तुम्हारे बिना मेरे जीवन का कोई मतलब नहीं। मैं तो तुम्हारे साथ ही समंदर में समा जाना चाहता था, लेकिन अपनी संतान का ख्याल आने पर मुझे तुमको अकेले छोड़कर जाना पड़ा।'

जब प्रोफेसर ने कहानी समाप्त की तो, पूरी क्लास में शांति थी।

## सामयिकी

# पीढ़ियों पर पड़ता है लड़की की शिक्षा का असर

गांव की रेत भरी पगडंडी पर दस साल की रेखा हाथ में पुरानी किताबें थामे स्कूल जाने की तैयारी कर रही थी। उसके चेहरे पर मासूम चमक थी, लेकिन मन में एक अनकहा डर भी। मां ने जाते-जाते उसे याद दिलाया कि लौटकर उसे पानी भी भरना है और छोटे भाई को संभालना भी है। रेखा चाहती थी कि उसकी पढ़ाई पूरी हो, वह भी शहर की लड़कियों की तरह डॉक्टर या अध्यापिका बने, लेकिन उसकी दादी का कहना था कि लड़की को इतना पढ़ाने की क्या जरूरत है, आखिरकार उसे तो घर ही संभालना है। दादी के ये शब्द अक्सर रेखा के सपनों को तोड़ देते हैं।

यह हकीकत गांव की किसी एक लड़की की नहीं है, बल्कि यहां की कई किशोरियां इस कड़वी हकीकत से रोज गुजरती हैं। देश में आज भी लड़कियों की शिक्षा को लेकर नकारात्मक सोच गहराई से जमी हुई है। परिवारों की मान्यताएं इस दिशा में बड़ी बाधा बनती हैं। आज भी बहुत से माता-पिता मानते हैं कि उच्च शिक्षा में समय और धन लगाने के बजाय लड़की को कम उम्र में ही ब्याह देना बेहतर है।



अदा
एक्टिविस्ट

देश के तमाम गांवों में लड़कों को तो शिक्षा दिलाई जाती है, लेकिन लड़कियों को इससे दूर रखा जाता है। कई घरों में लड़कियों की प्राथमिक शिक्षा तो हो जाती है, लेकिन जैसे-जैसे वे किशोरावस्था में पहुंचती हैं, पढ़ाई बीच में ही छूट जाती है। कारण एक नहीं, बल्कि कई हैं। गरीबी, स्कूल की दूरी, सुरक्षित परिवहन का अभाव, और सबसे बड़ा कारण, समाज की सोच। गांव के बुजुर्ग अक्सर कहते मिलते हैं कि लड़की का असली घर उसका ससुराल है, पढ़ाई का बोझ क्यों दिया जाए। यही सोच लड़कियों के सपनों को अधूरा कर देती हैं। कुछ परिवारों में यह डर भी रहता है कि पढ़ी-लिखी लड़की विवाह में कठिनाई खड़ी कर देगी, क्योंकि दूल्हे वाले उनसे ऊंची अपेक्षाएं करेंगे।

गांवों में लड़कियों को शिक्षा दिलाना अक्सर 'खर्च' माना जाता है। लड़के को पढ़ाना निवेश समझा जाता है, क्योंकि वह भविष्य में परिवार का सहारा बनेगा, जबकि लड़की शादी के बाद दूसरे घर चली जाएगी। आर्थिक तंगी से जूझते परिवारों में प्राथमिकता बेटे की पढ़ाई होती है। सुरक्षा का मुद्दा भी कम अहम नहीं। दूर-दराज के गांवों में जब स्कूल कई किलोमीटर दूर हो और परिवहन की सुविधा न हो तो परिवार लड़कियों को भेजने से हिचकते हैं। इसके अलावा किशोरावस्था में पहुंचते ही परिवारों को डर होता है कि लड़की बाहर जाएगी तो बदनामी हो सकती है। ऐसे में सबसे आसान उपाय उन्हें घर में रोक लेना और जल्दी शादी कर देना समझा जाता है।

शिक्षा केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरी पीढ़ियों पर असर डालती है। अध्ययनों से यह साफ हो चुका है कि जिन महिलाओं ने स्कूलिंग पूरी की, वे अपनी बेटियों को भी स्कूल भेजने की संभावना ज्यादा रखती हैं। शिक्षा पाई हुई लड़की शादी में देर से जाती है, उसका स्वास्थ्य बेहतर होता है और वह परिवार की आर्थिक स्थिति में भी योगदान करती है। गांवों में यदि लड़कियां पढ़ पातीं तो वहां की सामाजिक-आर्थिक तस्वीर काफी बदल सकती है। ऐसे में समाज को यह समझना होगा कि लड़की की शिक्षा केवल परिवार का दायित्व नहीं, बल्कि पूरे समुदाय का भविष्य है। जरूरत है कि परिवार, समाज और सरकार मिलकर यह मान लें कि शिक्षा प्राप्त करना हर लड़की का मौलिक अधिकार है। अगर यह सोच हर घर तक पहुंच सके तो देश नई दिशा पा सकता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।



# मिर्जापुर के अनजाने पर्यटन स्थल
# एक छुपी हुई विरासत

उत्तर प्रदेश का मिर्जापुर अक्सर विंध्याचल धाम, अष्टभुजा माता मंदिर और चुनारगढ़ किले के कारण प्रसिद्ध है। यहां हर साल लाखों श्रद्धालु और सैलानी पहुंचते हैं। लेकिन इस धार्मिक और ऐतिहासिक पहचान के पीछे मिर्जापुर की एक ऐसी अनकही और अनदेखी दुनिया भी छुपी है, जहां अब भी प्रकृति, इतिहास और लोकसंस्कृति अपनी मूल अवस्था में जीवित है। बहुत कम लोग इन स्थलों के बारे में जानते हैं, लेकिन जो लोग यहां पहुंचते हैं, वे जीवनभर की यादें लेकर लौटते हैं। एक बार इन स्थलों की यात्रा जरूर करके देखें।



## झरने, गुफाएं और प्राचीन खंडहर आकर्षण का केंद्र

मिर्जापुर केवल धार्मिक आस्था या चुनारगढ़ किले की कहानियों तक सीमित नहीं है। यहां की झरने, गुफाएं, प्राचीन खंडहर और लोककला गांव इसे एक समग्र पर्यटन स्थल बनाते हैं। अफसोस की बात यह है कि इन जगहों की जानकारी बहुत कम लोगों तक पहुंच पाती है। यदि इन छुपे रत्नों को सही पहचान और संरक्षण मिले, तो मिर्जापुर उत्तर प्रदेश का एक ऐसा केंद्र बन सकता है जहां पर्यटक आस्था, रोमांच, इतिहास और संस्कृति—सबका अनुभव एक साथ ले सकें।

### लखनिया दरी जलप्रपात

- विंध्य पर्वत श्रृंखलाओं के बीच बसा लखनिया दरी जलप्रपात प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत नमूना है। यहां लगभग 150 मीटर ऊंचाई से गिरता पानी पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। मानसून के समय इसकी खूबसूरती चरम पर होती है। खास बात यह है कि यहां भीड़ कम आती है, इसलिए शांति और रोमांच दोनों का आनंद लिया जा सकता है। ट्रैकिंग प्रेमियों के लिए भी यह जगह आदर्श है।



### तारन जलप्रपात

- लखनिया दरी से कुछ दूरी पर स्थित तारण जलप्रपात अब तक बहुत कम लोगों तक पहुंचा है। यहां का पानी चट्टानों से टकराकर छोटे-छोटे ताल बनाता है। स्थानीय लोग मानते हैं कि यहां स्नान करने से मन और शरीर दोनों ताजगी से भर जाते हैं। यह स्थान खासकर उन लोगों के लिए उपयुक्त है, जो पर्यटन के शोरगुल से दूर प्रकृति के बीच सुकून तलाशते हैं।

### मोटिया तालाब और प्राचीन शिलालेख

- मिर्जापुर शहर के पास स्थित मोटिया तालाब को कभी स्थानीय शासकों ने बनवाया था। इसकी खासियत केवल पानी का स्रोत होना नहीं है, बल्कि इसके किनारों पर बने प्राचीन शिलालेख और मूर्तियां हैं। यहां की दीवारों पर अंकित चित्र विंध्य क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को दर्शाते हैं। यह जगह आम पर्यटकों की नज़रों से दूर है, लेकिन इतिहास प्रेमियों के लिए खजाने से कम नहीं।

### जटाशंकर धाम

- मिर्जापुर का जटाशंकर धाम धार्मिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन बहुत कम लोग इसे जानते हैं। यहां एक गुफा जैसी संरचना है, जिसके भीतर शिवलिंग स्थित है। मान्यता है कि भगवान शिव की जटाओं से गंगा की धारा यहां प्रकट हुई थीं। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को अध्यात्म और प्रकृति दोनों का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।

### ललित कला और लोककला गांव

- मिर्जापुर अपने कालीन उद्योग के लिए विश्व प्रसिद्ध है, लेकिन इसके आसपास कुछ गांव ऐसे भी हैं जहां आज भी लोककला, मिट्टी के बर्तन, लकड़ी की नक्काशी और पारंपरिक चित्रकला जीवित है। यह गांव किसी संग्रहालय से कम नहीं लगते। यहां जाकर पर्यटक केवल कला देखते ही नहीं, बल्कि कारीगरों से संवाद करके मिर्जापुर की धड़कन को महसूस करते हैं।





लेखक- शिवेंद्र सिंह बघेल
शिक्षक के साथ ही साहित्यकार भी हैं

### विंध्य की गुफाएं – पौराणिक रहस्य

- मिर्जापुर के पहाड़ी क्षेत्रों में कई छोटी-बड़ी गुफाएं हैं, जिनके बारे में बहुत कम लोग जानते हैं। इनमें से कई गुफाओं में शिलालेख, पौराणिक प्रतीक और साधुओं के रहने के चिह्न आज भी दिखाई देते हैं। स्थानीय मान्यता है कि यह गुफाएं कभी तपस्वियों का निवास स्थल रही होंगी। रोमांच और अध्यात्म के मिश्रण की तलाश करने वालों के लिए यह गुफाएं बेहद खास अनुभव प्रदान करती हैं।

### काला पहाड़ – रोमांच का केंद्र

- मिर्जापुर का काला पहाड़ नाम की तरह रहस्यमयी है। यह काले पत्थर की ऊंची पहाड़ी है, जहां से पूरे इलाके का शानदार नज़ारा देखा जा सकता है। यहां पहुंचना आसान नहीं है, लेकिन रोमांच प्रेमियों के लिए यह ट्रैकिंग का अद्भुत अनुभव है। बहुत कम लोग इस जगह का नाम जानते हैं, लेकिन जो भी यहां आता है, प्रकृति की गोद में बिताए पल उसे अविस्मरणीय लगते हैं।

### टंडा फॉल्स

- शहर की हलचल से दूर स्थित टंडा फॉल्स को मिनी नियाग्रा भी कहा जाता है। यहां का पानी कई धाराओं में बंटकर नीचे गिरता है, जिससे एक अनोखा दृश्य बनता है। खास बात यह है कि यहां स्थानीय जनजातियां आज भी अपनी संस्कृति के साथ जीती हैं। उनके नृत्य, गीत और लोककला सैलानियों को मिर्जापुर की असली आत्मा से जोड़ते हैं।

# स्कूल के दिन याद आते ही झूम उठता मन

**अमर स्मृतियां**

स्कूल के दिन यह शीर्षक ही ऐसा है जिसे सुनते या पढ़ते ही मन रोमांच से भर उठता है। यह वो सुनहरे दिन थे जो जीवन की सबसे अमर स्मृतियों में गिने जाएंगे। केजी से लेकर 12वीं तक की कक्षाओं का समय मेरे जीवन का वह समय था जिसको याद करके मन खुशियों से भर जाता है और उन पलों को जीने की चाहत फिर से जाग उठती है। स्कूल की घंटी बजने से लेकर छुट्टी की घंटी बजने तक का समय कैसे बीत जाता था पता ही नहीं चलता था। उस समय मोबाइल का दौर नहीं था इसलिए दोस्तों से बात करने के लिए पूरे 1 दिन का इंतजार करना पड़ता था। लंच टाइम में टिफिन शेयर करना, तरह-तरह के खेल खेलना उसमें जीतने की खुशी और हारने पर मिलकर हौसला बढ़ाना ,परीक्षा के दिनों का तनाव, उसके बाद छुट्टियों का उल्लास अभी भी याद आता है। उन दिनों ना तो जिम्मेदारियां का बोझ था बस परीक्षा में अच्छे अंकों से पास होने के अलावा और कोई चिंता न थी। विद्यालय का जीवन ही हमारी वास्तविक नींव है। स्कूल केवल शिक्षा प्राप्त करने का स्थान ही नहीं है बल्कि जीवन के विविध पहलुओं को दिशा देने वाला मंदिर भी है। विद्यार्थी जीवन बीते हुए बहुत समय हो गया हो, लेकिन आज के तकनीकी युग में सोशल मीडिया के द्वारा पुराने सब दोस्त फिर से मिल सके और पुरानी यादें ताजा हो पाई हैं। विद्यार्थी जीवन ,जीवन का वह सोपान है जहां ज्ञान के साथ-साथ अनुशासन ,मित्रता और संस्कारों की नींव रखी जाती है लेकिन साथ-साथ जो शरारतें और हंसी - मजाक कक्षा के बीच और बाद में होता था वह सबसे मनोरंजक पल होता था। शिक्षकों का नामकरण करना और किसी खास हावभाव को चिन्हित करना बड़ा आनंद देता था। आज टीचर किस रंग की साड़ी पहन कर आएंगी इसकी शर्त लगाने का भी अपना अलग मजा था। कक्षा में टीचर द्वारा खास मुझे चैप्टर रीडिंग करवाना या फिर कॉपियां स्टाफ रूम में रखने के लिए कहना, टीचर के अनुपस्थित होने पर खास मुझे क्लास को देखने की जिम्मेदारी देना यह सब छोटी-छोटी बातें गर्व और हर्ष का विषय बनती थी और स्पेशल फील कराती थी।आज भी कुछ टीचर्स संपर्क में है और पुरानी यादें साझा करती हैं तो बहुत अच्छा लगता है। स्कूल के दिनों में कोई ब्यूटी क्वीन, कोई गॉसिप गर्ल ,कोई टॉमबॉय कोई मिस कैटवॉक,कोई चुगली आंटी के नाम से चुपके से अलंकृत की जाती थी जो अपने आप में मनोरंजन का कारण होता था। ऐसी न जाने कितनी अनगिनत स्मृतियां हैं जिन्हें शब्दों में सीमित नहीं किया जा सकता। स्कूल के दिन हमारी स्मृतियों के वे अध्याय हैं जहां अनुशासन के साथ-साथ मित्रता का संसार बसता था। अध्यापकों के अनुशासन, स्वयं के परिश्रम एवं मित्रों के प्रेम ने जीवन को रंगीन बना दिया था। आज जब हम जीवन की जटिलताओं से थक जाते हैं तब अनायास ही हमारी



लेखिका: डॉ. मनीषा चतुर्वेदी

# आत्मविश्वास, जज्बा और दूरदर्शिता सफल एंटरप्रेन्योर

**सफलता की कहानी**

- उद्यम में सफलता के अनुभव साझा कर रहे उद्योगपति शिव कुमार अग्रवाल
- बोले-संघर्ष और समस्याओं को सुलझाना अलजेब्रा हल करने जैसा

**रुद्रपुरः** खुद पर भरोसा और जज्बा हो तो आप दूरदर्शिता के साथ बढ़ते हुए कामयाब एंटरप्रेन्योर बन सकते हैं। मैं उद्यम के क्षेत्र में सफल होने के लिए सच्चाई, ईमानदारी और निडरता के साथ कामयाबी की डगर पर नित नए पड़ाव तय करता रहा। एक सक्रिय स्वतंत्रता सेनानी परिवार में पैदा होने के कारण निडरता और एंटरप्रेन्योरशिप जैसे गुण मेरे जींस में रहे हैं। आजादी के कुछ साल बाद यानी 1952 में जन्म होने के बाद बावजूद मैं अपने घर पर उस जमाने के नामी नेताओं और प्रतिष्ठित लोगों का जमघट देखकर और उनसे बातचीत कर रोमांचित होता था। संयुक्त परिवार से संबंधित होने के कारण मुझे सभी संस्कार मिले थे। इसमें सबसे महत्वपूर्ण बड़ों का भरपूर आदर करना था।

14 साल की उम्र में हाईस्कूल पास किया। उस समय मातृभाषा होने के कारण अपनी हिन्दी को लेकर आत्मविश्वास था इसलिए उसे पढ़ा नहीं। उस समय के माहौल में अंग्रेजी पढ़ी नहीं गयी। हां, मेरा अलजेब्रा सबसे स्ट्रांग था और इसमें खूब मजा आता था। इसमें मैं हमेशा कम से कम 99 प्रतिशत सवाल हल कर लेता था। मुझे लगता है कि हम सभी की जिंदगी भी अलजेब्रा की तरह है। तमाम तरह के संघर्ष और समस्याओं को सुलझाना जिंदगी का अलजेब्रा हल करने जैसा ही है। मेरी तमन्ना एयरफोर्स में जाने की थी क्योंकि यह मुझे रोमांचित करता था, लेकिन घर वाले मुझे एंटरप्रेन्योरशिप की राह पर आगे बढ़ते हुए देखना चाहते थे। आखिरकार मैंने सिर्फ 18 साल की उम्र में उद्यमिता की राह पर अपने कदम बढ़ा दिए। मैंने अकेले दम पर सबसे पहले खुद की राइस मिल लगाई और फिर मुझे पीछे मुड़कर देखने की नौबत नहीं आयी। इसके बाद मैंने एक-एक करके लगातार कई यूनिट्स लगाईं। इस प्रक्रिया में मुझे जो संघर्ष करना पड़ा, उसे मैं जरूरी और किसी भी कीमत पर सस्ता समझता हूं। मेरा मानना है कि अनुभव एक पूंजी की तरह है जो किसी भी तरह हासिल करना चाहिए। भले ही इसके लिए कभी नुकसान ही क्यों न उठाना पड़े। इससे परिपक्वता आती है और आत्मविश्वास बढ़ता है। उद्यमिता की राह में मिलने वाले अनुभवों को मैंने पूरी तरह एंज्वाय किया। इससे मैं और ज्यादा निडर हुआ। मैंने अपनी अब तक की लाइफ में उतार-चढ़ाव और नुकसान बहुत देखे हैं पर मेरा मानना है कि एंटरप्रिन्योरशिप की राह सांप-सीढ़ी के खेल जैसी है। कभी किसी निर्णय से आपको बहुत लाभ मिल सकता है तो किसी भी एक निर्णय या कदम से नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। तमाम उतार-चढ़ावों के बावजूद मैंने जमीर को कभी खराब या खत्म नहीं होने दिया। यहां तक कि अभाव महसूस होने पर भी मैंने कभी समझौता नहीं किया। शायद यही कारण है कि इससे मिलने वाली ताकत के कारण ही मैं हमेशा कांफिडेंट रहता हूं। इसके अलावा मेरे लिए सच्चाई और ईमानदारी भी बेहद महत्वपूर्ण रहे हैं। चाहे वह किसी के प्रति भी हों। मुझे लगता है कि इन गुणों के साथ अगर किसी काम के प्रति आपका डेडिकेशन है तो आपकी आईक्यू भी शार्प होगी और आप कामयाबी की राह पर निश्चित रूप से हमेशा आगे बढ़ते रहेंगे।

### दोनों पुत्र भी स्थापित कर रहे कीर्तिमान

- शिवकुमार अग्रवाल के दोनों पुत्र अभिषेक एवं सौरभ भी उनके पदचिन्हों पर चल रहे हैं। उन्होंने युवा उद्यमी के तौर पर अपनी एक अलग पहचान बनायी है। शिवकुमार द्वारा लगाये गये पौधे को वटवृक्ष के रूप में विकसित कर रहे हैं। उत्तराखंड राज्य के अलावा उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हिमाचल, आंध्र प्रदेश तक अपने व्यवसाय का विस्तार सफलतापूर्वक करते हुए संस्था को तेजी से आगे बढ़ाकर नित नये कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। वर्तमान में तीसरी पीढ़ी भी कंधे से कंधा मिलाने को तत्पर है।



लेखक: डॉ. शिवकुमार अग्रवाल
उद्योगपति, ऊधमसिंह नगर

## चांदी ने सोने को पछाड़ा, मांग से 19% उछला

नई दिल्ली। चांदी ने सितंबर में 19 .4 प्रतिशत की तेजी के साथ सोने को पीछे छोड़ दिया, जबकि इस दौरान पीली धातु की कीमत में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। चांदी की कीमतों में यह वृद्धि मजबूत औद्योगिक मांग और वैश्विक आपूर्ति में कमी के कारण हुई है। चांदी की कीमतें दो सितंबर को 1,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। वह 24,500 रुपये बढ़कर 30 सितंबर को 1,50,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं। यह हाल के वर्षों में सबसे तेज मासिक वृद्धि में से एक है। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को चांदी 1,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

अमृत विचार
अयोध्या, शनिवार, 4 अक्टूबर 2025
www.amritvichar.com



### बिजनेस ब्रीफ

## एसीसी पर लगाया 23 करोड़ रुपये का जुर्माना

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने एसीसी लिमिटेड पर कुल 23 .07 करोड़ रुपये के दो अलग-अलग जुर्माने लगाए हैं। अडाणी समूह की यह कंपनी अपीलीय प्राधिकारियों के समक्ष इस जुर्माने को चुनौती देगी। आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2015-16 के लिए कथित तौर पर आय का गलत विवरण प्रस्तुत करने के लिए 14 .22 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। वहीं आकलन वर्ष 2018-19 के लिए आय कम बताने के मामले में 8 .85 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। एसीसी ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी

## छह कंपनियों की लघु रिएक्टर में रुचि

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज और अडाणी पावर सहित कम से कम छह निजी क्षेत्र की कंपनियों ने भारत लघु मॉड्यूलर रिएक्टर (बीएसएमआर) स्थापित करने में रुचि दिखाई है और छह राज्यों में 16 संभावित स्थलों की पहचान की है। जिन छह कंपनियों ने भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम लिमिटेड (एनपीसीआईएल) के लघु मॉड्यूलर रिएक्टर स्थापित करने के प्रस्ताव का जवाब दिया है, उनमें जिंदल स्टील एंड पावर, टाटा पावर, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और जेएसडब्ल्यू एनर्जी भी शामिल हैं। एनपीसीआईएल ने कहा कि उपरोक्त कंपनियों ने बीएसएमआर के लिए संभावित स्थलों की भी पहचान की है और विभिन्न राज्यों में 16 स्थलों की प्रारंभिक स्थल रिपोर्ट भी दी है।

## अमेरिकन एक्सप्रेस बैंक पर 31.8 लाख जुर्माना

मुंबई। रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अमेरिकन एक्सप्रेस बैंक पर निर्देशों का पालन न करने के कारण 31 लाख 80 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने शुक्रवार को बताया कि उसने अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्पोरेशन को क्रेडिट कार्डधारकों को रिफंड और विफल या रिवर्स ट्रांजेक्शन से प्राप्त बैलेंस उनके खाते में न देने का दोषी पाया है। यह मामला पिछले साल नियमित जांच में सामने आया था। इसके बाद बैंक को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा गया था कि निर्देश का पालन न करने के लिए क्यों न उस पर जुर्माना लगाया जाये। नोटिस पर बैंक के जवाब और व्यक्तिगत स्तर पर सुनवाई के दौरान दिये गये मौखिक तर्कों के संतोषजनक नहीं पाए जाने के बाद आरबीआई ने बैंक पर जुर्माना लगाने का आदेश दिया है।

# भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में स्थिर शक्ति

### कौटिल्य आर्थिक शिखर सम्मेलन में बोलीं वित्तमंत्री, स्थिरता के साथ बाहरी झटकों को झेलने में सक्षम

नई दिल्ली, एजेंसी



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि विश्व, व्यापार एवं ऊर्जा सुरक्षा में ''गंभीर असंतुलन'' का सामना करने के साथ ही संरचनात्मक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और ऐसे समय में भारत 'स्थिरता कायम करने वाली शक्ति' के रूप में सामने आया है जो बाहरी झटकों को झेलने में सक्षम है। सीतारमण ने यहां कौटिल्य आर्थिक शिखर सम्मेलन 2025 में कहा कि भू-राजनीतिक संघर्ष बढ़ रहे हैं और प्रतिबंध व शुल्क वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को नया रूप दे रहे हैं। ऐसे में भारत को सतर्क रहना होगा और परितोष की कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि युद्ध एवं रणनीतिक प्रतिद्वंद्विताएं सहयोग व संघर्ष की सीमाओं को नए सिरे से परिभाषित कर रही हैं। जो गठबंधन कभी मजबूत दिखते थे, उनकी परीक्षा हो रही है और नए गठबंधन सामने आ रहे हैं।

भारत के लिए ये गतिशीलताएं, संवेदनशीलता एवं लचीलेपन दोनों को उजागर करती हैं। झटकों को सहने की हमारी क्षमता मजबूत है। साथ ही हमारी आर्थिक क्षमता भी बढ़ रही है। सीतारमण ने कहा कि विश्व अभूतपूर्व वैश्विक अनिश्चितता एवं अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है और देशों के समक्ष चुनौती केवल अनिश्चितता से निपटने की नहीं बल्कि व्यापार, वित्तीय एवं ऊर्जा असंतुलन से निपटने की भी है। मंत्री ने 'अशांत समय में समृद्धि की तलाश' विषय पर आयोजित सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि इसलिए, हमारे सामने चुनौती केवल अनिश्चितता से नहीं बल्कि असंतुलन से निपटने की भी है। हमें खुद से सवाल करना होगा कि हम एक ऐसी वैश्विक व्यवस्था कैसे बना सकते हैं जहां व्यापार निष्पक्ष हो, ऊर्जा सस्ती एवं टिकाऊ हो और जलवायु परिवर्तन से निपटने की कार्रवाई विकास की अनिवार्यताओं के अनुरूप हो...?

### कल के बजाय आज के लिए करें काम

सीतारमण ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं को ऐसे विचारों पर काम करने की जरूरत है, जो कल के पदानुक्रमों के बजाय आज की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करें। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि विकासशील देशों की आवाज नियम-निर्माण में हाशिए पर न रहे, बल्कि भविष्य को आकार देने में उनकी आवाज को बल मिले। सीतारमण ने कहा कि अव्यवस्थाएं इस नए वैश्विक युग को परिभाषित करती हैं, जिसमें व्यापार प्रवाह को नया रूप दिया जा रहा है। गठबंधनों की परीक्षा ली जा रही है, भू-राजनीतिक सीमाओं के साथ निवेश को फिर से शुरू किया जा रहा है और साझा प्रतिबद्धताओं पर फिर से गौर किया जा रहा है। सीतारमण ने कहा कि हम जिस परिस्थिति का सामना कर रहे हैं वह कोई अस्थायी व्यवधान नहीं बल्कि एक संरचनात्मक बदलाव है। उन्होंने कहा कि वैश्विक व्यवस्था की नींव बदल रही है, क्योंकि शीत युद्ध की समाप्ति के बाद उभरी दुनिया, जिसने वैश्वीकरण, खुले बाजारों और बहुपक्षीय सहयोग के विस्तार को जन्म दिया था, यह अब अतीत की बातें प्रतीत होती हैं।

### तनाव का सामना कर रही वैश्विक अर्थव्यवस्था

वैश्विक अर्थव्यवस्था वर्तमान में बढ़ते व्यापार तनाव, उच्च शुल्क, बढ़ती वैश्विक नीति अनिश्चितता और जारी रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना कर रही है। सीतारमण ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था कम निवेश, उच्च पूंजी लागत, अस्थिर ऊर्जा कीमतों और वृद्धि, स्थिरता एवं सततता के बीच तनाव का सामना कर रही है। इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि स्थिरता कायम करने वाली शक्ति के रूप में भारत का उदय न तो आकस्मिक और न ही क्षणिक है...बल्कि, यह कारकों के एक शक्तिशाली संयोजन का परिणाम है। सीतारमण ने कहा कि पिछले एक दशक में सरकार ने राजकोषीय समेकन, पूंजीगत व्यय की गुणवत्ता में सुधार और मुद्रास्फीति के दबावों पर लगाम लगाने पर ध्यान केंद्रित किया है।

# टीसीएस में नियुक्ति की प्रक्रिया की मांगी जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- अमेरिकी सांसदों ने एच-1बी वीजा पर भी किए सवाल

अमेरिकी सांसदों ने भारत की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टीसीएस से अमेरिका में नियुक्ति प्रक्रियाओं के बारे में विस्तृत जानकारी मांगी है। इन सांसदों ने पूछा कि क्या कंपनी ने किसी अमेरिकी कर्मचारी को हटाकर उसकी जगह एच-1बी कर्मचारी को नियुक्त किया है। साथ ही एच-1बी कर्मचारियों और उनके समकक्ष अमेरिकी कर्मचारियों के बीच वेतन असमानता के बारे में भी पूछा है।

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के सीईओ के कृतिवासन को लिखे एक पत्र में सीनेट न्यायपालिका समिति के चेयरमैन चार्ल्स ग्रासली और रैंकिंग सदस्य रिचर्ड डर्बिन ने कहा कि कंपनी दुनिया भर में 12,000 से अधिक कर्मचारियों, जिनमें अमेरिकी कर्मचारी भी शामिल हैं, की छंटनी कर रही है। पत्र के अनुसार, टीसीएस ने अकेले अपने जैक्सनविले कार्यालय में लगभग पांच दर्जन कर्मचारियों की छंटनी की।

इसमें आगे कहा गया कि एक तरफ आप अमेरिकी कर्मचारियों की छंटनी कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ आप हजारों विदेशी कर्मचारियों के लिए एच-1बी वीजा आवेदन भी दे रहे हैं। पत्र में वित्त वर्ष 2024-25 के आंकड़ों का हवाला दिया गया, जब टीसीएस को 5,505 एच-1बी कर्मचारियों की नियुक्ति की मंजूरी मिली थी। इस पत्र में कहा गया कि इससे कंपनी अमेरिका में नए स्वीकृत एच-1बी लाभार्थियों की दूसरी सबसे बड़ी नियोक्ता बन गई है।

इन सांसदों ने कहा कि हमारे लिए यह विश्वास करना मुश्किल लगता है कि टीसीएस इन पदों को भरने के लिए योग्य अमेरिकी तकनीकी कर्मचारी नहीं ढूंढ पा रही है। इस संबंध में प्रतिक्रिया के लिए टीसीएस को ईमेल भेजा, लेकिन खबर लिखे जाने तक उसका कोई जवाब नहीं मिला।

# पाकिस्तानी कंपनियों को कराना होगा पंजीकरण

मुंबई, एजेंसी

- भारत में शाखा खोलने के लिए पुलिस पंजीकरण होगा जरूरी

अब पाकिस्तान की कंपनियों को भी भारत में शाखा खोलने और बैंकिंग सुविधा लेने के लिए स्थानीय पुलिस के पास पंजीकरण कराना होगा और बैंक उनके द्वारा खाता खोले जाने की सूचना केंद्रीय गृह मंत्रालय को देंगे। रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस संबंध में नियमों में परिवर्तन का प्रस्ताव किया है जिसका प्रारूप हितधारकों के सुझावों के लिए केंद्रीय बैंक की वेबसाइट पर रखा गया है।

नियमों के तहत पहले बंगलादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान, ईरान, चीन, हांगकांग और मकाऊ की कंपनियों या इकाइयों को भारत में शाखा कार्यालय, लाइजन कार्यालय, प्रोजेक्ट कार्यालय या किसी भी तरह का कारोबारी कार्यालय शुरू करने के लिए स्थानीय पुलिस के पास पंजीकरण जरूरी था। साथ ही उनका खाता खोलने वाले भारतीय बैंक कंपनियों के अपने देश से जारी स्वीकृति पत्र की एक प्रति केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत आंतरिक सुरक्षा विभाग-1 को भी भेजेंगे। प्रारूप संशोधन में इस सूची में पाकिस्तान का नाम भी जोड़ दिया गया है और कहा गया है कि बैंक उनके द्वारा खाता खोले जाने की सूचना केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत आंतरिक सुरक्षा विभाग-1 को देंगे। अन्य विदेशी इकाइयों के लिए भारत में शाखा और बैंक खाता खोलने के नियमों को सरल बनाया गया है। जो कंपनी जिस नियामक एजेंसी के तहत आती है उसके शाखा खोलने के लिए उस एजेंसी की मंजूरी ही पर्याप्त होगी। आरबीआई की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि नियमों में संशोधन के जरिये नियमों का उल्लंघन करने वाले और निष्क्रिय पड़ी शाखा, कार्यालय को बंद करने के नियमों को भी सरल करने का प्रस्ताव है।

# विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 700.24 अरब डॉलर पर

मुंबई, एजेंसी। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 26 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 2.33 अरब डॉलर घटकर 700.24 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 39.6 करोड़ डॉलर घटकर 702.57 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 26 सितंबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.39 अरब डॉलर घटकर 581.76 अरब डॉलर रहीं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। केन्द्रीय बैंक के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में देश का स्वर्ण भंडार 2.24 अरब बढ़कर 95.02 अरब डॉलर हो गया।

# महाराष्ट्र में 24 घंटे खुलेंगी दुकान और रेस्तरां

- शराब की दुकानों को नहीं मिली अनुमति

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र सरकार ने आवासीय होटल, रेस्तरां, भोजनालय, थिएटर, सार्वजनिक मनोरंजन के स्थानों सहित दुकानों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को पूरे राज्य में 24 घंटे खुले रहने की अनुमति दे दी है। इस संबंध में एक अक्टूबर को जारी सरकारी आदेश (जीआर) में हालांकि यह स्पष्ट कर दिया गया है कि शराब की बिक्री एवं आपूर्ति से जुड़े प्रतिष्ठान 24 घंटे नहीं खुलेंगे। इनमें वाइन शॉप, बीयर बार, डांस बार, हुक्का पार्लर, डिस्कोथेक और परमिट रूम शामिल हैं। इसमें कहा गया कि दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान सप्ताह के सभी दिन खुले रह सकते हैं, बशर्ते कि प्रत्येक कर्मचारी को सप्ताह में कम से कम 24 घंटे का निरंतर विश्राम दिया जाए।

उपर्युक्त प्रतिष्ठानों के कामकाजी घंटे सीमित ही रहेंगे। इससे पहले 19 दिसंबर 2017 को जारी अधिसूचना में राज्य सरकार ने परमिट रूम, बीयर बार, डांस बार, हुक्का पार्लर, डिस्कोथेक और शराब बेचने वाले सभी प्रतिष्ठानों के साथ-साथ वाइन शॉप, थिएटर और सिनेमा हॉल के खुलने और बंद होने का समय तय कर दिया था। इसके बाद 31 जनवरी 2020 की अधिसूचना में सरकार ने थिएटर और सिनेमा हॉल को पहले की अधिसूचना से बाहर कर दिया और केवल शराब बेचने या परोसने वाले प्रतिष्ठानों को समय सीमा के अधीन रखा।

# अब सोने की कीमत वैश्विक अनिश्चितता का नया बैरोमीटर

नई दिल्ली, एजेंसी



- आरबीआई गर्वनर मल्होत्रा बोले- लगभग हर देश में वित्तीय स्थिति तनावग्रस्त

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि शायद सोने की कीमत वैश्विक अनिश्चितताओं को दर्शाने वाले एक नए बैरोमीटर के रूप में काम कर रही है जबकि पहले कच्चा तेल ऐसा करता था। मल्होत्रा ने वर्तमान में लगभग हर देश के वित्तीय रूप से 'काफी तनावग्रस्त' होने का जिक्र करते हुए कहा कि मौजूदा व्यापार नीति का माहौल कुछ अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि को नुकसान पहुंचा सकता है।

उन्होंने निवेशकों को सजग करते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में गिरावट देखी जा सकती है। आरबीआई ने बुधवार को तटस्थ मौद्रिक नीति रुख के साथ रेपो दर को 5.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने की घोषणा की। इसके साथ ही रिजर्व बैंक ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था अनुमान से कहीं अधिक जुझारू रही है, लेकिन भविष्य अब भी धुंधला नजर आ रहा है। आरबीआई गवर्नर ने कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन 2025 में कहा कि भू-राजनीतिक तनावों की वजह से पिछले दशक में तेल की कीमतें आसमान छू सकती थीं। लेकिन इन तनावों के बावजूद वर्तमान में तेल की कीमतें बहुत सीमित दायरे में रही हैं। यह न केवल भारत बल्कि दुनिया भर में, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में तेल की अहमियत कम होने के कारण हो सकता है।" उन्होंने कहा, "शायद अब सोने की कीमतें उसी तरह की चाल दिखा रही हैं जैसा पहले तेल दिखाया करता था। और यह वैश्विक अनिश्चितताओं का संकेतक बन रही हैं।" मल्होत्रा ने वैश्विक आर्थिक संभावनाओं को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि शेयर बाजार में निवेशक भी कुछ ज्यादा उत्साह में लग रहे हैं। वैश्विक शेयर बाजारों में अधिकांश तेजी का नेतृत्व प्रौद्योगिकी शेयरों द्वारा किए जाने की पृष्ठभूमि में निकट भविष्य में एक सुधार हो सकता है।



# भारत का डेयरी क्षेत्र 11 साल में 70% बढ़ा : शाह

### केंद्रीय सहकारिता मंत्री बोले-यह सर्वाधिक तेजी से बढ़ने वाला क्षेत्र

रोहतक, एजेंसी



रोहतक में सभा के दौरान लोगों को अभिवादन देते अमित शाह।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने पिछले 11 वर्ष में डेयरी क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति करते हुए 70 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है और अब यह दुनिया में सर्वाधिक तेजी से बढ़ने वाला क्षेत्र है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के डेयरी क्षेत्र में क्षमता के मामले में 70 प्रतिशत का विस्तार हुआ है। शाह ने सहकारी क्षेत्र को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत यहां 'इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप' में नवनिर्मित 'साबर डेयरी' संयंत्र का उद्घाटन करने के बाद कहा कि दुनिया में भारत का डेयरी क्षेत्र सबसे तेजी से बढ़ रहा है।

कुल 325 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस संयंत्र में अत्याधुनिक मशीन लगेंगी और इससे प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। 'साबर डेयरी' संयंत्र दही, छाछ और 'योगर्ट' के लिए देश का सबसे बड़ा उत्पादन संयंत्र है जिसकी दैनिक क्षमता 150 मीट्रिक टन दही, तीन लाख लीटर छाछ, 10 लाख लीटर 'योगर्ट' और 10 मीट्रिक टन मिठाइयां बनाने की है।

गुजरात स्थित साबरकांठा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ को 'साबर डेयरी' के नाम से जाना जाता है। सहकारिता मंत्रालय का भी प्रभार संभाल रहे शाह ने कहा कि पिछले चार वर्ष में इस मंत्रालय ने सभी राज्य सरकारों के साथ मिलकर सहकारिता व्यवस्था की मजबूत नींव रखी है। शाह ने कहा कि मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि 2029 तक देश में एक भी पंचायत ऐसी नहीं होगी जहां सहकारी समिति न हो। उन्होंने कहा कि दुधारू पशुओं की संख्या 2014-2015 के आठ करोड़ 60 लाख से बढ़कर अब 11 करोड़ 20 लाख हो गई है। उन्होंने कहा कि दूध उत्पादन 14 करोड़ 60 लाख टन से बढ़कर 23 करोड़ 90 लाख टन हो गया है।

**एक वर्ष में बनीं 33,000 सहकारी समितियां :** केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि जब सहकारी क्षेत्र के तहत दूध की खरीद में वृद्धि होती है, तो इसका लाभ सीधे डेयरी क्षेत्र के किसानों को मिलता है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि पिछले एक वर्ष में लगभग 33,000 सहकारी समितियां पंजीकृत की गई हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के लिए लाभदायक देशी नस्ल के मवेशियों का दूध 3.9 करोड़ टन से बढ़कर पांच करोड़ टन हो गया है।

**सबसे आधुनिक डेयरी संयंत्र स्थापित करेंगे :** शाह ने कहा कि एक ऐसी प्रणाली भी विकसित की जाएगी जिससे देश में दुनिया के सबसे आधुनिक संयंत्र स्थापित हो सकें। शाह ने 'साबर डेयरी' के यहां स्थापित नए संयंत्र के बारे में कहा कि यह पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और उत्तरी राज्यों की जरूरतों को पूरा करेगा। साबर डेयरी राजस्थान, हरियाणा, महाराष्ट्र, पंजाब, उत्तर प्रदेश और बिहार के किसानों को सेवाएं प्रदान करती है।

### डेयरी क्षेत्र से जुड़े 8 करोड़ किसान

शाह ने कहा कि डेयरी क्षेत्र से लगभग आठ करोड़ किसान जुड़े हुए हैं और प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता पहले 124 ग्राम थी जो अब 471 ग्राम हो गई है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 साल में डेयरी क्षेत्र में कई बदलाव आए हैं जिससे किसान समृद्ध हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत दुनिया में शीर्ष दूध उत्पादक देश के रूप में उभरा है। शाह ने श्वेत क्रांति 2 .0 पहल का भी उल्लेख करते हुए कहा कि 2028-29 तक डेयरी सहकारी समितियों द्वारा दूध की खरीद वर्तमान स्तर से बढ़कर 1,007 लाख किलोग्राम प्रतिदिन तक पहुंचने की उम्मीद है।

# चैतन्यानंद को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की एक अदालत ने स्वयंभू बाबा चैतन्यानंद सरस्वती को शुक्रवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दिल्ली पुलिस ने उसे पांच दिन की पुलिस हिरासत अवधि पूरी होने के बाद पटियाला हाउस अदालत में न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिमेष कुमार के समक्ष पेश किया। यहां एक निजी प्रबंधन संस्थान में 17 छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोपी चैतन्यानंद के लिए पुलिस ने न्यायिक हिरासत की मांग की थी। उनके वकील ने जब्ती मेमो और केस डायरी दिए जाने की मांग करते हुए एक आवेदन प्रस्तुत किया, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। अदालत ने पुलिस से अन्य आवेदनों पर जवाब मांगा, जिनमें भिक्षुओं के वस्त्र पहनने, दवाइयां और "संन्यासी" भोजन उपलब्ध कराने की मांग की गई थी।

# मोदी आज करेंगे 62 हजार करोड़ की युवा-केंद्रित योजनाओं की शुरूआत

नई दिल्ली, एजेंसी



- एक हजार सरकारी आईटीआई का हब-एंड-स्पोक मॉडल में होगा उन्नयन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को यहां युवा विकास की एक ऐतिहासिक पहल के अंतर्गत 62,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न युवा-केंद्रित योजनाओं की शुरूआत करेंगे जिसके माध्यम से देश भर में शिक्षा, कौशल और उद्यमिता को एक निर्णायक बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री 60,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ केंद्र प्रायोजित योजना पीएम-सेतु (अपग्रेडेड आईटीआई के माध्यम से प्रधानमंत्री कौशल और रोजगार परिवर्तन) का शुभारंभ करेंगे।

इस योजना में देश भर में एक हजार सरकारी आईटीआई का हब-एंड-स्पोक मॉडल में उन्नयन करने की परिकल्पना की गई है, जिसमें 200 हब आईटीआई और 800 स्पोक आईटीआई शामिल हैं। प्रत्येक हब औसतन चार स्पोक से जुड़ा होगा, जिससे उन्नत बुनियादी ढांचे, आधुनिक ट्रेडों, डिजिटल शिक्षण प्रणाली और इनक्यूबेशन सुविधाओं से युक्त समूह तैयार किए जाएंगे। उद्योग जगत के प्रमुख साझेदार बाजार की मांग के अनुरूप परिणाम-आधारित कौशल विकास को सुनिश्चित करते हुए इन समूहों का प्रबंधन करेंगे। योजना के कार्यान्वयन के प्रथम चरण में पटना और दरभंगा के आईटीआई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मोदी 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 400 नवोदय विद्यालयों और 200 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में स्थापित 1,200 व्यावसायिक कौशल प्रयोगशालाओं का उद्घाटन करेंगे। ये प्रयोगशालाएं दूरस्थ और जनजातीय क्षेत्रों के छात्रों सहित, सूचना-प्रौद्योगिकी, ऑटोमोटिव, कृषि, इलेक्ट्रॉनिक्स, रसद और पर्यटन जैसे 12 उच्च-मांग वाले क्षेत्रों में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करेंगी।

# एनसीईआरटी ने शुरू किया स्वदेशी पर केंद्रित मॉड्यूल

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने 'स्वदेशी' पर विशेष मॉड्यूल जारी किया है, जिसमें 1905 से लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भरता के आह्वान तक इस आंदोलन की यात्रा को दर्शाया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस वर्ष लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस भाषण में आत्मनिर्भर भारत को विकसित भारत का आधार बताया था।

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शिक्षकों के साथ बातचीत में, प्रधानमंत्री ने पिछले महीने कहा था कि शिक्षक आमतौर पर अपने छात्रों को होमवर्क देते हैं, लेकिन वह बदलाव के लिए शिक्षकों को एक होमवर्क देना चाहते हैं - वह है स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल।

# गायक जुबिन गर्ग मौत मामला : सीबीआई-एनआईए जांच को सुप्रीम कोर्ट में याचिका

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्वोत्तर भारत महोत्सव के मुख्य आयोजक श्यामकानु महंत ने उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर असम के गायक जुबिन गर्ग की मौत के मामले की जांच राज्य पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) से लेकर सीबीआई या एनआईए जैसी केंद्रीय एजेंसी को सौंपने का अनुरोध किया है।

असम के सबसे प्रसिद्ध गायकों में से एक गर्ग की महोत्सव में प्रस्तुति से एक दिन पहले 19 सितंबर को सिंगापुर में मौत हो गई थी। खबरों के अनुसार, 52 वर्षीय कलाकार एक यॉट पर यात्रा के दौरान एक द्वीप के पास तैरते समय डूब गए थे। गर्ग की मौत के सिलसिले में उनके प्रबंधक सिद्धार्थ शर्मा और श्यामकानु महंत को बुधवार को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने शर्मा और महंत के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। वे 14 दिनों की सीआईडी हिरासत में हैं। याचिका के अनुसार, सिंगापुर प्राधिकारियों ने अपनी जांच शुरू कर दी है लेकिन उन्हें महंत द्वारा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी किए जाने या कोई साजिश रचे जाने का कोई तत्व नहीं मिला है।

### बैंड के दो सदस्यों को पुलिस रिमांड पर भेजा

गुवाहाटी। असम की एक अदालत ने गायक-संगीतकार जुबिन गर्ग की मौत के मामले में शुक्रवार को उनके बैंड के सदस्यों शेखरज्योति गोस्वामी और अमृतप्रभा महंत को 14 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) के विशेष पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने बताया कि स्थानीय अदालत ने दोनों को 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों से पूछताछ जारी है। मैं इस समय इससे ज़्यादा कुछ नहीं बता सकता।

# वांगचुक की रिहाई के लिए पत्नी पहुंची सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- लद्दाख हिंसा : रासुका के तहत जोधपुर जेल में बंद हैं वांगचुक

जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे अंगमो ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत पति की हिरासत को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है और उन्हें तत्काल रिहा करने का अनुरोध किया है।

वांगचुक को लद्दाख में प्रदर्शनों के दो दिन बाद 26 सितंबर को कड़े राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत हिरासत में लिया गया था। लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर उस केंद्र शासित प्रदेश में हुए विरोध प्रदर्शनों में चार लोगों की मौत हो गई थी और 90 लोग घायल हो गए थे। वांगचुक राजस्थान की जोधपुर जेल में बंद हैं। वरिष्ठ वकील विवेक तन्खा और वकील सर्वम रितम खरे के माध्यम से दायर अपनी याचिका में अंगमो ने वांगचुक के खिलाफ रासुका लगाने के फैसले पर भी सवाल उठाया है। अंगमो ने अदालत में दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में इसे तत्काल सूचीबद्ध करने और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन को न्यायालय के समक्ष सोनम वांगचुक को तुरंत पेश करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### इटली में सड़क दुर्घटना में दो भारतीयों की मौत

**लंदन।** इटली के ग्रोसेटो में शुक्रवार सुबह हुई एक सड़क दुर्घटना में दो भारतीय नागरिकों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। इतालवी समाचार एजेंसी एएनएसए की खबर के अनुसार, यह दुर्घटना ग्रोसेटो में ऑरेलिया राजमार्ग पर उस समय हुई जब एशियाई पर्यटकों को ले जा रही एक वैन और एक मिनी बस के बीच टक्कर हो गई। खबर में बताया गया है कि इस घटना में बच्चों सहित पांच लोग घायल भी हुए हैं। अग्निशमन दल और ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों ने घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया। इटली स्थित भारतीय दूतावास ने बताया कि वह पीड़ितों के परिवारों और स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है। दूतावास ने बताया कि परिवार को सहायता दी जा रही है।

### इंडोनेशिया: ध्वस्त स्कूल इमारत से 3 शव निकाले

**सिदोअर्जो।** इंडोनेशिया में ध्वस्त स्कूल इमारत के मलबे से शुक्रवार तड़के तीन छात्रों के शवों को निकाला गया और 50 से अधिक छात्र अब भी लापता हैं जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को हुए हादसे के बाद बचाव दल मलबे में छात्रों के जीवित होने की संभावना के मद्देनजर हाथ से मलबे को हटा रहे थे, लेकिन बृहस्पतिवार को किसी के जिंदा होने का कोई संकेत नहीं मिलने पर उन्होंने मलबे को तेजी से हटाने के लिए भारी उत्खनन मशीनों का इस्तेमाल शुरू किया। उन्होंने बताया कि जावा द्वीप के पूर्वी हिस्से में सिदोअर्जो में एक सदी पुराने अल खोजिनी इस्लामिक बोर्डिंग स्कूल के प्रार्थना कक्ष की इमारत उस समय ढह गई जब सैकड़ों की संख्या में छात्र वहां मौजूद थे।

### वियतनाम में चक्रवाती तूफान से 51 की मौत

**हनोई।** वियतनाम में चक्रवाती तूफान बुआलोई और उसके बाद आई बाढ़ और भूस्खलन से उत्तरी और मध्य वियतनाम में 51 लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य लापता हो गए तथा 164 घायल हुए हैं। वियतनाम आपदा एवं डाइक प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक शुरूआती तौर पर आर्थिक नुकसान लगभग 15 .9 ट्रिलियन वियतनामी डोंग (लगभग 60 .8 करोड़ अमेरिकी डॉलर) होने का अनुमान है। तूफान के कारण 238,000 से अधिक घर क्षतिग्रस्त या जलमग्न हुए हैं, लगभग 89,000 हेक्टेयर में फैसरा धान और अन्य फसलें जलमग्न हो गयी हैं और 17,000 हेक्टेयर से अधिक जलीय कृषि और लगभग 50,300 हेक्टेयर जंगलों को नुकसान पहुंचाया।

## समझौता कुबूल करे हमास या और ज्यादा हमलों के लिए तैयार रहे: ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमास को दिया रविवार शाम तक का वक्त

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को दो टूक कहा कि अगर हमास गाजा पट्टी के लिए प्रस्तावित शांति समझौते पर रविवार शाम छह बजे तक सहमत नहीं होता है, तो चरमपंथी समूह को और अधिक हमलों का सामना करना पड़ेगा।

ट्रंप ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, हमास के साथ रविवार शाम छह बजे (वाशिंगटन डीसी के समयानुसार) तक समझौता हो जाना चाहिए। उन्होंने लिखा, हर देश ने इस पर हस्ताक्षर कर दिए हैं! अगर समझौते के इस आखिरी मौके में सफलता नहीं मिलती है, तो हमास पर ऐसा कहर टूटेगा, जैसा पहले कभी नहीं देखा गया। पश्चिम एशिया में किसी न किसी तरह से शांति कायम की जाएगी।

ट्रंप ने इस हफ्ते की शुरुआत में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ हुई बातचीत के बाद गाजा पट्टी में युद्ध समाप्त करने के लिए एक 20 सूत्री योजना पेश की थी। इसमें तत्काल युद्धविराम के साथ दोनों ओर से बंधकों की रिहाई प्रमुख बिंदु हैं। दुनिया के कई देशों ने इस योजना की सराहना की थी और शांति कायम करने के लिए हमास से इसे स्वीकार करने का आग्रह किया था।

# मतभेदों को दूर करने के लिए गांधी के रास्ते पर चले दुनिया

## संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने जारी किया संदेश, कहा- अहिंसा कमजोरों का हथियार नहीं, साहसी लोगों की ताकत

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी



संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने वैश्विक समुदाय से आपसी मतभेदों को दूर करने और कूटनीति को आगे बढ़ाने के लिए महात्मा गांधी के दिखाए मार्ग का अनुसरण करने का आह्वान करते हुए कहा कि दुनिया में इस समय बढ़ते तनाव के बीच गांधी का शांति का संदेश नए सिरे से प्रासंगिक हो गया है।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख का संदेश यहां संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन द्वारा आयोजित विशेष स्मृति कार्यक्रम के दौरान दिया गया जो महात्मा गांधी की जयंती पर आयोजित किया गया था। गांधी जयंती को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने विशेष संदेश में कहा कि आज दुनिया हमारी साझा मानवता के चिंताजनक क्षरण का गवाह बन रही है। इस अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर हम महात्मा गांधी के जीवन एवं उनकी विरासत और सभी के लिए शांति, सत्य एवं सम्मान के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का सम्मान करते हैं। गांधीजी ने न केवल इन आदर्शों की बात की बल्कि उन्हें जीया भी। बढ़ते तनाव और गहराते विभाजन के इस दौर में उनका संदेश नए सिरे से प्रासंगिक है।

उन्होंने कहा, हिंसा संवाद की जगह ले रही है, आम नागरिक खामियाजा भुगत रहे हैं, अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हो रहा है और शांति की नींव खतरे में है। गुतारेस ने कहा कि गांधी जी का मानना था कि अहिंसा कमजोरों का हथियार नहीं, बल्कि साहसी लोगों की ताकत है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि विभाजन एवं संघर्ष के इ, युग में गांधीजी का संदेश स्पष्ट है कि दुनिया में स्थाई शांति हासिल करने के लिए मानव जाति के पास अहिंसा सबसे बड़ी शक्ति है।

### गांधी के समानता और गरिमा के आदर्श गेट्स फाउंडेशन की नींव : बिल गेट्स

**सिएटल/न्यूयॉर्क।** अरबपति परोपकारी बिल गेट्स ने कहा कि महात्मा गांधी के समानता और गरिमा के आदर्श गेट्स फाउंडेशन के कार्यों की नींव हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत ने ऐसी अनेक पहल और समाधान विकसित किए हैं, जो 'ग्लोबल साउथ' में लाखों लोगों की जान बचा सकते हैं और उनके जीवन को बेहतर बना सकते हैं। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। गेट्स सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूतावास और गेट्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक विशेष समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम महात्मा गांधी की 156वीं जयंती के अवसर पर भारतीय संस्कृति, कला और खानपान को प्रदर्शित करने के लिए आयोजित किया गया था।

# जिसका सबसे खराब मानवाधिकार रिकॉर्ड, वह दूसरों को दे रहा उपदेश

## भारत ने यूएनएचआरसी में पाकिस्तान को फिर धोया, दुष्प्रचार को किया उजागर

संयुक्त राष्ट्र/जिनेवा, एजेंसी

भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में पाकिस्तान की आलोचना करते हुए कहा कि मानवाधिकार के मामले में दुनिया में सबसे खराब रिकॉर्ड वाले देशों में से एक को अपने ही समाज में धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ राज्य प्रायोजित उत्पीड़न और व्यवस्थागत भेदभाव पर गौर करना चाहिए।

भारत के स्थाई मिशन के काउंसलर केएस मोहम्मद हुसैन ने जिनेवा में मानवाधिकार परिषद के 60वें सत्र के दौरान एक आम चर्चा के दौरान कहा, हमें यह बेहद विडंबनापूर्ण लगता है कि दुनिया में सबसे खराब मानवाधिकार रिकॉर्ड वाले देशों में से एक दूसरों को उपदेश देना चाहता है। हुसैन ने मंगलवार को कहा, भारत के खिलाफ मनगढ़ंत आरोपों के साथ इस प्रतिष्ठित मंच का दुरुपयोग करने की उनकी कोशिशें उनके पाखंड को ही उजागर करती हैं। निराधार दुष्प्रचार करने के बजाय, उन्हें अपने समाज में धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों का राज्य-प्रायोजित उत्पीड़न और व्यवस्थागत भेदभाव पर गौर करना चाहिए।

हुसैन ने किसी देश का नाम लिए बिना यह कहा, लेकिन उनका स्पष्ट इशारा पाकिस्तान की ओर था, जिसके प्रतिनिधि ने भारत के सामने बोलते हुए कश्मीर मुद्दे को उठाया। भारत ने पाकिस्तान से बार-बार कहा है कि जम्मू-कश्मीर देश का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा। हुसैन ने यह भी कहा कि भारत अपने लोगों का मानवाधिकार सुनिश्चित करने और सतत विकास को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा, हमें सामूहिक रूप से वीडीपीए के आदर्शों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करनी चाहिए।



### पीओजेके में गुस्साई भीड़ ने पुलिस की गाड़ियां फूंकी

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में सुरक्षा बलों की कार्रवाई से गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की गाड़ियों और बुलडोज़र को आग के हवाले कर दिया है। इलाके में तनाव घटाने को लेकर पाकिस्तान सरकार और जम्मू-कश्मीर अवामी एक्शन कमेटी (जेकेएएसी) के बीच बातचीत के कल शुरू होने के बावजूद, पीओजेके में भारी अशांति देखी गई। यह तनाव सुरक्षा बलों की गोलीबारी में स्थानीय नागरिकों के मारे जाने के बाद और बढ़ गया था। पीओजेके के सेहंसा इलाके में प्रदर्शनकारियों ने हाल ही में हुई नागरिकों की मौतों के प्रतिशोध में सरकारी संपत्ति को निशाना बनाया और पुलिस वाहनों और बुलडोज़रों में आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों ने अरजा पुल पर नाकाबंदी कर दी है, जिससे आवाजाही में खासी परेशानी हुई है। इसके अलावा कोटली शहर में पूर्ण बंद रहा और राज्य सरकार की कार्रवाई के कड़े विरोध में व्यवसाय और परिवहन ठप रहे। बातचीत की पहल होने के बाद भी आज़ाद पट्टन और पलंदरी सहित प्रमुख क्षेत्रों में प्रदर्शनों का सिलसिला नहीं रुका।

### इस्लामाबाद प्रेस क्लब में पत्रकारों की पिटाई की जांच का आदेश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पत्रकारों ने राष्ट्रीय राजधानी स्थित एक प्रेस क्लब में पुलिस की कार्रवाई और पत्रकारों के साथ मारपीट के लिए संघीय सरकार की आलोचना की है, वहीं गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं। इस्लामाबाद पुलिस ने बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर संयुक्त आवामी एक्शन कमेटी के विरोध प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करते हुए नेशनल प्रेस क्लब पर हमला किया। टीवी फुटेज में पुलिसकर्मियों को प्रेस क्लब परिसर में पत्रकारों पर लाठियां बरसाते हुए देखा जा सकता है। समाचार पत्र 'डॉन' की एक खबर के अनुसार नकवी ने कहा है कि उन्होंने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना का संज्ञान लिया है और इस्लामाबाद के पुलिस महानिरीक्षक से इस संबंध में एक रिपोर्ट मांगी है। उनके हवाले से कहा गया है, पत्रकार समुदाय के खिलाफ हिंसा किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जा सकती।



इस्तांबुल में सैकड़ों में लोगों ने इजराइली वाणिज्य दूतावास के सामने प्रदर्शन किया।

### इजराइल ने कब्जे में लिया फ्लोटिला, ग्रेटा थनबर्ग और यूरोपीय सांसदों के निर्वासन की तैयारी

**दीर अल बलाह।** गाजा के इजराइली घेराबंदी वाले क्षेत्र में फंसे फिलिस्तीनियों के लिए मानवीय सहायता ले जा रहे जहाजों के समूह (फ्लोटिला) को इजराइली सैनिकों ने अपने कब्जे में ले लिया है और उसमें सवार जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग तथा कई यूरोपीय सांसदों के निर्वासन की प्रक्रिया शुरू करने के लिए उन्हें इजराइल ले जाया जा रहा है। 'द ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला' नामक इस काफिले में लगभग 50 छोटे जहाज शामिल हैं, जिन पर करीब 500 लोग सवार हैं। यह काफिला गाजा के घेराबंदी वाले क्षेत्र में फंसे फिलिस्तीनियों के लिए मानवीय सहायता ले जा रहा था, जिसमें मुख्य रूप से खाद्य सामग्री और दवाइयां शामिल हैं।

### गाजा पट्टी में गोलीबारी 57 फिलिस्तीनी मारे गए

गाजा पट्टी में इजराइली हमले में 57 फिलिस्तीनी मारे गए। इजराइल ने यह हमला ऐसे वक्त किया है जब हमास ने युद्ध को समाप्त कराने के अमेरिकी राष्ट्रपति के प्रस्ताव पर फिलहाल कोई निर्णय नहीं लिया है। ट्रंप की योजना के तहत हमास को सभी बंधकों को वापस करना होगा और लड़ाई समाप्त करने के बदले में सत्ता छोड़नी होगी।

### लॉस एंजिलिस के पास शेवरॉन रिफाइनरी में लगी भीषण आग



**एल सेगुंडो।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस के पास स्थित शेवरॉन तेल रिफाइनरी में बृहस्पतिवार की रात भीषण आग लग गई, जिससे ऊंची लपटें उठीं जो मीलों दूर से भी दिखायी दे रही थीं। कैलिफोर्निया के एल सेगुंडो में अधिकारियों ने लोगों से घर के अंदर रहने का आग्रह किया।

कंपनी ने देर रात एक बयान में कहा था कि शेवरॉन एल सेगुंडो रिफाइनरी में लगी आग से कोई जनहानि नहीं हुई है। उसने बताया कि निगरानी प्रणाली से पता चला है कि आग रिफाइनरी परिसर से बाहर नहीं फैली। हालांकि, बयान में आग लगने की वजह नहीं बतायी गयी। एल सेगुंडो पुलिस और दमकल विभागों ने भी तुरंत इस पर कोई टिप्पणी नहीं की।

## पुतिन की ट्रंप को चेतावनी यूक्रेन को क्रूज मिसाइलें दीं तो बिगड़ जाएंगे रूस से संबंध

मॉस्को, एजेंसी



- कहा- मिसाइलें देकर भी नहीं बदल पाएंगे शक्ति संतुलन

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि यूक्रेन को लंबी दूरी की मिसाइलें उपलब्ध कराने से युद्धक्षेत्र की स्थिति में कोई बदलाव नहीं आएगा लेकिन इससे मॉस्को और वाशिंगटन के बीच संबंधों को गंभीर नुकसान पहुंचेगा।

पुतिन ने सोची में काला सागर रिसॉर्ट में विदेश नीति के अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के एक मंच पर कहा कि कीव को अमेरिकी टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों की संभावित आपूर्ति नए स्तर के टकराव का संकेत होगी, जिसमें रूस और अमेरिका के बीच के संबंध भी शामिल हैं। रूसी नेता ने कहा कि अगर टॉमहॉक मिसाइलें यूक्रेन को दी जाती हैं तो भले ही वे रूस को नुकसान पहुंचाएंगी, लेकिन रूसी हवाई रक्षा प्रणाली नए खतरे का जल्द ही मुकाबला कर लेगी। उन्होंने कहा, यह निश्चित रूप से युद्धक्षेत्र में शक्ति संतुलन को नहीं बदलेगा।

उन्होंने कहा कि रूसी सेना लगातार यूक्रेन के खिलाफ बढ़त बना रही है। जब उनसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूस को 'कागजी शेर' कहे जाने के बारे में पूछा गया क्योंकि वह तीन साल से ज्यादा वक्त से जारी युद्ध के बाद भी यूक्रेन को पराजित नहीं कर सकता तो पुतिन ने तर्क दिया कि रूस का सामना केवल यूक्रेन से नहीं, बल्कि पूरे नाटो गठबंधन से है। इसके साथ ही पुतिन ने अलास्का में ट्रंप के साथ हुई शिखर बैठक की सराहना की और परमाणु संधि के विस्तार का प्रस्ताव दोहराया। उन्होंने कहा, यह अच्छा था कि हमने यूक्रेनी संकट को सुलझाने के संभावित रास्ते खोजने और तलाशने का प्रयास किया।

## सारा 105 पुरुषों के बाद कैंटरबरी की पहली महिला आर्कबिशप

लंदन, एजेंसी



- दुनिया के 8.5 करोड़ एंग्लिकनों का करेंगी नेतृत्व, कई चुनौती भी

लंदन की बिशप सारा मौलली को शुक्रवार को कैंटरबरी का आर्कबिशप नियुक्त किया गया। यह पहली बार है जब किसी महिला को 'चर्च ऑफ इंग्लैंड' का आध्यात्मिक नेता चुना गया है।

मौलली को महिलाओं और एलजीबीटीक्यू लोगों के साथ व्यवहार को लेकर चर्च के भीतर मौजूद मतभेदों का सामना करना पड़ेगा। साथ ही, उन्हें इस चिंता का भी समाधान करना होगा कि चर्च के नेता पिछले एक दशक से चर्च की परेशानी का सबब बने यौन शोषण घोटालों को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा पाए हैं। वह 105 पुरुषों के बाद दुनिया भर में 8.5 करोड़ एंग्लिकनों का नेतृत्व करने वाली पहली महिला बन गई हैं। वह पूर्व आर्कबिशप जस्टिन वेल्बी का स्थान लेंगी, जिन्होंने पिछले वर्ष नवंबर में इस्तीफे की घोषणा की थी, क्योंकि एक स्वतंत्र जांच में पाया गया था कि ईसाई ग्रीष्मकालीन शिविरों में एक स्वयंसेवक द्वारा शारीरिक और यौन दुर्व्यवहार के बारे में पता चलने पर भी उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी थी।

## संदिग्ध ड्रोन मंडराने के बाद अस्थाई रूप से बंद किया गया म्यूनिख का हवाई अड्डा

म्यूनिख, एजेंसी



- यूरोपीय अधिकारियों ने रूस का हाथ होने की जताई आशंका

म्यूनिख हवाई अड्डे के आसपास संदिग्ध ड्रोन मंडराने के बाद उसे बृहस्पतिवार देर रात अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के हवाई क्षेत्र में यह नवीनतम रहस्यमय ड्रोन उड़ान है। हालांकि इस बारे में अभी कोई स्पष्ट सुराग नहीं मिल सका है। अधिकारियों ने रूस का हाथ होने की आशंका जताई है।

हवाई अड्डा संचालकों ने एक बयान में कहा कि जर्मनी के हवाई यातायात नियंत्रण ने रात 10 बजे के बाद हवाई अड्डे पर उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया और फिर उन्हें पूरी तरह से रोक दिया। 17 उड़ानें रवाना नहीं हो सकीं, जिससे लगभग 3,000 यात्री प्रभावित हुए, जबकि 15 आने वाली उड़ानों को जर्मनी के तीन अन्य हवाई अड्डों तथा ऑस्ट्रिया के वियना के एक हवाई अड्डे पर भेज दिया गया।

म्यूनिख हवाई अड्डे पर जर्मनी की संघीय पुलिस के प्रवक्ता स्टीफन बायर ने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह पांच बजे हवाई अड्डे से उड़ानों का परिचालन फिर शुरू हो गया। अधिकारी तत्काल इस बारे में कोई जानकारी नहीं दे पाए कि इस तरह की घटनाओं के पीछे किसका हाथ है। बायर ने बताया कि हवाईपट्टी बंद होने के बाद संघीय पुलिस ने ड्रोन का पता लगाने के लिए हेलीकॉप्टर और अन्य साधन तैनात किए, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। जर्मन समाचार एजेंसी 'डीपीए' की खबर के अनुसार, फंसे हुए सैकड़ों यात्रियों ने टर्मिनल में रखी गई कुर्सियों पर रात बिताई या उन्हें होटलों में ले जाया गया और उन्हें कंबल तथा खाने-पीने के सामान वितरित किए गए।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 अक्टूबर, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, द्वादशी तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व, ऋतु- शरद।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल- भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- धनिष्ठा तत्पश्चात शतभिषा।

**मेष** — आज घर का वातावरण बहुत ही शांत रहेगा। छात्र अपनी पढ़ाई पर अत्यधिक ध्यान देंगे। बच्चों से शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। समय पर सारे कार्य पूर्ण हो जायेंगे। व्यापार में बड़े अनुबंध और ऑर्डर मिलने की प्रबल संभावना है।

**वृष** — आज भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। स्वभाव में चंचलता का भाव रहेगा। कारोबार में बढ़ोत्तरी होने के योग बन रहे हैं। शुभ कार्यों में अत्यधिक धन खर्च कर सकते हैं। कला की ओर आप आकर्षित रहेंगे। रुके हुए कार्य पुन: प्रारम्भ होंगे।

**मिथुन** — आज जीवनसाथी के साथ बेहतरीन पलों का आनंद उठायेंगे। बॉस आपके प्रमोशन को लेकर चर्चा कर सकते हैं। जॉब में अचानक स्थानांतरण होने की संभावना बन रही है। ऑफिस के माहौल में थोड़ी कड़वाहट हो सकती है।

**कर्क** — आज सहकर्मियों के साथ व्यवहार खराब न करें। किसी पारिवारिक सदस्य से झगड़ा हो सकता है। अनैतिक कार्यों से धन कमाने का प्रयास न करें। बातचीत के दौरान सही शब्दों का चयन करें। धार्मिक यात्रा में कठिनाई हो सकती है।

**सिंह** — आज जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। मेहनत का लाभ मिलने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अधिकारियों के साथ संबंध अच्छे रखें। येन-केन प्रकारेण अपना काम बना ही लेंगे। शाम के समय कुछ परेशान रहेंगे। पूरी एकाग्रता से साथ सभी काम करें।

**कन्या** — आज कारोबार में बड़े समझौते कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। एकांत में आपको समय अवश्य बिताना चाहिए। पिता के कार्यों में आप सहयोग देंगे। पिछले काफी समय से जिस कार्य में फंसे थे, वह आज पूर्ण हो सकता है।

**तुला** — आज ऑफिस का वातावरण बहुत ही शांत और सहयोगात्मक रहेगा। किसी दूसरे व्यक्ति की सलाह को अधिक महत्व न दें। लेकिन लोग आपकी सलाह से लाभान्वित होंगे। व्यवसाय में आपको मैनेजमेंट दुरुस्त करना होगा। ऑनलाइन शॉपिंग में छूट मिल सकती है।

**वृश्चिक** — आज वैवाहिक संबंधों में अनबन हो सकती है। काम को लेकर यात्रा करनी पड़ सकती है। मन में उलझनों का अंबार रहेगा। क्रोध में आकर प्रतिक्रिया देने से बचें। परिजनों के साथ डिनर पर जा सकते हैं। तकनीक शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को पढ़ाई में परेशानी होगी।

**धनु** — आज आप नए कार्यों में अत्यधिक रुचि ले सकते हैं। सरकारी अधिकारियों को प्रमोशन मिल सकता है। बेरोजगार लोग यदि प्रयास करें तो जॉब मिल सकती है। वैवाहिक जीवन में आपसी सामंजस्य बढ़ेगा। परिवार में एकता का वातावरण रहेगा।

**मकर** — आज सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को थोड़ी परेशानी होगी। गैस और कब्जियत की शिकायत हो सकती है। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। उपलब्धियों पर अधिक अहंकार न करें। महिलाओं को शॉपिंग करते समय सावधानी रखनी चाहिए।

**कुंभ** — आज आपके काम की सर्वत्र प्रशंसा होगी। व्यवहार में नरमी और सौम्यता का भाव रखें। व्यापार की परेशानियों का निवारण होगा। अनुभवी लोगों से आपको मार्गदर्शन मिलेगा। प्रियजनों के साथ मौज-मस्ती भरा समय बितायेंगे।

**मीन** — आज आपको किसी से झूठ नहीं बोलना चाहिए। पैरों में सूजन और दर्द की शिकायत हो सकती है। छोटी-मोटी बातों को नजरअंदाज न करें। अपनी गलतियों पर पर्दा न डालें। कोर्ट-कचहरी के मामलों में थोड़ी परेशानी होगी। घरेलू सामान की खरीदारी कर सकते हैं।

## सुडोकू -119

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 2 | | | 4 | | |
| | 7 | | | 1 | 6 | | | 5 |
| | | | 5 | | | | | 3 |
| | | 5 | | | | 9 | | |
| | 3 | 7 | | | | 2 | 4 | |
| 1 | | 4 | | | | 6 | | |
| 7 | | | 3 | | 5 | | 9 | |
| 2 | | | 1 | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | | | 9 | | 8 | |

### सुडोकू - 118 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 4 | 7 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 |
| 6 | 5 | 2 | 1 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 |
| 9 | 7 | 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 3 | 2 |
| 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 1 | 8 | 2 | 9 |
| 8 | 3 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 6 | 5 |
| 1 | 2 | 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 4 | 3 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 | 5 | 6 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 |



> अब हर प्रतियोगिता वर्ष 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक की मेरी तैयारी का हिस्सा है। आगामी राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल उस यात्रा में महत्वपूर्ण पड़ाव होंगे।
>
> –मीराबाई चानू



## हाईलाइट

### पुरुष एकल खिताब के लिए भिड़ेंगे मनीष व कीर्तिवासन

**नई दिल्ली :** मनीष सुरेशकुमार और कीर्तिवासन सुरेश शुक्रवार को फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल जीतने के बाद पुरुष एकल फाइनल में आमने-सामने होंगे जबकि महिला वर्ग का फाइनल वैष्णवी अडकर और आकांक्षा निटुरे के बीच होगा। तमिलनाडु के मनीष ने सेमीफाइनल में चौथे वरीय इशाक इकबाल को 1-6, 6-1, 6-1 से मात दी जबकि कीर्तिवासन ने चार घंटे 10 मिनट तक चले मैराथन सेमीफाइनल में मैडविन कामथ को 7-6(3), 3-6, 6-4 से हराया। महिला एकल में महाराष्ट्र की शीर्ष वरीय वैष्णवी ने अंतिम चार मुकाबले में कर्नाटक की चौथी वरीयता प्राप्त सोहा सादिक को 6-1, 6-0 से पराजित किया। दूसरे सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त आकांक्षा ने मणिपुर की जेनिफर लुईखम पर 3-6, 6-2, 6-1 से जीत दर्ज की।

### रेलवे और इंडियन ऑयल के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

**नई दिल्ली :** सीनियर महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय हाकी चैंपियनशिप के फाइनल में रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बीच खिताबी भिड़ंत होगी आज यहां शिवाजी स्टेडियम में पांचवीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 के पहले सेमीफाइनल मैच में, रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड ने भारतीय खेल प्राधिकरण को 3-1 से हराया। रेलवे के लिए लालरेम्सियामी ने (सातवें), नवनीत कौर ने (39वें) मिनट और वंदना कटारिया ने (50वें) मिनट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक-एक गोल दागकर अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाया।

### फीफा ने विश्व कप आधिकारिक मैच बॉल का किया अनावरण

**मास्को :** अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) ने विश्वकप 2026 के लिए 'अगले साल के मेजबान देशों की एकता और जुनून' दर्शाने वाले मैच बॉल का आधिकारिक अनावरण किया। इस अवसर फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि फीफा विश्व कप 2026 के लिए आधिकारिक मैच बॉल आ गई है और यह बेहद खूबसूरत है। मुझे ट्रायोंडा को प्रस्तुत करते हुए खुशी और गर्व हो रहा है। एडिडास ने एक और प्रतिष्ठित फीफा विश्व कप बॉल बनाई है, जिसका डिजाइन अगले साल के मेजबान देशों कनाडा, मेक्सिको और अमेरिका की एकता और जुनून को दर्शाता है। इन्फेंटिनो ने कहा कि आगामी टूर्नामेंट 'अब तक का सबसे शानदार फीफा विश्व कप' होगा।

### कीनिया व जापान के कोच को आवारा कुत्तों ने काटा

**नई दिल्ली :** विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान शुक्रवार को अलग अलग घटनाओं में कीनियाई कोच डेनिस माराजिया व जापान की कोच मेइको ओकुमत्स को आवारा कुत्तों ने काट लिया। हालांकि करीबी अस्पताल में इलाज के बाद दोनों कोच खतरे से बाहर हैं। बताया गया कि दोनों कोच जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में प्रतिस्पर्धा परिसर में खिलाड़ियों के साथ थे। जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में दो कॉल रूम हैं और मुख्य प्रतिस्पर्धा परिसर से कुछ मीटर की दूरी पर हैं। आयोजकों ने बताया कि दोनों प्रशिक्षकों को तुरंत चिकित्सा सहायता दी गई और उन्हें सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया।



नार्वे : विश्व वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली स्टार भारतीय वेटलिफ्टर मीराबाई चानू।

# मीराबाई चानू ने विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता

**फोर्डे (नॉर्वे), एजेंसी।**

स्टार भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने यहां विश्व चैंपियनशिप में 48 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता। इसके साथ ही इस प्रतिष्ठित स्पर्धा में उनका शानदार रिकॉर्ड और मजबूत हो गया, जहां वह पहले भी दो बार पदक जीत चुकी हैं। चानू 2017 की विश्व चैंपियन और 2022 की रजत पदक विजेता हैं, उन्होंने कुल 199 किग्रा (स्नैच में 84 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 115 किग्रा) वजन उठाया। क्लीन एंड जर्क में पूर्व विश्व रिकॉर्ड धारक चानू ने 109 किग्रा, 112 किग्रा और 115 किग्रा भार आसानी से उठाया। पिछली बार उन्होंने 2021 में तोक्यो ओलंपिक में 115 किग्रा भार उठाया था, जहां उन्होंने रजत पदक जीता था।

चानू ने कहा कि मैं पोडियम पर जगह पाकर खुश हूं। अगस्त में राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में मेरे पिछले प्रदर्शन के बाद इससे मुझे आने वाले वर्ष के लिए बहुत आत्मविश्वास मिला है। अब हर प्रतियोगिता 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक की मेरी तैयारी का हिस्सा है। आगामी राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल उस यात्रा में महत्वपूर्ण पड़ाव होंगे। मेरा ध्यान कड़ी मेहनत करने, हर प्रतियोगिता से सीखने और देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर है।

मुख्य कोच विजय शर्मा ने कहा कि विश्व चैंपियनशिप में चानू का पोडियम पर पहुंचना उनकी निरंतरता और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह उनके करियर के एक बेहद अहम दौर की शुरुआत है क्योंकि अगले साल होने वाले राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल लॉस एंजिलिस ओलंपिक से पहले उनके लिए अहम परीक्षा होंगे। अब ध्यान उनकी तकनीक को निखारने, उनकी ताकत बढ़ाने और यह सुनिश्चित करने पर है कि वह सही समय पर अपने प्रदर्शन के चरम पर पहुंचें। उत्तर कोरिया की री सोंग गम ने 213 किग्रा वजन (91 किग्रा और 122 किग्रा) ने कुल भार और क्लीन एवं जर्क के अपने आखिरी दो प्रयास में 120 और 122 किग्रा वजन उठाकर विश्व रिकॉर्ड कायम किया। थाईलैंड की थान्याथॉन सुकचारोन ने 198 किग्रा वजन (88 किग्रा और 110 किग्रा) उठाकर कांस्य पदक जीता।

# जुरेल, जडेजा व राहुल ने जड़ा शतक भारत ने वेस्टइंडीज पर कसा शिकंजा

## टीम इंडिया ने पहली पारी में पांच विकेट पर 448 रन का खड़ा किया स्कोर

**अहमदाबाद, एजेंसी।**

विकेटकीपर ध्रुव जुरेल (125), हरफनमौला रविंद्र जडेजा (नाबाद 104) और सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल (100) की शतकीय पारियों से भारत ने दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 448 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। वेस्टइंडीज की पहली पारी 162 रन पर सिमटी थी। भारत ने पांच विकेट शेष रहते 286 रन की बढ़त के साथ मैच पर अपना शिकंजा कस दिया। पिच पर गेंदबाजों के पैर वाले निशान से स्पिनरों को मिल रहे असामान्य उछाल को देखते हुए वेस्टइंडीज के लिए अब पारी की हार को टालना भी मुश्किल होगा।

दिन का खेल खत्म होते समय जडेजा के साथ वाशिंगटन सुंदर (नौ रन) क्रीज पर मौजूद थे। जुरेल ने भारतीय पारी के 116वें ओवर में वेस्टइंडीज के कप्तान रोस्टन चेज के खिलाफ चौके के साथ 190 गेंद में टेस्ट करियर का अपना पहला शतक पूरा किया तो वहीं शानदार लय में चल रहे जडेजा ने इसके 10 ओवर बाद वारिकन के खिलाफ एक रन चुरा कर 168 गेंद में अपना छठा टेस्ट शतक पूरा किया। इस मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ प्रथम श्रेणी मुकाबले में 140 रन बनाने वाले जुरेल ने 210 गेंद की पारी में 15 चौके और तीन छक्के जड़े। जडेजा ने थोड़ी तेजी से बल्लेबाजी करते हुए अब तक 176 गेंद की पारी छह चौके और पांच बड़े छक्के लगा चुके हैं। दोनों ने दिन के दूसरे और तीसरे सत्र में पूरी तरह से हावी होते हुए


अहमदाबाद : नरेंद्र मोदी स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ जोरदार बल्लेबाजी के बाद कुछ यूं दिखे रविंद्र जडेजा।

पांचवें विकेट के लिए 206 रन की साझेदारी कर मैच में वेस्टइंडीज के लिए वापसी के रास्ते को लगभग बंद कर दिया। जुरेल ने शतक पूरा करने के बाद आक्रामक रूख अपनाया। वह खारे पियरे की गेंद पर विकेटकीपर शाई होप को कैच देकर आउट हुए। पियरे के टेस्ट करियर का यह पहला विकेट है। इससे पहले कप्तान शुभमन गिल (100 गेंदों पर 50 रन) और लोकेश राहुल (197 गेंदों पर 100 रन) व्यक्तिगत उपलब्धियां हासिल करने के तुरंत बाद आउट हो गए।

राहुल ने घरेलू सरजमीं पर नौ साल के सूखे को खत्म करते हुए अपना दूसरा और करियर का 11वां टेस्ट शतक जड़ा। राहुल ने 197 गेंद की पारी में 12 चौके जड़े है। घरेलू सरजमीं पर राहुल ने इससे पहले 2016 अपना पहला शतक जड़ा था। उन्होंने तब इंग्लैंड के खिलाफ 199 रन की पारी खेली थी। दूसरे सत्र के शुरुआती ओवर में ही राहुल के आउट होने के बाद जुरेल ने भारतीय पारी का पहला छक्का लगाया। इसके कुछ देर के बाद जडेजा ने जोमेल वारिकन के खिलाफ दो छक्के जड़े अपने तेवर दिखाये। वारिकन ने गेंदबाजों के पैर से बने पिच के खुरदुरे हिस्से पर गेंद को टप्पा खिलाकर बल्लेबाजों को परेशान करने की रणनीति अपनाई लेकिन इस जोड़ी ने कदमों के इस्तेमाल के साथ उनकी योजना को कारगर नहीं होने दिया। दोनों ने बड़ा शॉट खेलने का कोई भी मौका जाया नहीं किया। इस दौरान गेंद को क्षेत्ररक्षकों से दूर रख कर रन भी चुराते रहे। भारतीय टीम ने दिन की शुरुआत दो विकेट 121 रन से की। राहुल ने कप्तान गिल के साथ तीसरे विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी कर भारत को बढ़त दिला दी। शानदार लय में चल रहे गिल अर्धशतक पूरा करने के बा चेज की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। राहुल ने एकाग्रता के साथ बल्लेबाजी की और दिन की शुरुआत में उन्हें भाग्य का भी साथ मिला जब सील्स की गेंद विकेटकीपर और पहली स्लिप के बीच से निकल गयी।

राहुल और गिल ने इसके बाद कोई गलती किये बिना आसानी से रन बनाये। दोनों ने अच्छी गेंदों को रक्षात्मक खेल के साथ सम्मान दिया तो वहीं लचर गेंदों के खिलाफ रन बनाये। भारतीय पारी के 46वें ओवर में जस्टिन ग्रीव्स के खिलाफ दोनों ने चौके जड़ टीम के स्कोर को 150 रन के पार पहुंचा दिया।

**वेस्टइंडीज**

| | |
|---|---|
| पहली पारी : | 162 रन |

**भारत**

| पहली पारी | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का होप बो सील्स | 36 |
| लोकेश राहुल का ग्रीव्स बो वारिकन | 100 |
| साई सुदर्शन पगबाधा चेज | 07 |
| शुभमन गिल का ग्रीव्स बो चेज | 50 |
| ध्रुव जुरेल का होप बो पियरे | 125 |
| रविंद्र जडेजा खेल रहे हैं | 104 |
| वाशिंगटन सुंदर खेल रहे हैं | 09 |
| अतिरिक्त : | 17 |

- **कुल योग :** 128 ओवर में पांच विकेट पर : 448 रन विकेट पतन : 1-68, 2-90, 3-188, 4-218, 5-424।
- **गेंदबाजी :** सील्स 19-2-53-1, लायने 15-0-38-0, ग्रीव्स 12-4-59-0, वारिकन 29-5-102-1, पियरे 29-1-91-1, चेज 24-3-90-2।


गुवाहाटी के एसीए, बरसपारा स्टेडियम में इंग्लैंड की बल्लेबाज एमी जोंस को जीत की बधाई देती दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेटर।

# इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से रौंदा

**गुवाहाटी, एजेंसी।**

लिंसे स्मिथ की अगुआई में अपने स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंग्लैंड ने शुक्रवार को यहां आईसीसी महिला वनडे विश्व कप मैच में दक्षिण अफ्रीका को दस विकेट से हराकर अपने अभियान की जबर्दस्त शुरूआत की। इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 69 रन पर आउट करके ही परिणाम लगभग तय कर दिया था। स्मिथ ने सात रन देकर तीन विकेट लिये। यह दक्षिण अफ्रीका का महिला विश्व कप इतिहास में दूसरा न्यूनतम स्कोर था। जवाब में इंग्लैंड ने 14 . 1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया । सलामी बल्लेबाज एमी जोंस ने 40 और टैमी ब्यूमोंट ने 21 रन का योगदान दिया । इससे पहले इंग्लैंड के लिए स्मिथ के अलावा कप्तान नेट स्किवर ब्रंट (पांच रन देकर दो विकेट), सोफी एक्लेस्टोन (19 रन देकर दो विकेट) और चार्ली डीन (14 रन देकर दो विकेट) ने दो दो विकेट झटके। दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 20.4 ओवर में ढेर हो गई, उसके लिए विकेटकीपर बल्लेबाज सिनाओ जाफ्टा (22 रन) ही दोहरे अंक के स्कोर तक पहुंच सकीं।

पिच से गेंदबाजों को मदद मिल रही थी और टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला करने वाली इंग्लैंड ने दूसरे ओवर में ही स्मिथ को गेंद थमा दी जिसका फल उसे तुरंत ही मिल गया। स्मिथ ने दूसरे ओवर की दूसरी ही गेंद पर एक आसान रिटर्न कैच लपककर दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ट को आउट कर दिया। फिर स्मिथ ने चौथे ओवर में टैजमिन ब्रिट्स को और छठे ओवर में अनुभवी मारिजाने काप को बोल्ड कर दिया। तेज गेंदबाज लॉरेन बेल ने सुने लुस का विकेट झटका जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम छह ओवरों में 19 रन पर चार विकेट गंवाकर मुश्किल में थी और इन झटकों से टीम उबर ही नहीं सकी। मजबूत बल्लेबाजों के लगातार आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका के मध्यक्रम पर काफी दबाव आ गया था।

# तिलक के 94 रन, भारत 246 पर सिमटा

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार:** भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच ग्रीनपार्क में दूसरे एक दिवसीय डे-नाइट मैच में शुक्रवार को एशिया कप के फाइनल मैच में जीत दिलाने वाले तिलक वर्मा का जादू चला। खराब शुरुआत के बाद तिलक वर्मा ने न सिर्फ टीम को संभाला बल्कि एक सम्मानजनक स्कोर ऑस्ट्रेलिया के सामने रखा। रियान पराग के साथ मिलकर तिलक वर्मा ने स्टेडियम के चारों और चौके-छक्के लगाए जिससे मैदान में रोमांच आ गया। तिलक वर्मा महज 6 रन से अपने शतक से चूक गए। तिलक वर्मा ने 94 तो रियान पराग ने 58 रनों की पारी खेली। भारत ए की पूरी टीम 45.5 ओवरों में 246 रनों पर आलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया की पारी में तेज बारिश ने खलल डाला।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारत की शुरुआत खराब रही। टीम के तीन बड़े विकेट महज 17 रनों पर गिर गए। पहले एशिया कप के शानदार परफॉर्मर अभिषेक शर्मा, फिर प्रभसिमरन उसके कप्तान श्रेयश अय्यर एक के बाद एक आउट होकर पवेलियन लौट गए। अभिषेक शर्मा बिना खाता खोते पवेलियन लौट गए। जैक एडवर्ड ने उन्हें कैच आउट कराया। इसके बाद प्रभसिमरन सिंह (1) भी तीसरे ओवर की दूसरे गेंद पर कैच आउट हो गए। विल सदरलैंड ने उन्हें चलता किया। महज 6 रन पर दो विकेट भारत के गिर गए। क्रीज पर आते ही तिलक वर्मा ने एक चौका लगाया, साथ ही श्रेयस अय्यर ने भी दो बाउंड्री लगाकर टीम के ऊपर बने प्रेशर को कम करने का प्रयास किया।

# मिडलटन ने याओ जुआन को हरा जीता स्वर्ण

**विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप**

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

अमेरिका की किशोरी एरेल मिडलटन ने शुक्रवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जारी इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की शॉटपुट एफ64 स्पर्धा में अनुभवी चीनी स्टार याओ जुआन को हराकर स्वर्ण पदक जीता। एरेल मिडलटन की जीत ने अमेरिका को अधिक रजत पदकों के साथ तालिका में भारत से आगे निकलने में मदद की। वह चार स्वर्ण, छह रजत और छह कांस्य पदकों के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गया, जबकि भारत के चार स्वर्ण, पांच रजत और दो कांस्य पदक हैं और वह आठवें स्थान पर खिसक गया है। भारत की पांचवें स्वर्ण पदक की उम्मीदें सिमरन पर टिकी हैं, जिन्होंने सेमीफ़ाइनल में 12.08 सेकंड के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ महिलाओं की 100 मीटर टी12 फाइनल में आसानी से प्रवेश किया। उमर सैफी को अपना मार्गदर्शक बनाकर दौड़ते हुए, उन्होंने अपनी ऊर्जा को सही दिशा में निर्देशित किया।



नई दिल्ली : जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शाटपुट इवेंट की स्वर्ण विजेता पोलैंड की फ़ॉस्टीना, रजत विजेता फ्रांस की अलेक्जेंड्रा व कांस्य पदक विजेता अमेरिका की एलिसिया।

## इस वर्ष की उपलब्धि

**भारत के बल्लेबाज केएल राहुल, ध्रुव जुरेल और रवींद्र जडेजा ने एक ही पारी में जड़े शतक**

# तीसरी बार तीन बल्लेबाजों ने एक ही पारी में बनाए शतक

**अहमदाबाद, एजेंसी।**

नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शुक्रवार को भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारत ने एक नई उपलब्धि उस समय हासिल की जब उसके तीन बल्लेबाजों 'केएल राहुल, ध्रुव जुरेल और रवींद्र जडेजा ने एक ही पारी में शतक जड़े। इस वर्ष में तीसरी बार है जब भारतीय बल्लेबाजों ने यह कारनाम किया है।

घरेलू धरती पर वर्षों की निराशा के बाद राहुल को आखिरकार राहत मिली। 64.5वें ओवर में जब उन्होंने रोस्टन चेज की गेंद पर झुककर उसे मिड-विकेट के ऊपर से खेला और राहत और खुशी के मिश्रण के साथ अपना बल्ला उठाया। यह उनका 11वां टेस्ट शतक था, लेकिन घरेलू मैदान पर उनका केवल दूसरा शतक था - पिछला शतक 2016 में लगा था। हेलमेट उतारकर, बैज चूमकर, राहुल के जश्न ने लगभग एक दशक के इंतजार के बाद बोझ हल्का होने का संकेत दिया। उसके बाद ध्रुव जुरेल का शतक के शतक ने भारत को दूसरी खुशी दी।

इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ मैच में चूकने के बाद, इस युवा विकेटकीपर को आखिरकार अपना पल मिल ही गया। भारत के लिए, यह इस साल किसी नामित विकेटकीपर द्वारा लगाया गया तीसरा शतक भी था।



वेस्टइंडीज के खिलाफ शतक बनाने के बाद कुछ इस अंदाज में दिखे ध्रुव जुरेल, केएल राहुल, और रवींद्र जडेजा।

# पाटीदार की कोशिश बेकार, विदर्भ ने 224 रन की बढ़त से शिकंजा कसा

**नागपुर, एजेंसी।**

**ईरानी ट्रॉफी**

रणजी ट्रॉफी चैंपियन विदर्भ ने शुक्रवार को यहां शेष भारत के खिलाफ ईरानी ट्रॉफी मुकाबले के तीसरे दिन मजबूत बल्लेबाजी की बदौलत अपनी कुल बढ़त 224 रन की करके मैच पर शिकंजा कस दिया। पहली पारी में 342 रन बनाने के बाद विदर्भ ने शेष भारत को पहली पारी में 69.5 ओवर में महज 214 रन पर ढेर कर 128 रन की अहम बढ़त हासिल की।

विदर्भ ने तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में दो विकेट पर 96 रन बना लिए हैं जिससे उसकी कुल बढ़त 224 रन की हो गई और मैच में अभी पूरे दो दिन बाकी हैं। तेज गेंदबाज यश ठाकुर ने विदर्भ की गेंदबाजी की अगुआई करते हुए 66 रन देकर चार विकेट चटकाए। बाएं हाथ के स्पिनर पार्थ रेखाड़े (14 रन देकर दो विकेट) और ऑलराउंडर हर्ष दुबे (58 रन देकर दो विकेट) ने उनका अच्छा साथ दिया जबकि आदित्य ठाकरे और दर्शन नालकांडे को एक-एक विकेट मिला।

शेष भारत ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 142 रन से की और तब वह 200 रन से पीछे था। कप्तान रजत पाटीदार पर उम्मीदें टिकीं थीं। लेकिन विदर्भ ने पहली ही गेंद पर मानव सुतार को पगबाधा आउट कर दिया। रात के 42 रन से आगे खेल रहे पाटीदार हालांकि डटे रहे और अर्धशतक पूरा किया जबकि दूसरे छोर पर विकेट गिरते रहे। ठाकुर ने सारांश जैन (10) को आउट किया। ठाकुर ने पुरानी गेंद बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 16.5 ओवर में 66 रन देकर चार विकेट लिए। बंगाल के तेज गेंदबाज आकाश दीप ने 10 गेंद में तीन चौके लगाकर तेजी से खेलने की कोशिश की। लेकिन ठाकुर की शॉर्ट पिच गेंद ने उनकी पारी समाप्त की। दूसरे छोर पर विकेट गिरते रहे और पाटीदार अंत में 66 रन (125 गेंद, 10 चौके) बनाकर आउट हो गए। तब टीम का स्कोर नौ विकेट पर 191 रन हो गया। गुरनूर बरार (13) का आखिरी विकेट भी ठाकुर ने झटका जो उनका चौथा शिकार बने। पाटीदार के अलावा सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन ने 52 रन की पारी खेली। यश ढुल (11), रुतुराज गायकवाड़ (नौ रन), ईशान किशन (एक रन) ने सबसे ज्यादा निराश किया।